

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 349 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 09 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# खत्म हो जाएगा इजरायल के साथ सऊदी का समझौता ? हमास के हमले और ईरान के समर्थन ने बिगाड़ा समीकरण

वॉशिंगटन. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शीर्ष सैन्य सलाहकार ने कहा है कि तेहरान इजरायल के खिलाफ हमास के हमलों का समर्थन करता है और "फिलिस्तीन और यरूशलेम की मुक्ति तक" इस्लामी लड़ाकों का समर्थन जारी रहेगा. पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के पूर्व कमांडर या'ा रहीम सफवी की टिप्पणी से यह संदेह पैदा होगा कि तेहरान ने सुनियोजित हमलों में अपने पारंपरिक सहयोगी हमास का समर्थन करने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई है.

पोलिटिको ने बताया, रहीम सफवी और अन्य वरिष्ठ ईरानी नीति निमार्ताओं के हस्तक्षेप को ईरान के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी





सऊदी अरब द्वारा एक धमकी भरे संकेत के रूप में देखा जाएगा कि तेहरान रियाद को इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने से रोकने के लिए क्षेत्रीय संघर्ष को भड़काने के लिए तैयार है, जैसा कि अमेरिका चाहता है. हाल के हफ्तों में, ईरान के नेताओं ने इजरायल और सऊदी अरब के बीच अमेरिका समर्थित प्रस्तावित समझौते का विरोध किया है। खामेनेई ने 3 अक्टूबर को कहा था कि इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का लक्ष्य रखने वाले देश एक बड़ा जोखिम उठा रहे हैं.

ईरान से जुड़ा एक अन्य आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह भी हमास की हिंसा को सऊदी मेल-मिलाप से जोड़ता हुआ दिखाई दिया. उसने एक बयान में कहा कि यह हमला "इजरायल के निरंतर कब्जे के लिए एक निर्णायक प्रतिक्रिया और इजरायल के साथ सामान्यीकरण चाहने वालों के लिए एक संदेश है."

हमले की शुरूआत, इजरायल और हमास के बीच 2021 में 10-दिवसीय लड़ाई के बाद यह सबसे बड़ा संघर्ष है. पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, **"यह पृथ्वी पर आखिरी कब्जे को समाप्त करने के लिए सबसे बड़ी लड़ाई है."** उन्होंने कहा कि इजरायल पर 5,000 रॉकेट दागे गए.

मध्य पूर्व संस्थान के एक अनिवासी विद्वान जेसन ब्रोडस्की के अनुसार, सितंबर में हमास और ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कमांडरों के बीच लेबनान में बैठकें हुईं. पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, "इजरायल पर हुए इस हमले के संगठन के बारे में कुछ सुराग मिलते हैं."

पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज के शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोनाथन शेंजर ने कहा, "मेरा मानना है कि इसके पीछे ईरान का हाथ पाया जाएगा."

## काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों को मिलेगा कॉलेज प्रवक्ता के बराबर वेतन, पदोन्नति के साथ छुट्टी भी

### काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने पुजारी और सेवादारों के लिए बनाई नई नियमावली प्रस्ताव भेजा शासन को

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने पुजारी, कर्मचारी और सेवादारों की नियुक्ति की नई सेवा नियमावली तैयार कर ली है। 40



साल बाद बनी सेवा नियमावली देश भर के देवस्थान, मंदिर और ट्रस्ट के लिए नजीर होगी। न्यास ने नियमावली तैयार करके परीक्षण के लिए मंडलायुक्त के पास भेज दिया है। सेवा नियमावली में समय-समय पर कर्मचारियों के पदोन्नति का भी प्रस्ताव दिया गया है। पुजारी, कर्मचारी और सेवादारों को छुट्टियां भी मिल सकेंगी।

राज्य कर्मियों की तरह अर्चकों को ग्रेड व मैट्रिक्स दिया जाएगा। नई नियमावली में 16 सदस्यीय कमेटी ने पुजारियों को इंटर कॉलेज के प्रवक्ता के वेतनमान के समान वेतन देने की संस्तुति की है। मंदिर में नियुक्त होने वाले कर्मचारी और सेवादारों के लिए भी नियमावली का मसौदा तैयार किया गया है। समिति के प्रमुख सदस्यों में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश मिश्रा, प्रो. चंद्रमौलि उपाध्याय, प्रो. ब्रजभूषण ओझा शामिल हैं।

## पंजाब के मुद्दों पर बहस के लिए मुख्यमंत्री मान ने विपक्षी दलों को 31 अक्टूबर तक सबूतों सहित आने का दिया निमंत्रण

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, 08अक्टूबरः पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब में विपक्षी दलों के नेताओं को एक खुला चैलेंज दिया है। भगवंत मान ने पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग और प्रताप बाजवा को पंजाब के मुद्दों पर पंजाबियों और मीडिया के सामने उनके साथ लाइव बहस करने को कहा है। लाइव बहस के लिए सीएम मान ने समय भी तय किया है।



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बहस के लिए 31 अक्टूबर तक की समय सीमा रखी है, मान ने कहा कि इस बीच वह अपनी तैयारी कर सकते हैं और 1 नवंबर, 'पंजाब दिवस' के मौके पर बहस के लिए तैयार होकर आ सकते हैं। सीएम मान ने कहा कि विपक्षी नेता चाहें तो अपने साथ कागजात भी ला सकते हैं लेकिन वह बिना किसी तैयारी और कागजात के बोलेंगे।

### मुख्यमंत्री मान ने ट्वीट कर दिया खुला चैलेंज

सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर लिखा- भाजपा प्रधान जाखड़ जी, अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल और कांग्रेस के राजा वडिंग-प्रताप बाजवा जी को मेरा खुला निमंत्रण है कि रोज-रोज की किच-किच और घिसी-पिटी बातों के बजाय एक बार आएं और पंजाबियों व मीडिया के सामने बैठकर पंजाब को अब तक किसने कैसे लूटा, भाई-भतीजे, साले-जीजे, मित्र-मुलाहजे, टोल-प्लाजे, जवानी-किसानी, व्यापार-दुकानदार, गुरुओं की बाणी, नहरों का पानी.. सभी मुद्दों पर लाइव बहस करें..।

फिर पता चलेगा कि उन्होंने पंजाब को किस तरह से लूटा है। सीएम ने आगे लिखा- आप अपने साथ कागज भी ला सकते हो पर मैं मुंह जुबानी बोलूंगा.. 1 नवंबर 'पंजाब दिवस' वाला दिन ठीक रहेगा, आपको तैयारी के लिए समय भी मिल जाएगा... मेरी तो पूरी तैयारी है क्योंकि सच बोलने के लिए रट्टे नहीं लगाने पड़ते।

## मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाएगी हवाई यातायात सेवाएं

**- एयरपोर्ट निर्माण का 85% से अधिक कार्य हुआ पूरा**

**- एयरबस ए320 एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की भी मिलेगी सुविधा**

**- रात्रि में भी हो सकेगी एयरक्राफ्ट की लैंडिंग**

अयोध्या, 8 अक्टूबर। भगवान श्रीराम की नगरी मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या के विभिन्न कार्यों के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। फेज वन के सभी कार्यों को दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यों को तीन फेजों में किया जाना है। इसके लिए परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के फेजझ्वन के 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का कार्य शतझ्प्रतिशत पूर्ण है। भविष्य में रनवे को 3750 मी तक बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए भी भूमि अर्जन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।



उन्होंने बताया कि नाइट लैंडिंग तथा कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग के लिए कैटझ्वन एवम् रेसा सुविधाओं का कार्य भी शतझ्प्रतिशत पूर्ण हो गया है। एयरक्राफ्टों के लैंडिंग के लिए लगाई गई लाइटिंग का कार्य पूर्ण है। एटीसी टॉवर का भी शतझ्प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी के अनुसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए आने वाली रुकावटों को दूर कर दिया गया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट के परिचालन से पूर्व एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) में शामिल विभिन्न घटकों यथा लोकलाइजर, ग्लाइड पथ, मार्कर, डीएमई आदि के समस्त चरणों का कैलिब्रेशन भी किया जा चुका है।

उन्होंने निमार्णाधीन टर्मिनल बिल्डिंग एवम् एप्रन आदि की प्रगति के संबंध में बताया कि एक एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) का कार्य पूर्ण है तथा दूसरे एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) के कार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है जिसे इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा। डीएम के अनुसार एयरपोर्ट के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आ गई हैं। एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंसिंग की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसके पूर्ण होते ही इसी कैलेंडर ईयर में



एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या धाम तक आने जाने के लिए श्रद्धालुओं के आवागमन की उच्च स्तर की सुविधा उपलब्ध होगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर संचालन प्रारंभ होने से एयरबस ए320 जैसे एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की सुविधा अयोध्या धाम के एयरपोर्ट पर उपलब्ध हो जाएंगी। बता दें कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बिल्कुल उसी तरह बनाया जा रहा है जिस तरह श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। यहां तक कि उसमें भी वही पत्थर लगाए जा रहे हैं और वैसी ही नक्काशी की जा रही है। एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही यात्रियों को अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का एहसास ही नहीं होगा बल्कि उसकी झलक भी दिखाई देगी।

## जडेजा का वार, विराट कोहली- केएल राहुल की धार, चेन्नई में टीम इंडिया की बची लाज

नई दिल्ली. विराट कोहली और केएल राहुल की मुश्किल परिस्थितियों में खेली गई सूझबूझ भरी पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे वर्ल्ड कप 2023 में जीत से आगाज किया है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 के 5वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 200 रन का टारगेट दिया था. भारतीय टीम ने 41. 2 ओवर में 4 विकेट पर 201 रन बनाकर मुकाबले को अपने नाम कर लिया. कोहली ने 116 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 85 रन बनाए जबकि केएल राहुल ने 115 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 97 की पारी खेली. कोहली और राहुल ने चौथे विकेट के लिए 215 गेंदों पर 165 रन की साझेदारी की.

200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत बेहद खराब रही. टीम इंडिया ने 2 रन के कुल स्कोर पर अपने 3 विकेट गंवा दिए. भारतीय पारी के पहले ओवर की चौथी गेंद पर मिचेल स्टार्क ने ओपनर ईशान किशन को कैमरन ग्रीन के हाथों कैच कराकर भारत की शुरूआत बिगाड़ दी. ईशान खाता भी नहीं खोल सके. इसके बाद जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को दोहरा झटका दिया. रोहित 6 गेंद खेलने के बावजूद भी खाता नहीं खोल सके. श्रेयस अय्यर को हेजलवुड ने वॉर्नर के हाथों कैच कराकर भारत को तीसरा झटका दिया. श्रेयस 3 गेंदों पर एक भी रन नहीं बना सके. हेजलवुड ने अपने नाम 3 विकेट किए जबकि स्टार्क ने एक विकेट लिया.

## राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत जर्जर,गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को न्यौता

**समाज जागरण, देवव्रत राय, ब्यूरोचीफ**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 8 अक्टूबर 2023:- रामानुजगंज से अंबिकापुर को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत बहुत जर्जर हो चुकी है.रामानुजगंज से आरागाही, तातापानी सहित जिला मुख्यालय बलरामपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैकड़ों बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं. सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को धूल भरे गुब्बारों का सामना करना पड़ रहा है.



### खस्ताहाल सड़क का खामियाजा भुगत रहे जनता!

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में इन दिनों कई जगहों पर बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं.बारिश के मौसम में गड्ढों की गहराई और चौड़ाई लगातार बढ़ती जा रही है, जो दुर्घटना का कारण बन रही है. इस सड़क पर वाहन हिचकोले खाते हुए निकल रहे हैं.स्थानीय लोगों द्वारा सड़क की मरम्मत कार्य कराने की मांग की जा रही है लेकिन अब तक नेशनल हाईवे की मरम्मत नहीं हो सका है.

### राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान!

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में हर दिन छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं. सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है. पहले रामानुजगंज से अंबिकापुर की दूरी 110 किलोमीटर तय करने में तीन घंटे का समय लगता था, वहीं अब सड़क जर्जर होने से अंबिकापुर पहुंचने में पांच घंटे तक का समय लग रहा है.

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस खस्ताहाल सड़क पर नहीं जा रहा है जिससे अब तक सड़क की मरम्मत कार्य नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य नहीं हो सका है और आए दिन रोज सड़क दुर्घटना होती रहती है।

## हमास के हमले में 700 से अधिक लोगों की मौत, इजरायल सीमा पर अमेरिका तैनात करेगा जंगी जहाज

तेल अवीव. इजरायल पर हमास के अप्रत्याशित हमले के एक दिन बाद रविवार को इजरायली सैनिकों और हमास लड़ाकों के बीच दक्षिणी इजरायल में संघर्ष जारी रहा, जबकि इजरायल ने जवाबी हमले कर गाजा में कई इमारतों को जमींदोज कर दिया. बताया जा रहा है अमेरिका इजरायल सीमा पर जंगी जहाज तैनात करने की योजना बना रहा है. वहीं, उत्तरी इजरायल में लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के साथ संघर्ष से युद्ध के व्यापक पैमाने पर फैलने की आशंका बढ़ गयी है. गाजा से अप्रत्याशित हमले के 24 घंटे से अधिक समय बाद भी संघर्ष जारी है. हमास के आतंकवादियों ने शनिवार तड़के इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे और आतंकवादी इजरायल के सुरक्षा घेरे को तोड़कर सीमा के आसपास के इलाकों में घुस गए.



कई मीडिया संस्थानों ने खबरें दी हैं कि इजरायल पर हमास के हमले में 700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 44 सैनिक और 34 पुलिस अफसर भी शामिल हैं, जबकि 2200 लोग जख्मी हुए हैं. इजरायल के 100 लोगों के अपहरण की भी खबर है. वहीं, इजरायल के जवाबी हमले में फिलिस्तीन के 400 से अधिक लोग मारे गए हैं. आतंकवादियों ने तटीय गाजा क्षेत्र में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बंधक बना लिया. आशंका जताई गई है कि आतंकवादी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के बदले में हजारों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ने की मांग कर सकते हैं.

### कई अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने या लापता होने का दावा

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने समाचार चैनल 'सीएनएन' को बताया कि अमेरिका उन खबरों को सत्यापित करने के लिए काम कर रहा है, जिसमें कई अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने या लापता होने का दावा किया गया है. मृतकों और बंधकों की बढ़ती संख्या तथा हमले के प्रति धीमी प्रतिक्रिया ने एक बड़ी खुफिया विफलता की ओर इशारा किया और लंबे समय से चली आ रही उस धारणा को कमजोर कर दिया कि दशकों से नियंत्रित छोटे व घनी आबादी वाले क्षेत्र में इजराइल की चप्पे-चप्पे पर निगरानी है.

### देश युद्ध लड़ रहा है और दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देश युद्ध लड़ रहा है और दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. उन्होंने आगाह किया कि "इस युद्ध में वक्त लगेगा. यह मुश्किल होगा." नेतन्याहू के सुरक्षा मंत्रिमंडल ने रविवार को एक घोषणा में आधिकारिक तौर पर देश को युद्धग्रस्त घोषित कर दिया और कहा कि यह निर्णय औपचारिक रूप से "महत्वपूर्ण सैन्य कदम उठाने" के लिए अधिकृत करता है.

### क्या इजराइल गाजा में जमीनी हमला करेगा ?

इजरायल ने पिछले चार दशकों में लेबनान और गाजा में बड़े सैन्य अभियान चलाए हैं, जिन्हें उसने युद्ध के रूप में पेश किया है, लेकिन औपचारिक घोषणा के बिना ऐसा किया गया है. स्थानीय थिंक टैंक 'इजरायल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट' के प्रमुख योहानन प्लास्नर ने कहा कि मंत्रिमंडल का निर्णय काफी हद तक प्रतीकात्मक है, लेकिन "यह दशार्ता है कि सरकार सोचती है कि युद्ध अधिक लंबे, गहन और महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है." अब एक बड़ा सवाल यह है कि क्या इजरायल गाजा में जमीनी हमला करेगा, एक ऐसा कदम जिसके कारण अतीत में कई लोग मारे गए थे.


आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

# भारत की शक्तिशाली होती वायुसेना

**दैनिक समाज जागरण**

किसी भी देश की सीमायें तभी सुरक्षित रह सकती हैं, जब तक की उसकी सेनाएँ सजग एवं सामर्थ्यशाली हो। भारत की सेनाएँ भी आज तन मन धन से देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिये दिन रात जुटी हुई हैं। सेनाओं के तीनों अंग थल सेना, जल सेना और वायु सेना एक दूसरे के साथ कदम एवं ताल मिलाकर अपना काम कर रही हैं। भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के रुप में मनाती हैं। भारतीय वायुसेना का इतिहास विधिवत रूप से स्वतंत्रता के पश्चात प्रारंभ होता है। हालांकि तब 66 वर्ष पूर्व ही वहाँ वायुसेना की टुकड़ी काम करने लगी थी, जो ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थी। प्रथम भारतीय मूल के पायलटों को मान्यता एवं ट्रेनिंग पूर्ण करने के स्मरण में ही वायुसेना दिवस मनाया जाता है।भारतीय वायुसेना प्रारंभ में बहुत समस्याग्रस्त थी, आर्थिक संसाधन, प्रशिक्षित तकनीशियों की कमी, व्यवस्थित नेटवर्क की कमी आदि का सामना करना पड़ता था। उस समय वायुयान भी इतने नहीं थे, इनके रखरखाव एवं उड़ाने की पद्धति भी बड़ी साहसिक एंव जोखिम पूर्ण होती थी। शनैः शनैः विज्ञान उत्तरोत्तर तरक्की करता गया, उसी प्रकार से लड़ाकू विमानों का भी परिस्करण होता गया। और आज हालत यह है की रफ्तार से उड़ने वाले जेट लड़ाकू विमान भारत के पास हैं। अचूक शक्ति के साथ बचाव के अनेक विमानों को भारत में ही परिष्कृत कर लिये गया हैं। तभी तो भारत की वायुसेना विश्व में चौथे स्थान को सुशोभित कर रही हैं। पहले हमें बाहरी विकसित देशों के विमानों का आयात करना पड़ता था, अब तो अति उन्नत तेजस सहित अन्य हल्के लड़ाकू विमानों का उत्पादन कर रहे हैं। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि हम रक्षा के क्षेत्र में अब स्वनिर्भर हो रहे हैं।

भारतीय वायुसेना ने भारत, पाक युद्ध 1965 हो या 1971 की हो, इन युद्धों में अविस्मरणीय भूमिका निभाई थी। भारतीय वायु सेना के बल पर ही 65 की लड़ाई में पाकिस्तानी सेना को मुँह की खानी पड़ी थी। ऐसा नहीं हैं कि पाकिस्तान के पास अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी हो, बल्कि वह तो रक्षा खर्च में भारत से ज्यादा ही खर्च करता रहा है, पर उसके हारने का मुख्य कारण है, भारतीय जांबाज, बहादुर तथा विशेषज्ञ पायलटों का होना वहीं इस तरह के पायलटों का न होना पाकिस्तान की असल कमजोरी रही। पाकिस्तान के पास तो अत्याधुनिक एफ 16 मिराज आदि विमान हैं फिर भी वह भारत के सामने बिलकुल फिसड्डी और अनाड़ी हैं। भारत की वायुसेना में इस समय अति उन्नत रफाल, और स्वदेश निर्मित तेजस के साथ-साथ अत्याधुनिक लड़ाकू हेलिकाप्टर प्रचंड ,मिराज 2000, मिग 27, मिग-29, एम आई - 28 तथा स्वदेशी निर्मित अन्य हलके अत्याधुनिक विमान हैं जिससे किसी भी युद्ध को आसानी से अपने पक्ष में किया जा सकता है। पाकिस्तानी घुसपैठियों के कारण उत्पन्न हुई कारगिल युद्ध में भारतीय वायुसेना ने अदम्य शौर्य का प्रदर्शन किया था, उसे देखकर तो अमेरिका भी हैरत में पढ़ गया था, पाकिस्तान की तो सिट्टी पिट्टी गुम हो गई थीं । कारगिल युद्ध के पश्चात थल सेनाध्यक्ष श्री मलिक ने कहा था कि- ह्यहमारी कारगिल विजय में. वायुसेना के अविस्मरणीय योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। खासकर जब वहाँ की ऊंची ऊंची चोटियों में छुपे हुये पाकिस्तानी सैनिक एवं घुसपैठियों द्वारा जब भारतीय सेना को ऊपर से नीचे की ओर आसानी से निशाना बनाया जा रहा था, और थलसेना के लिये इन चोटियों को जीतना बड़ा दुष्कर बनता जा रहा था, तभी भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों ने अपने अप्रतिम शौहर का प्रदर्शन करते हुये इन घुसपैठियों को चुन चुनकर खदेड़ा। था। जिससे थलसेना का कार्य आसान हो गया था।

वर्तमान में भारतीय वायुसेना अपनी पूरी साज सज्जा के साथ अपनी पताका फहरा रहे हैं। विश्व की महाशक्तियाँ भी अब यह स्वीकार करने में संकोच नहीं करती कि भारत के पास आज एक सुदृढ़ वायुसेना की व्यवस्था है।



**-सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# रणछोड़ हैं या रण छेड़ रहीं हैं तीन देवियां ?

**दैनिक समाज जागरण**



नारीशक्ति वंदना के युग में मध्यप्रदेश भाजपा की महिला नेत्रियां विधानसभा चुनाव के रण से बाहर हो रहीं हैं या अपनी ही पार्टी के खिलाफ रण शुरू करने जा रहीं हैं ?फिलहाल भाजपा की तीन नेत्रियां अलग-अलग कारणों से जेरे बहस हैं ये एक ऐसा सवाल है जो पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती और मप्र सरकार की मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया के विधानसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा के बाद जन्मा है। मप्र भाजपा में एक तीसरी बड़ी नेत्री पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन भी चुनावी रण से बाहर कर दी गयीं हैं।

सिंधिया घराने की महिला सदस्य श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया आरम्भ से ही अपनी



माँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया की राजनीतिक विरासत पर दावा करती आयीं हैं,लेकिन उन्हें भाजपा ने कभी राजमाता की लोकसभा सीट से लोकसभा में नहीं भेजा । उन्हें ग्वालियर सीट से जरूर लोकसभा का उप चुनाव लड़ाया गया था लेकिन बाद में उन्हें विधानसभा के चुनावों तक सीमित कर दिया गया । 1994 में प्रदेश की राजनीति में आयीं यशोधरा राजे सिंधिया अपनी बड़ी बहन श्रीमती बसुंधरा राजे की तरह भाग्यशाली नहीं है। उन्हें बीते तीन दशक में मध्यप्रदेश की सरकार में मंत्री बनने का सुख तो मिला लेकिन मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब यदि इन्होने देखा भी हो तो कभी पूरा नहीं हुआ। यशोधरा राजे तीन दशक की अपनी राजनितिक यात्रा में पहले अपने भतीजे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए समस्या रहीं । प्रदेश की सरकार ने भी उन्हें बेमन से झेला और जब ज्योतिरादित्य सिंधिया खुद भाजपा में आ गए तो उनकी पूछ-परख और कम हो गयी। यशोधरा अपनी राजनीतिक विरासत अपने बेटे अक्षय को भी नहीं सौंप पाने से निराश है। यशोधरा राजे की तीन संताने बताई जातीं है लेकिन लोगों को केवल अक्षय के बारे में ही जानकारी है क्योंकि शुरू में वे शिवपुरी आते-जाते थे। यशोधरा राजे के दूसरे बेटे अभिषेक और बेटी त्रिशला को कभी किसी ने देखा नहीं। वे दोनों शायद अमेरिका में ही रहते हैं और उनकी राजनीति में कोई दिलचस्पी भी नहीं है।

यशोधरा राजे सिंधिया ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से इस बार विधानसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान किया लेकिन राजनीति से औपचारिक सन्यास की घोषणा नहीं की । इसका मतलब वे या तो लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने के लिए आश्वस्त कर दी गयीं हैं या फिर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का मूड भांप कर अपने आपको विधानसभा चुनाव से लग कर लिया है। पार्टी का भी धर्म संकट ये हैं कि वो एक ही परिवार से एक से ज्यादा लोगों को तवज्जो देता है तो उसके ऊपर परिवारवाद का आरोप लगता है। वैसे भी यशोधरा राजे सिंधिया पार्टी की न स्टार नेता हैं और न स्टार प्रचारक। वे एक विधानसभा सीट की नेता रहीं हैं। वे पार्टी के साथ रण छेड़ने की स्थिति में नहीं हैं ,क्योंकि उनके आगे-पीछे कोई जनाधार भी नहीं है।

भाजपा में यशोधरा राजे सिंधिया से पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भी पार्टी नेतृत्व के फैसलों को लेकर नाराज हैं। उनकी आवाज लगातार अनसुनी की जा रही है और अब तो प्रह्लाद पटेल को विधानसभा चुनाव मैदान में उतार कर पार्टी नेतृत्व ने उन्हें एक तरह से खारिज ही कर दिया ह। उमा जी अब शायद लोधियों की भी नेता नहीं मानी जा रहीं। उमा भारती ने अपनी राजनितिक विरासत अपने भतीजे को सौंपने की कोशिश की । उसे विधायक भी बनाया लेकिन बात ज्यादा आगे बढ़ी नहीं क्योंकि उन्हें पार्टी नेतृत्व का समर्थन नहीं मिल पाया। आज उमा भारती घायल सिंघनी की भांति दहाड़ रहीं हैं लेकिन अब उनके पास इतनी ऊर्जा नहीं बची है की वे भाजपा के मौजूदा नेतृत्व को ललकार कर एक बार फिर से भाजपा से बगावत कर सकें। हालाँकि भाजपा ने उनके समर्थक प्रीतम लोधी को पिछोर विधानसभा सीट से टिकिट जरूर दे दिया है।

एक जमाने में ग्वालियर के रानी महल की कृपा और संरक्षण से राजनीति में आंधी की तरह आयीं उमा भारती का अब रानी महल में भी कोई संरक्षक नहीं है । उनके मित्र संघ के पूर्व प्रचारक गोविंदाचार्य भी आरसे पहले संघ और पार्टी से खारिज किये जा चुके हैं। ऐसे में उमा भारती अपने आपको भाजपा में असहज महसूस कर रहीं हैं। लेकिन उनके लिए पार्टी में न अब कोई घर है और न घाट। अर्थात उनकी दशा बंजारों जैसी हो गयी है। अपने आचरण से वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का विश्वास भी खो चुकीं हैं अन्यथा इस संकट के दौर में दोनों मिलकर कुछ खिचड़ी पका सकते थे। शिवराज सिंह चौहान भी पार्टी नेतृत्व की आँख की किरकिरी बनते नजर आ रहे हैं। पार्टी उनके चेहरे पर विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ रही है। उनके विधानसभा चुनाव लड़ने और न लड़ने कोलेकर अभी तक संशय है।

उमा भारती पांच बार संसद रहीं ,चार बार केंद्र में मंत्री रहीं,उन्होंने ही 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में स्थापित कर दिखाया था और खुद मुख्यमंत्री बनी । पार्टी ने उन्हें उत्तर प्रदेश से भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने को कहा ,वो जितिन भी लेकिन अब एक लम्बे आरसे से वे हासिये पर हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उमा भारती को गंगा सफाई के लिए मंत्री बनाया और न जाने कब उन्हें इसी गंगा में तिरोहित भी कर दिया। उमा भारती के साथी रहे नरेंद्र सिंह तोमर आज भी चुनावी राजनीति में ठीके हुए हैं लेकिन उमा भारती का तम्बू उखड़ चुका है।

भाजपा में तीसरी शक्तिशाली नेता लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन उम्र के लिहाज से अब मार्गदर्शक मंडल में शामिल कर दी गयीं हैं लेकिन वे अभी भी अपने आपको चुनावी राजनीति के लायक मानती है। पार्षद से लोकसभा अध्यक्ष जैसे बड़े पद तक पहुंची सुमित्रा महाजन की भी आत्मा अतृप्त है क्योंकि अपनी लम्बी राजनीतिक पारी खेलने के बावजूद वे अपने बेटे मिलिंद को अपना राजनितिक उत्तराधिकार नहीं सौंप सकीं। यानि इस मामले में उनकी दशा भी उमा भारती और यशोधरा राजे जैसी ही है ।सुमित्रा ताई के पुत्र मिलिंद महाराष्ट्रा ब्राम्हण सहकारी बैंक में गोलमाल के आरोपी हैं। अब भाजपा में उनके लिए कोई



जगह नहीं बची है।

नारी शक्ति वंदन कानून बनने के बाद मप्र भाजपा की जिन भाजपा नेत्रियों को सम्मान मिलना चाहिए था वे तीनों अपमानित होकर राजनीति से विदा लेती दिखाई दे रहीं हैं या उन्हें राजनीति से जबरन विदा किया जा रहा है। अब भाजपा को अपनी नारी नेत्रियों की शक्ति की वंदना करने में लज्जा अनुभव हो रही है। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि इन तीनों में से एक भी पार्टी नेतृत्व के खिलाफ रण छेड़ने की स्थिति में नहीं है। नेतृत्व के समाने आत्मसमर्पण करना ही इनकी नियति है। 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा इन तीन देवियों के बाद किन्हें प्रतिष्ठित करता है ये अभी तक स्पष्ट नहीं है क्योंकि भाजपा ने अभी तक जितने भी प्रत्याशी घोषित किये हैं उनमने एक भी चर्चित महिला चेहरा नहीं है।

**@ राकेश अचल**

# भाग्य साहसी पुरुषों के अथक परिश्रम, मनोबल की परिणति'

**दैनिक समाज जागरण**

चीन में चल रहे एशियाई ओलंपिक में भारत ने जहां 100 पदको से ज्यादा पदक जीत लिए हैं और यह साबित कर दिया है की मेहनत, लगन, संकल्प से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है भारत वासियों और सभी खिलाड़ियों को इस रिकॉर्ड तोड़ सफलता के लिए अनंत बधाइयां शुभकामनाएं। जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है' वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य सफलता का एक पहलू है ' सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं' इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं' वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि "भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है",ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है।

अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान, आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# पूर्वजों को श्रद्धांजलि देना ही श्राद्ध है

**दैनिक समाज जागरण**

हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु-उपरान्त लोग विस्मृत न कर दें। इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान-दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है।

श्राद्ध हिन्दू धर्म में किया जाने वाला एक कर्म है। जो पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं, जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोडकर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है, जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं। परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है।

भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हे यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है। भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं।

विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों।

अपने पूर्वजों के निमित्त दी गई वस्तुएं सचमुच उन्हें प्राप्त होती हैं या नहीं, इस विषय में कुछ लोगों को संदेह है। हमारे पूर्वज अपने कमानुंसार किस योनि में उत्पन्न हुए हैं। जब हमें इतना ही नहीं मालूम तो फिर उनके लिए दिए गए पदार्थ उन तक कैसे पहुंच सकते हैं? क्या एक ब्राह्मण को भोजन कराने से हमारे पूर्वजों का पेट भर सकता है? न जाने इस तरह के कितने ही सवाल लोगों के मन में उठते होंगे। वैसे इन प्रश्नों का सीधे-सीधे उत्तर देना सम्भव भी नहीं है। क्योंकि वैज्ञानिक मापदण्डों को इस सृष्टि की प्रत्येक विषयवस्तु पर लागू नहीं किया जा सकता। दुनिया में ऐसी कई बातें हैं। जिनका कोई प्रमाण न मिलते हुए भी उन पर विश्वास करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि देश में श्राद्ध के लिए हरिद्वार, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर, बद्रीनाथ सहित कई स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन गया का स्थान उसमें सर्वोपरि कहा गया है। गया में फल्गु नदी के किनारे श्राद्ध कर्म करना सबसे ज्यादा पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है। जो व्यक्ति गया में श्राद्ध करने जाता है उसको पूरे पितृ पक्ष वहीं रह कर श्राद्ध क्रिया पूरी करनी पड़ती है। गया में पिंडदान करने से सात पीढियों का उद्धार हो जाता है। गया जी को विश्व में पितरों की मुक्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ तीर्थस्थल माना गया है। गया जी में पूरे साल पिंडदान किया जाता है।

शास्त्रों में पितरों के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान करने का अलग महत्व बताया गया है। मान्यता है कि गया जी में श्राद्ध कर्मकांड सृष्टि के रचना काल से शुरू है। वायुपुराण, अग्निपुराण तथा रूढ पुराण में गया तीर्थ का वर्णन है। भगवान ब्रह्मा ने पृथ्वी पर आकर फल्गु नदी में प्रेतशिला पर पिंडदान किया था। त्रेता युग में भी भगवान श्रीराम भी अपने पिता राजा दशरथ के मरणोपरांत फल्गु नदी के तट पर श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान, कर्मकांड को कर पितृऋण से मुक्त हुए थे।

**लेखकः- रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## बनास नदी से अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने ज्ञापन सौंपा

**विजय तिवारी**

शहडोल। शहडोल जिले के ब्यौहारी तहसील अंतर्गत ग्राम चौरी (बुड़वा) के स्थानीय निवासियों ने कमिश्नर शहडोल संभाग, कलेक्टर शहडोल, मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल, पुलिस अधीक्षक, खनिज अधिकारी शहडोल, थाना प्रभारी देवलोंद सहित संबंधित सभी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर ग्राम सथनी (बुड़वा) स्थित बनास नदी से रेत के अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग की है वहीं रेता चोरों पर विधि संगत कार्यवाही की मांग की है।अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि चौरी बुढ़वा ग्राम से होकर सारी रात्रि लगभग 20.25 हाईवा ट्रक रेता चोरी के काम में लगे हुए हैं। तथा ग्राम सथनी स्थिति बनास नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर पुनः उसी चौरी एवं निमिहा निरूहा होकर बुडवा की ओर से वापस आते है। यह रेतपूरी तरह अवेध रूप से बिना किसी अनुज्ञा से निकाली जा रही है। इतनी सारी संख्या में एक (हाइवा ) निकलने से ग्रामवासी परेशान होते हैं और सो नहीं पाते हैं, इस बात की जानकारी सभी स्थानीय अधिकारियों को है। किन्तु आज तक उसमें कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

उक्त रेत माफियाओं द्वारा रेत के परिवहन करने से भारी ट्रैक (हाईवा) लगातार निकलते है, जिससे ग्राम की रोड जनकपुर से बुडवा मुख्य मार्ग की रोड का नवीन लोक निर्माण विभाग भी क्षतिग्रस्त हो रही है

रेत के अवैध परिवहन में संलग्न भारी वाहन ट्रक (हाइवा ) रेत लेकर जाते है जिसके कारण रोड की छति हो रही है।शासन की संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले अवैध रेत माफियाओं पर तत्काल रेक लगाई जाए। ग्राम वासियों का कहना था कि 2 दिवस के अंदर अगर रोक शासन द्वारा नही लगाई गई तो हम ग्रामवासी जन आन्दोलन करने के लिए मजबूर हो जायेगे। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं शासन + प्रशासन की होगी। अतः तत्काल रेत माफियाओं के ऊपर कार्यवाही की जाए।

## बिलासपुर संभाग में कम से कम दो सीट पर उतारे जाएं ब्राह्मण प्रत्याशी

रतनपुर।भारतीय जनता पार्टी में प्रत्याशियों के संभावित सूची में बिलासपुर जिले के छः विधानसभा क्षेत्रों में एक भी प्रत्याशी ब्राह्मण समाज से नही दिया गया है जिसके विरोध एवं बिलासपुर जिले के कम से कम दो विधानसभा क्षेत्रों में ब्राह्मण प्रत्याशी बनाए जाने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधि मंडल भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को ज्ञापन सौप कर मांग किया गया ब्राह्मण समाज के ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बिलासपुर जिले में 40000 ब्राह्मण निवास करते है और चुनाव में निर्णायक भूमिका ब्राह्मणों की रहती है भाजपा के संभावित सूची में एक भी ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी का नाम नही है जिससे समस्त ब्राह्मण समाज मे रोष व्याप्त है। बिलासपुर संभाग छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग है इसमें एक भी ब्राह्मण को टिकट ना दिया जाना दुःखद है भाजपा अगर बिलासपुर जिले के छः विधानसभा सीट में से कम से कम दो विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण को प्रत्याशी घोषित करती है तो उचित होगा अन्यथा बिलासपुर संभाग, रायपुर संभाग एवं प्रदेश के ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह से बात करते हुए उनसे मांग की गई जिस पर डॉ रमन सिंह ने आश्वाशन देते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज की मांग के बारे में बात करेंगे और आपकी बात आगे तक पहुचाई जाएगी डॉ रमन सिंह को ज्ञापन देने वालो में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल में सत्येन्द्र शर्मा, रविन्द्र उपाध्याय, देवेन्द्र पाण्डेय, ज्योतिन्द्र उपाध्याय, अभिजीत पाण्डेय, हर्ष तिवारी, महिला विंग से सस्मिता शर्मा, वीणा तिवारी, रजनी शुक्ला आदि ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## "इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में निकली अमृत कलश यात्रा अमरकंटक

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश की मिट्टी और गौरव से वर्तमान पीढ़ी को जोड़ने का अभियान है। अक्षत और मिट्टी घरों से एकत्रित करके अमृत कलश का संयोजन और यात्रा का आयोजन सभी को देश के प्रति गौरव भाव से भरने का काम करेगा। उक्त उद्गार कुलपति प्रो श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ करते



हुए व्यक्त किया। कुलपति जी ने आगे कहा कि युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम और देश पर अपना सर्वस्व निछावर करने वाले शहीदों के प्रति सम्मान का भाव रखें और अपनी ऊर्जा से देश का गौरव बढ़ाने का काम करें। इस अवसर पर श्रीशील मंडल की अध्यक्ष आदरणीया शीला त्रिपाठी जी ने भी यात्रा के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। तिरंगे के पीछे संगठित पंच अमृत कलश को माथे पर धारण करके पंच प्रण से संकल्पित स्वयंसेवकों ने परिसर में भव्य अमृत कलश यात्रा निकाली। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ यात्रा संचालित हुई जिसमें स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने हिस्सेदारी की। यात्रा का संयोजन रासेयो के समन्वयक प्रो राघवेंद्र मिश्रा और कार्यक्रम अधिकारी डा कुमकुम कस्तूरी, डा कीर्ति, डा कुंजबिहारी सुलखिया, डा कृष्णमुरारी सिंह ने किया। यात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए विशेष कार्याधिकारी डॉ विजयनाथ मिश्र और डा वासु चौधरी ने भी सहभागिता की। यात्रा को संयोजित करने में दीपक त्रिपाठी, हरीश विश्वकर्मा, आकाश द्विवेदी, लक्ष्मी, अर्पिता, आजाद मोरे, सुयश श्रीवास्तव, दर्शिका आदि ने सक्रिय योगदान दिया। यात्रा हेतु घर-घर से एकत्रित अक्षत को कलश में जुटाकर अमृत कलश का रूप दिया गया। यात्रा का समापन परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर हुआ।

## बदहाल हुई बिजुरी के सड़कें, चुनाव के पहले बिजुरी की जनता मांग रही विकाश का लेखा जोखा

अनूपपुर। अनूपपुर जिले की बिजुरी नगर पालिका में प्रवेश द्वार से पहले और प्रवेश करने के बाद नगर की मुख्य मार्गो की हालत बेहद चिंताजनक है। कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की नगर सरकार होने के बाद भी स्थितियां विकास विहीन है। आर्थिक रूप में सबसे मजबूत नगर पालिका होने के बाद भी नगर की तस्वीर किसी नवीन नगर परिषद की तरह दिखाई पड़ती है। नेशनल हाईवे से बिजुरी की तरफ जाने वाले मार्ग में तालाब नुमा गड्ढों ने जनता के आवागमन की रहे मुश्किल कर दी है। नेशनल हाईवे से बिजली की तरफ जाने वाले मार्ग मे छोटे और बड़े वाहनों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर कर दिया है। बिजली नगर के प्रवेश पर ही बड़े-बड़े गड्ढों ने नगर के विकास की तस्वीर बयां करती है। तालाब नुमा कद्दू में कभी भी वहां फंसकर बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि जो दिन-रात उसे मार्ग से गुजरते हैं उन्हें किसी भी प्रकार की जनता के प्रति अपनी जबाबदेही नहीं दिखाई है।

**नगर पालिका और कॉलरी प्रशासन का सिर दर्द बनी वार्ड क्रमांक 7 की सड़के**

नगर पालिका बिजुरी में सड़क में गड्ढे या गड्ढे में सड़क को ढूंढ पाना किसी वैज्ञानिक पद्धति या दुर्लभ वस्तुओं को ढूंढने से आसान है। वार्ड क्रमांक 7 की सड़कों की बदहाली किसी से छुपी नहीं है। कॉलरी प्रशासन और नगर पालिका के गले की फांस बनने वाली या सड़क कई पंचवर्षीय से विकास के लिए टकटकी लगा जनप्रतिनिधि का



रास्ता देख रही है। रास्ते से गुजरने वाले जनप्रतिनिधि को असफलता का मुंह चिढ़ा रही यह सड़क अपने आप में बिजली के जनपद निधियां की असफलता का जीता जागता उदाहरण बनकर रह गई है। हाल ही में पार्षद और वार्ड वासियों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया था। बिजुरी नगर पालिका अंतर्गत वॉर्ड 07 में लगभग 1 किलो मीटर की सड़क में बने बड़े आकार के तालाब नुमा गड्ढे में कीचड़ से नहा कर कॉलरी और नगर प्रशासन का विरोध किया था। नपा क्षेत्र में एसईसीएल और नगर पालिका की निष्क्रियता की वजह से वार्ड की जनता और पार्षद बेहद परेशान है। साल भर पूर्व गड्ढे में पूल पार्टी कर किया गया था जो की नगर प्रशासन के विरोध का अनोखा तरीका इख्तियार किया गया था जिसका वीडियो जमकर वायरल हुआ था।

**10 वर्षो से बदहाली के आंसू रो रही सड़क**

आज करीब 10 वर्षो से यहां की सड़के खस्ताहाल है और जनता इन खस्ताहल सड़को की वजह से परेशान हैं क्योंकि मध्यप्रदेश को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली यही एक मुख्य सड़क भी है जनप्रतिनिधियों के अलावा जनता ने भी कई बार आवागमन बाधित कर विरोध जताया ऐसा नही है की प्रशासन को इसकी जानकारी नही है मामला प्रशासन के पूरे संज्ञान में है वावजूद इसके एस ई सी एल और नगर पालिका एक दूसरे के उपर इसका ढिकरा फोड़ते रहते है।

## पुलिसकर्मी से मारपीट मामले में पीयूष पटेल को हुई 2 वर्ष की सजा

अनुपपुर। थाना कोतवाली अनूपपुर के पंजीबद्ध अपराध क. - 417 / 2015 अन्तर्गत धारा 353, 323, 294, 506 भाग - 2 भार०सं० से उद्धृत दाण्डिक प्रकरण क0-1257 / 2015, आर. सी. टी- 3012 57/2015 में विचारण न्यायालय द्वारा आरोपी पीयूष पटेल को धारा 294, 506 भाग - दो भा०दं०सं० में दोषमुक्त कर केवल धारा 332 भा०दं०सं० में दोषी पाते हुए दोषसिद्ध ठहराकर 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है, अर्थदण्ड अदा न किये जाने पर 04 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है। घटना का सार यह है कि दिनांक 22.10.2015 को थाना कोतवाली में पदस्थ ए.एस.आई. / प्रार्थी पी.डी. अंधमान शाम को लगभग 7.00 बजे रेस्ट हाउस में सुरक्षा व्यवस्था में लगा हुआ था, उसी समय आरोपी पीयूष पटेल वहां पर आया और उसके साथ गाली-गलौंच कर जान से मारने की धमकी दी, जिसके संबंध में उसने थाने में लिखित शिकायत पेश की,



जिसके आधार पर पुलिस ने मामला कायम करते हुए उसे ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल भेजते हुए मामले को विवेचना में लेते हुए उसके तथा अन्य साक्षियों के कथन अंकित करते हुए अभियुक्त पीयूष पटेल के विरूद्ध अपराध किये जाने की परिस्थिति पाये जाने पर उसके विरुद्ध अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसके आधार पर न्यायालय द्वारा आरोप विरचित कर विचारण आरंग करते हुए उभयपक्ष को साक्ष्य का अवसर देते हुए उनके द्वारा दिये गये तर्कों के उपरांत उनका मनन करते हुए, गुणदोष पर दिनांक 01.12.2022 को निर्णय घोषित कर आरोपी / अपीलार्थी को अधिरोपित धारा 332 भा०दं०सं० में, दोषी पाते हुए दोषसिद्ध ठहराकर 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड अदा न किये जाने पर 04 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

## नहीं थम रहा है सोन नदी का अवैध रेत का उत्खनन एवं परिवहन

### *थाना प्रभारी देवलौद वाणसागर के ऊपर लग रहा संरक्षण देने का आरोप*

**विजय तिवारी**

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश तिवारी के नेतृत्व मे अवैध रेत कारोबार के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के ब्योहारी विकास खंड



के अंतिम छोर पर सोन नदी के किनारे लगने वाले गांव में सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर मालिक सोन नदी से अवैध उत्खनन कर जे सी बी मशीन से लोड कर एक जगह इकट्ठा कर उचे दामों में यह रेत हाइवा से लोड होकर रीवा में बेची जाती है ।कुछ दिन पहले नवा गत थाना प्रभारी व्दारा कारवाई कर जे सी बी मशीन और रेत से लदा ट्रक पर कारवाई कि थी लेकिन अब रोज रेत का व्यावसाय जारी है लेकिन थाना प्रभारी के व्दारा कारवाई न करना सवालिया निशान लग जाता है । अवैध रेत कारोबार में रोक लगाने के लिए दुर्गेश तिवारी जिला पंचायत सदस्य व्दारा कलेक्टर शहडोल को ज्ञापन सौंपा गया और समय सीमा में कारवाई न होने के कारण धरना प्रदर्शन कर रहे लेकिन अभी तक प्रशासन की नींद नहीं खुली है अब देखने वाली बात होगी कि रेत माफियाओं के खिलाफ कब तक कारवाई हो पाती है।

## टिकट के इंतजार में कांग्रेस के दावेदार, बढ़ी सक्रियता

***व्यौहारी सहित जयसिंहनगर और जैतपुर में भी दावेदारों में बेचैनी***

***भाजपा ने तीनों विधानसभा सीट में अभी नहीं खोले पते***

शहडोल।इन दोनों पूरे प्रदेश में चुनावी त्योहारहै, हर ओर सिर्फ चुनाव चचाएं ही सुनाई दे रही हैं। शहडोल जिले की तीन सीटों में कांग्रेस पार्टी अपना कब्जा जमाने के लिए दमदार प्रत्याशी विधानसभा सीट में उतारने का प्रयास कर रही है। वर्ष 2018 में सिर्फ जयपुर विधानसभा सीट में कांग्रेस प्रत्याशी मामूली अंतर से हारी थी बाकी जय सिंहनगर एवं व्यवहारी विधानसभा सीट में करारी हार कांग्रेस पार्टी की हुई थी व्यवहारी विधानसभा सीट में तो कांग्रेस के प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे और जय सिंहनगर विधानसभा सीट में लगभग 18000 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी पराजित हुए थे । वर्ष 2013 में व्यौहारी विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर रामपाल सिंह चुनाव जीते थे, सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने सर्वे कराया है। अब सर्वे के आधार पर टिकट वितरण की बात कही जा रही है। जानकारों की मानें तो कांग्रेस का फोकस जय सिंह नगर, जैतपुर और व्यौहारी सीट पर है। वर्तमान में तीनों विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का विधायक है और व्यवहारी 2013 में कांग्रेस के खाते में थी। जबकि जयसिंहनगर को भाजपा का गढ़ कहा जाता है। ऐसे में जयसिंहनगर विधानसभा में कांग्रेस की राह आसान नहीं है। जैतपुर विधानसभा सीट से उमा धुर्वे पुनः दावेदार हैं, लेकिन कांग्रेस के क्षेत्रीय दावेदार उनका पुरजोर विरोध करते आ रहे हैं , इस विधानसभा सीट में नए चेहरे को टिकट देने की मांग की जा रही है, यही कारण है कि स्थानीय नेता दावेदार पशोपेश में है।

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पहली सूची में ही जिले को पुष्पराजगढ़ सीट से प्रत्याशीकी घोषणा करते हुए हीरा सिंह श्याम को टिकट दिया। तो दूसरी लिस्ट में कोतमा विधानसभा सीट से दिलीप जायसवाल को टिकट की घोषणा की गई। पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल के टिकट पर विवाद खड़ा हुआ भले ही नहीं दिख रहा है लेकिन अंदर ही अंदर टिकट की रेस में शामिल दावेदारों के मध्य खिचड़ी भी पक रही है । यदि देखा जाए तो कोतमा विधानसभा सीट से जितने भी नेता टिकट के दावेदार थे टिकट की घोषणा के बाद लगभग कार्यक्रमों से दूरियां बना ली है । जबकि शहडोल और उमरिया जिले में अभी भाजपा ने टिकट जारी नहीं किए हैं। मानपुर से मंत्री सुश्री मीणा सिंह का पुनः चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है । व्यवहारी विधानसभा सीट में में फिर एक बार शरद कोल को टिकट मिल सकता है। लेकिन विधानसभा क्षेत्र में गुटबाजी के कारण अंदर ही अंदर एक खेमा उनकी टिकट कटवाने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है ।इन कयास के चलते विधानसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदार बढ़ गए हैं। व्यौहारी विधानसभा सीट से जिला पंचायत सदस्य गुजरात सिंह कमलेश सिंह मार्को के नाम भी लिस्ट में है। पूर्व में ऐसी भी जन चर्चा थी कि वर्ष 2018 में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी रहे तेज प्रताप को भी भाजपा में शामिल कर विधानसभा क्षेत्र में उतारा जा सकता है लेकिन जिस प्रकार से तेज प्रताप गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले सक्रियता दिखा रहे हैं। उससे ऐसा लगता है कि अब भाजपा से चुनाव लड़ने का मामला ठंडा हो चुका है। कांग्रेसपार्टी भी व्यवहारी में उपयुक्त प्रत्याशी की तलाश में है और प्रत्याशियों के चयन को लेकर क्षेत्र में चर्चा भी हो रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी से पूर्व विधायक रामपाल सिंह के अलावा दशरथ सिंह कुशराम, राम लखन सिंह, गीता कोल के नाम सामने आए हैं।

**कांग्रेस में बढ़ा टिकट का टेंशन**

जैतपुर विधानसभा की बात करें तो व्हां कांग्रेस के पास सबसे अधिक दावेदार हैं। इस विधानसभा सीट से उमा धुर्वे, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी यशोदा सिंह ,पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ललन सिंह ,अनिरुद्ध सिंह केपी सिंह, नागेश्वरी सिंह आदि कांग्रेस नेता टिकट के दावेदार हैं।, विगत दिनों चुनाव आयोग की सक्रियता के बाद कयास लगाया जा रहा है, कि आचार राहिता दो चार दिनों में कभी भी लग सकती है। ऐसे में टिकट दावेदार अब और सक्रिय हो गए हैं। बीते दिनों कांग्रेस के सोईसी की बैठक दिल्ली में हुई जिसमें प्रदेश की कई टिकटों को फाइनल किया गया है। कांग्रेस की बात करें तो कांग्रेस पार्टी पिछले चुनाव में जिले की तीनों विधानसभा सीट का गहन विचार मंथन किया है और तीनों विधानसभा सीट में नए चेहरे भी उतारे जा सकते हैं।

## आर्थिक संकट से परेशान एवं मुआवजा के लिए दर दर भटकती महिला की करंट लगने से हुई मौत

### *दामाद का आरोप, सास ने किया आत्महत्या*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।आर्थिक तंगी के चलते एक दलित महिला ने शनिवार को मौत को गले लगा लिया हालांकि यह हादसा हैं या आत्महत्या इसकी जाँच पुलिस कर रही हैं, वहीं कुछ लोग इस पर राजनीति भी कर रहें हैं।महिला के दामाद ने बताया कि बारिश में सास का मकान ढह गया था, जिसका मुआवजा पाने के लिए वह दर दर की ठोकरे दो साल से खा रही थी, इस बीच वह आर्थिक तंगी से भी जूझ रही थी।जिसके कारण वह इतनी परेशान हो गयी कि आत्महत्या कर ली जिसका जिम्मेदार कहीं न कहीं स्थानीय प्रशासन भी हैं। मृतका घर में अकेली रहती थी जिससे यह स्पष्ट नहीं हुआ कि उसने आत्महत्या किया या हादसे में उसकी मौत हो गयी। वह लगातार प्रशासन से मुआवजे के लिए चक्कर लगा रहीं थीं। यही नहीं बल्कि श्रमिक योजना के तहत बेटी के विवाह सहायता के प्रकरण की स्वीकृति के बाद भी जिलास्तर पर उसे अपात्र घोषित कर दिए जाने से वह व्यथित थी। इसलिए उसने आत्महत्या कर ली। मामला किरनापुर विकासखंड के ग्राम चिखला का है। बालाघाट-गोंदिया मार्ग पर स्थित इस गांव की दलित महिला उर्मिला डोंगरे का मकान दो साल पहले आई भारी बारिश में ढह गया था। इसके मुआवजे के लिए वे दो साल से राजनीतिक नेताओं, सरकारी अफसरों से गुहार लगाती रही। जिसे लेकर वह विभागों के चक्कर लगा रहीं थीं, लेकिन उसे कहीं से राहत नहीं मिली। अंततः इससे व्यथित



होकर बीते दिवस ने बिजली करंट से उसने आत्महत्या कर ली। हालांकि यह आत्महत्या या हादसा, यह तो जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। लेकिन महिला के दामाद ने आरोप लगाया कि शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से सास ने आत्महत्या कर ली।

ज्ञात हो कि यह निराश्रित महिला अकेली ही रहती थीं। 07 अक्तूबर की शाम उनकी करेंट लगने से असामयिक मृत्यु हो गई। आस पास रहने वाले परिचित ग्रामीणों और रिश्तेदारों का आरोप है कि प्रशासन के उपेक्षापूर्ण रवैए से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। फिलहाल मामले को हट्टा थाना पुलिस ने जांच में लिया है।

दामाद सुबोध मेश्राम की माने तो सास की करंट से मौत की सूचना मिलने पर वह पत्नी के साथ नागपुर से गत 7 अक्टूबर की रात चिखला पहुंचे। जहां सामाजिक भवन में निवासरत सास की मृत्यु के बाद उन्होंने इसकी सूचना हट्टा पुलिस को दी। जिसके बाद हट्टा पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद कर जिला चिकित्सालय में उसका पीएम करवाया है।

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल का लाँजी आगमन आज पालडोंगरी से लांजी तक करेंगे पदयात्रा

### *भाजपा प्रत्याशी राजकुमार कराहें एवं पूर्व विधायक रमेश भटेरे के मनभेद को क्या सुलझा पाएंगे प्रहलाद पटेल*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(09 अक्टूबर )केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल का लांजी आगमन हो रहा हैं जिसमे दोपहर 3 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल लांजी के पालडोंगरी पहुंचेंगे। यहां से वे लगभग साढ़े चार किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए लांजी पहुंचेंगे। जहां मां लंजकाई मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और लांजी में एक आमसभा को संबोधित करेंगे।



इनके साथ लांजी के भाजपा प्रत्याशी राजकुमार कराहें और बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल का लांजी आगमन के कई मायने निकाले जा रहे है, चूंकि वह महाकौशल के बड़े नेता के साथ ही लंबे समय से केंद्रीय राजनीति में सक्रिय है, यहीं नही बल्कि इस बार केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें विधानसभा में उतारा है। इससे वह भविष्य में भाजपा की प्रदेश सरकार बनने पर ओबीसी चेहरे के रूप में मुख्यमंत्री के दावेदार भी माने जा रहे है। जो कई समय पर भाजपा के लिए संकट मोचक की भूमिका भी निभा चुके है।

चूंकि चुनाव आचार संहिता के लगभग 2 माह पूर्व भाजपा ने अपने 39 प्रत्याशियों की घोषणा की है।

इसमें बालाघाट जिले की लांजी विधानसभा में राजकुमार कराहें की घोषणा की, जिसके बाद से यहां टिकट की आस पाले पूर्व विधायक रमेश भटेरे और उनके समर्थकों ने मोर्चा खोल दिया है। जो अब भी शांत नहीं हुआ है और यह विरोध लांजी में भाजपा के लिए घातक साबित ना हो यही सोच कर भाजपा ने लांजी में विरोध को रोकने प्रह्लाद पटेल को यह जिम्मेदारी सौंपी है।अब देखना यह होगा कि लाँजी में भाजपा में हुए दो फाड़ को प्रहलाद पटेल कैसे जोड़ते हैं?

## कांग्रेस नेत्री ब्रिंदम बिंदु जायसी सैकड़ो महिलाओं से मिलजुल कर ग्राम भरारी जलसो, कटहा, डोडकी, अकोला, चौहा, कोहरौदा, पेंड्री घर घर जा कर कांग्रेस सरकार की हर एक योजनाओं से अवगत

## कांग्रेस की महिला इकाई में दिख रहा भारी उत्साह

**समाज जागरण ब्यूरो**

मस्तुरी। विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेत्री बिंद्रम बिंदु जायसी ने अपने क्षेत्र मे लगातार जनसंपर्क कर मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के जनता का अपार जन समर्थन के साथ आशीर्वाद प्राप्त कर मस्तूरी क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी को लगातार मजबूत कर रही है बिंदु जायसी द्वारा सैकड़ो महिलाओं के साथ ग्राम पंचायत भरारी जलसो, कटहा, डोडकी, अकोला, चौहा, कोहरौदा, पेंड्री गांव के घर घर जा कर कांग्रेस सरकार की हर एक योजनाओं को बताते हुए सभी आम लोगों के समस्या को सुन कर हल करने वाली पार्टी बता कर छत्तीसगढ़ की सरकार महिलाओं के लिए अनेक योजनाओं लाकर महिला को लगातार मजबूत कर रही है सघन जनसंपर्क कर बिंदु जायसी ने सभी लोगों से संपर्क कर आह्वान कर रही बताया कांग्रेस की महिला इकाई में भी भारी उत्साह दिख रहा है। क्षेत्र की जनता



को कांग्रेस की रीति नीतियों से अवगत कराते हुए आमजन के हित में कार्य कर रही हु और बड़ी संख्या में कांग्रेस की महिला शक्ति का अपार समर्थन मिल रहा है जिससे लगातार कांग्रेस मजबूत होती जा रही है आम जनता का आशीर्वाद भी भरपूर मिल रहा है जिससे हम सभी महिलाएं गर्व से कहते हैं कि नारी शक्ति के आगे आने से निश्चित ही मस्तूरी विधानसभा को हम भारी बहुमत से जीतेंगे।

## बुढार नगर में विशाल निशुल्क स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन

### *शहडोल( बुढार)=भारत मेडिकल हाल की पहल पर विशाल निशुल्क स्वास्थ शिविर सम्पन्न हुआ, नामी चिकित्सकों के मार्गदर्शन में मिला लोगों को स्वास्थ लाभ*

बुढार= ।नगर के प्रसिद्ध केमिस्ट भारत मेडिकल स्टोर के द्वारा बिलासपुर(छत्तीसगढ़) की संस्था आर.बी.इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सहयोग से दिनांक 08/10/2023 को बुढार स्थित शू माल प्रांगण में एकदिवसीय विशाल निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जैतपुर विधायक मनीषा सिंह के द्वारा किया गया।जिसमे



मुख्य रूप से नगर परिषद बुढार के अध्यक्ष शालनी सारावगी, दौलत मनवानी,प्रकाश कृष्णानी,भजनलाल नानकवानी,राकेश तिवारी,विशाल मनवानी,भारत मेडिकल के संचालक अविनाश नानकवानी,की मौजूदगी रही। यह शिविर सुबह 11 बजे से शाम 5 तक बड़ी संख्या में मरीज शिविर लाभ लेने पहुंचे जिसमें प्रमुख रूप से स्त्री एवं प्रसूति रोग , नेत्र से संबंधित समस्याएं, चर्म रोग , हड्डी , हृदय रोग , दंत रोग , किडनी से संबंधित रोगों की जांच एवं परामर्श दिया गया।

शिविर के सफल आयोजन पर भारत मेडिकल हाल के संचालक अविनाश नानक बनी ने शिविर में पधारे सभी चिकित्सकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया एवं शिविर का लाभ उठाने वाले समस्त मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

# हाइटेंशन तार के संपर्क में आने से दो अधेड़ की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के नियामतपुर गांव एवं भिमलीचक गांव में हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दो अधेड़ की मौत हो गई। हादसा बिजली विभाग की लापरवाही हुआ। घटना के बारे में बताया जाता है मृतक नियामतपुर गांव निवासी देवलाल यादव उम्र 55 वर्ष, शनिवार की संध्या अपने रिश्तेदार के घर से अपने गांव आ रहे थे जैसे ही गांव के समीप पहुंचे तो पहले से ही जर्जर होकर गिरे हाइवोल्टेज बिजली तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे गोह थाने के एसआई लाल साहब तिवारी ने कागजी प्रक्रिया पुरी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज परिजनों को सौंप दिया है। वहीं दूसरी घटना प्रखंड के देवकुंड थाना के भिमलीचक गांव की है जहां रविवार की सुबह शौच



के लिए निकले किसान उमाशंकर सिंह उम्र 45 वर्ष की मौत पूर्व से जर्जर होकर गिरे हाइटेंशन तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह लाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। देवकुंड थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है।

# एशियन गेम्स 2023 मे भारतीय खिलाड़ियों ने

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- एशियन गेम्स 2023 मे सभी भारतीय खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, इतिहास रचने का काम किया है. उक्त जानकारी बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिठु, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, उदय शंकर पालित, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मो समद, मो अहमद राजा खान, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, टिंकू गिरी, श्रवण पासवान, प्रदुमंन दुबे, आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार एशियन गेम्स मे 100 से अधिक मेडल अपने नाम कर कीर्तिमान रचने का काम किया है. के नेता, कार्यकर्ता ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उजव्वल भविष्य की कामना किया.नेताओ ने कहा कि






नेताओ ने आगे कहा कि सभी पदक जितने वाले और खेलो मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों पर पूरे देश को गर्व है. सभी खिलाड़ियों को कांग्रेस पार्टी आज संपूर्ण देश मे एशियन गेम्स मे 100 से ज्यादा पदक जितने के बाद घर, घर जन, जन मे चक दे इंडिया का नारा बलंद हो रहा है.

# गोह महिला कांस्टेबल के साथ बदसलूकी करना एक युवक को महंगा पड़ा।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने शनिवार को एक महिला कांस्टेबल के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि डिहुरी गांव निवासी गुड्डू कुमार अपनी मोटरसाइकिल थाना गेट के सामने लगा दिया था। जब महिला सिपाही ने मना करने लगी तो उस महिला सिपाही के साथ युवक बदतमीजी करते हुए गाली गलौज करने लगा। तथा थाने में घुसकर सरकारी कार्यों में बाधा भी उत्पन्न किया। जिससे महिला सिपाही के बयान पर कांड संख्या 322/23 दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया है।



# पटेल जयंती को लेकर पटेल सेवा संघ की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने की तैयारी को लेकर हसपुरा बाजार के मालती उत्सव हॉल स्थित संघ के कार्यालय में पटेल सेवा संघ के सदस्यों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रामजीत सिंह व संचालन सचिव बिन्देश्वर ने किया। संघ के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह,विद्यानन्द सिंह,महिपाल सिंह,रामजीत प्रसाद ने कहा कि पटेल जयंती के अवसर पर खाद्य,एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह हसपुरा पटेल चौक पर आने का कार्यक्रम हो गया है।जिसकी तैयारी को लेकर संघ के सदस्यों ने विचार विमर्श करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति तैयार की। संघ के सदस्यों ने कहा लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती तभी सार्थक होगा जब उनके विचारों को आम जनमानस में रखा जाय। हृदयानंद सिंह , राजबल्लभ पटेल , बिन्देश्वरी सिंह,शिवबचन सिंह,अरुण प्रसाद सिंह ,अजय सिंह,सुशील सिंह, ने जयंती की तैयारी पर विचार रखा।




# भारत विकास परिषद रामगढ़ के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर लगाकर निःशुल्क मरीजों को जांच कर किया गया इलाज - प्रदीप शर्मा.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- भारत विकास परिषद रामगढ़ के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर मरीजों का इलाज किया गया. उक्त जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने आगे कहा कि भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन चितरपुर के सोढ स्थित व अजय ग्रीन गणेशा कंपलेक्स के परिसर में संपन्न हुआ.कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर महेश कुशवाहा व भारत विकास परिषद के वरीय पदाधिकारीयों ने दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता और स्वामी विवेकानंद के तैलिए चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस मौके पर रामगढ़ के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉक्टर आलोक रतन चौधरी के द्वारा स्वास्थ्य शिविर में सार्थक एवं सकारात्मक योगदान रहा. उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग एक सौ ज्यादा मरीजों को निःशुल्क जांच किया गया.सभी मरीजों का निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच किया गया. उन्होंने आगे कहा कि पचास से अधिक मरीजों का निःशुल्क ईसीजी जांच किया गया.इस अवसर पर रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश कुशवाहा ने जांच शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हृदय रोग से बचना है ,तो जंक फूड से परहेज करना पड़ेगा . तथा तैलीये खाद्य पदार्थ से बचना होगा .इस अवसर पर रामगढ़ के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा कि दातों का नियमित साफ-सफाई रखने से ही दांत के रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है . भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा डॉक्टर महेश कुशवाहा एवं डॉक्टर आलोक रतन चौधरी का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के कार्यक्रम संयोजक निलेश गुप्ता, रामगढ़ के जिला अध्यक्ष अमित साहू, भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, मनमोहन सिंह लांबा ,अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, समेत रांची से आए हुए रवि कुमार, अनिल कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे.



# सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों ने 14 सूत्री मांगों से संबंधित किया बैठक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद (बिहार):-- सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों ने विगत 08 सितंबर 2023 को चीफ इंजीनियर,औरंगाबाद के समक्ष अपनी 14- सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर के अपने धारावाहिक आंदोलन का शंखनाद कर दिया है. तथा जरूरत पड़ने पर डिवीजन स्तर पर या राज्य स्तर पर भी आंदोलन शुरू किया जाएगा . उक्त जानकारी महासंघ( गोप- गुट) के सचिव सत्येंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने आगे कहा कि मौसमी कर्मचारी संघ की दाऊदनगर डिवीजन,कार्यालय के प्रांगण में हुई बैठक में निर्णय लिया गया . बैठक में इसके साथ ही एक प्रस्ताव पारित कर दाऊदनगर कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में विगत 06 अक्टूबर 2023 को यूनियन का पत्र नहीं स्वीकार करने और उसकी पावती नहीं देने की कड़ी निन्दा की गई. तथा यह तय किया गया कि कल अध्यक्ष,सचिव,इत्यादि कमिटी के लोग एक बार फिर से उक्त पत्र को कार्यपालक अभियंता से मिलकर उन्हें देने का निर्णय लिया. तथा यह भी तय किया कि उनसे शिष्टमंडल वार्ता के जरिए कर्मियों की समस्याओं का समाधान कराने का निर्णय लिया . इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि दशहरा के पूर्व यदि मौसमी कर्मियों का पिछले पांच महीने के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया ,तो सभी मौसमी कर्मी दशहरा बाद धारावाहिक आंदोलन में उतरने को बाध्य होंगे. जिसकी सारी जवाबदेही सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों एवं सरकार की होगी .इस बैठक में उपस्थित महासंघ (गोप- गुट) के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार ने आगे कहा कि विगत 08 सितंबर 2023 को औरंगाबाद में हुए प्रदर्शन के दौरान सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर साहब से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संघ से शिष्टमंडल वार्ता हुई है तथा अधिकांश मांगों की पूर्ति के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन चीफ इंजीनियर महोदय ने दिया था .लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि चीफ इंजीनियर साहेब ने आज तक कोई भी कारगर और पारदर्शी कार्रवाई नहीं की है. उन्होंने उपस्थित मौसमी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही शिष्टमंडल वार्ता में मिले आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई नहीं होती है तो दशहरा पर्व के बाद इसी अक्टूबर माह के अन्तिम सप्ताह में सभी मौसमी कर्मियों को जुझारू एवं धारावाहिक आंदोलन में उतरने के लिए कमर कसकर तैयार रहना है . इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि आने वाले निकट भविष्य में अपनी मांगों में शामिल विभिन्न मुद्दों, जैसे- स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा मौसमी कर्मियों के खिलाफ किए जा रहे शोषण-दमन-उत्पीड़न बंद कराने,विगत जून-2023 से लेकर सितंबर 2023 तक के वेतन का भुगतान हर हाल में दशहरा के पूर्व कर देने,सभी मौसमी कर्मियों को विभाग के स्तर से पहचान-पत्र निर्गत कराने, उन्हे वर्दी,टॉर्च, सिटी,साइकिल,छाता,कार्य से संबंधित उपकरण-औजार मुहैय्या कराने,मौसमी कर्मचारियों से स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा सादा मास्टर रॉल पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराकर उन्हें वेतन से वंचित कर देने की प्रवृति पर रोक लगवाने, उनके खाते में राशि भेजकर भी उनसे वापस राशि वसूल कर लेने की प्रथा बंद करवाने,मौसमी कर्मियों के साथ पदाधिकारियों द्वारा गुलामों जैसे किए जा रहे अपमानजनक दुर्व्यवहार बंद कराने एवं उक्त मामलों से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करवाने, इत्यादि 14-सूत्री मांगों की पूर्ति के लिए आवश्यकता पड़ने पर धारावाहिक और जुझारू आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया . इस बैठक की अध्यक्षता संघ के दाउदनगर प्रमंडलीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने किया. इनके अलावा इस बैठक को मौसमी कर्मचारी संघ के राज्याध्यक्ष- जयराम सिंह,कोषाध्यक्ष- रविशंकर कुमार,सचिव अरविन्द कुमार, प्रमंडलीय अध्यक्ष- रविन्द्र कुमार, सदस्य- रविन्द्र सिंह,ब्रजेश कुमार,नन्हे यादव,गुड्डू निषाद,कमलेश मल्लाह,छोटन बैठा,हरिनंदन पासवान,माधव पासवान,नीतीश कुमार,जनेश्वर ठाकुर, गजेन्द्र चौधरी,प्रेमाशंकर,सूरज कुमार,बबन राम,रमेश साव, अजय ठाकुर, सोनू कुमार,लालन सिंह,बिनोद कुमार सिंह,राजेश्वर यादव,इत्यादि सैंकड़ों मौसमी कर्मियों ने भी संबोधित किया.

# एन एम ओ पी एस( पुरानी पेंशन हेतु प्रतिबद्ध संगठन) ने आगामी 10 दिसंबर को पटना में पेंशन मानवाधिकार रैली की तैयारी को लेकर किया समीक्षा बैठक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार):- 01 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित सफल रैली के बाद एनएमओपीएस (पुरानी पेंशन हेतु प्रतिबद्ध संगठन) की बिहार इकाई के तत्वधान में राज्य नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 10 दिसंबर2023 को पटना में पेंशन मानवाधिकार रैली के तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक किया गया . बैठक के दौरान रैली में बिहार के विभिन्न विभागो से लगभग 01 लाख पेंशन विहीन पदाधिकारी/ कर्मचारियों के भाग लेने की संभावना पर विचार विमर्श किया गया.इस संबंध में एन एम ओ पी एस बिहार प्रदेश अध्यक्ष वरुण पांडेय नाम मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आगामी 10 दिसंबर 2023 को पटना में पुरानी पेंशन लागू करने की मांग के समर्थन में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है .जिसमें राज्य और केंद्र के लाखों की संख्या में पेंशन विहीन साथियों के जुटने की संभावना है.इसकी तैयारी जोर-जोर से चल रही है . श्री पांडे द्वारा बिहार के सभी सेवा/संगठनों से अपने सदस्यों के साथ इस रैली में भाग लेने का आह्वान किया गया. प्रदेश महासचिव शशि भूषण कुमार ने कहा कि हम लोग केंद्र सरकार और राज्य सरकार से लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे है, इसी क्रम में 10 दिसंबर को पटना में पुरानी पेंशन योजना की बहाली हेतु महारैली का आयोजन



किया जा रहा है, जिसका विशाल होने का अनुमान है. रैली की तैयारी आज से ही होने जा रही है .यदि सरकार द्वारा हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है ,तो विवश होकर राज्य कर्मी आंदोलन के लिए प्रेरित होंगे. और आगामी चुनाव में अपने बैलेट का प्रयोग करेंगे. प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव तिवारी ने कहा कि 'एक ही मिशन, पुरानी पेंशन' के तर्ज पर हम लोग तब तक संघर्ष करते रहेंगे, जब तक बिहार में पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा नहीं हो जाती. श्री तिवारी द्वारा सभी पेंशन विहीन साथियों से अनुरोध किया गया कि पुरानी पेंशन की लड़ाई अब निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है और इस आंदोलन के लिए अगले 02 महीने बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे .इसलिए हम सभी को पूरे मनोयोग से इस आंदोलन को समर्थन देते हुए पटना की रैली में भाग लेना चाहिए .बैठक का संचालन शशि कांत शशि, प्रदेश समन्वयक सह जिला सचिव भागलपुर द्वारा किया गया.उनके द्वारा यह अपील किया गया कि पेंशन महारैली के विशाल आयोजन में सभी संघ/ कर्मीगण इस आंदोलन के सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान भी करें.साथ ही सभी जिले के सांडों एवं उनके प्रतिनिधियों से सामूहिक प्रयास करने का अनुरोध किया गया.आभासी बैठक में प्रदेश टीम के पदाधिकारियों, सभी संघों के प्रतिनिधि एवम् जिला टीम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें.

# गया में त्रिस्तरीय पंचायतीराज व नगर निकाय अधिकार मंच गठित, अधिकारों की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार तरीके से खोलेगा मोर्चा- नैना देवी

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- पंचायती राज द्वारा अधिकारों से वंचित किए जाने के खिलाफ धारदार आंदोलन की रणनीति जनप्रतिनिधियों के द्वारा तैयार की गई है. इसे लेकर रविवार को जिला परिषद के सभागार में जिले के सभी जिला परिषद, वार्ड पार्षद (नगर निगम), मुखिया, पंच, वार्ड सदस्य की एक बैठक हुई. बैठक में कमेटी का गठन किया गया. जनप्रतिनिधियों की चली महाबैठक में एक बड़ा मोर्चा तैयार किया गया, जिसका नाम त्रिस्तरीय पंचायतीराज एवं नगर निकाय अधिकार मंच दिया गया है. इस मंच के तले अब जिले के पंचायत नगर के प्रतिनिधि अपने अधिकारों को पाने को लेकर सरकार के खिलाफ धारदार आंदोलन चलाएंगे.गठित त्रिस्तरीय पंचायतीराज एवं नगर निकाय अधिकार मंच में ये हुए हैं शामिल . बताते चलें कि त्रिस्तरीय पंचायत राज एवं नगर निकाय अधिकार मंच की गठित कमेटी में अध्यक्ष का पद जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी को दिया गया है. वहीं, संरक्षक गया के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान को बनाया गया है. महामंत्री के रूप में जिप उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव बने हैं. वही संयोजक के तौर पर पूर्व डिप्टी मेयर सह सशक्त स्थाई समिति के डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव को बनाया गया है. इसके अलावा कोषाध्यक्ष जिप सदस्य बेलागंज बबीता देवी को बनाया गया है. सचिव के रूप में मुखिया संघ के सीताराम यादव बनाया गया है. वहीं उपाध्यक्ष के तौर पर जिप सदस्य सुरेश प्रसाद यादव, बालेश्वर यादव, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ डब्लू यादव, प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष कांति देवी, पार्षद तबस्सुम परवीन, डिप्टी मेयर चिंता देवी को शामिल किया गया है.पंचायत-नगर प्रतिनिधियों की उपेक्षा के खिलाफ सरकार के खिलाफ उतरेगें.इस संबंध में त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं नगर निकाय अधिकार मंच के संयोजक



अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के संविधान में 73वां 74वां संशोधन हुआ. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना पंचायती राज नगर निकाय का गठन का था. इस संविधान का संशोधन के बाद संविधान का वर्णन 243 में है. इसमें है, कि चाहे वह केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार विधि द्वारा जो होगा, मजबूती के लिए किया जाएगा. किंतु इसे मजबूती से नहीं लागू कर-के कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है. विधानसभा हो या लोकसभा द्वारा जो होना है, वहां एक अधिकारी चिट्ठी अपनी सुविधा अनुसार लिख देता है, जो सही नहीं है. इसे लेकर रविवार को एक बैठक हुई, जिसमें जिले के सभी जिला पार्षद, सभी वार्ड पार्षद, मुखिया, पंचायत समिति, पंच, वार्ड सदस्य शामिल हुए, जिसमें एक मत होकर निर्णय लिया गया. यह तय किया गया कि त्रिस्तरीय पंचायत राज एवं नगर निकाय अधिकार मंच के बैनर तले आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी, जो कि पंचायत प्रतिनिधि, नगर प्रतिनिधियों के अधिकारों की होगी. सरकारी उपेक्षा का जोरदार विरोध किया जाएगा.2 साल से नहीं हो रहा है विकास .वहीं, मंच के अध्यक्ष नैना देवी और और संरक्षक गणेश पासवान ने कहा कि अपने अधिकारों को लेकर संगठन बनाया गया है. इसके बैनर तले हम लोग एकजुट होकर अपने अधिकारों की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे. यह लड़ाई मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी. वही त्रिस्तरीय पंचायतीराज एवं नगर निकाय अधिकार मंच के महामंत्री शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि पिछले 2 साल से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ है किंतु सरकार के द्वारा हमें अधिकारों से वंचित किया जा रहा है. 2 साल होने को है, अभी भी विकास की गति धीमी है. सरकार की नजर कानून में संशोधन पर है और हमारे अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है. जिला परिषद में 100 करोड़ रुपए आए हुए हैं, लेकिन काम नहीं हो रहा है. इसके खिलाफ हम लोगों ने यह मंच गठन किया है और अब सरकार के खिलाफ अधिकारों के लिए लड़ाई चलेगी.मौके पर पार्षद अंजली कुमारी, विनोद यादव, संजय सिन्हा, जिप सदस्य नागमणी कुमार, स्वेता यादव, गुड्डू पासवान, गुलिस्ता खातून, ओम यादव, जिप सदस्य ज्योति कुमारी, धर्मवीर सिंह उर्फ सरदार जी, जय प्रकाश यादव, डिम्पल कुमार, जितेंद्र कुमार, सहित अन्य मौजूद थे.

# पितृपक्ष विशेषांक 'गया गीतिका' के चतुर्थ अंक का किया गया लोकार्पण- डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)-गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के डॉ. मंजू करण सांस्कृतिक सभागार में पितृपक्ष विशेषांक "गया गीतिका" के चतुर्थ अंक का लोकार्पण मुख्य अतिथि जदयू के बिहार प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सभापति सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र, महामंत्री सुमंत, गया गीतिका के प्रधान संपादक डॉ.राकेश कुमार सिन्हा 'रवि' व संपादक डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, कार्यक्रम संयोजक-सह-गया गीतिका के प्रकाशक अश्विनी कुमार तथा कार्यक्रम के संचालक अरविंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.सम्मेलन के सभापति सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र तथा महामंत्री सुमंत ने संपादक मंडल को गया गीतिका के चौथे अंक के प्रकाशन पर शुभकामनाएँ दिया .मुख्य अतिथि चंदन कुमार सिंह ने कहा कि यह एक अच्छा संयोग है कि गया में पितृपक्ष मेला चल रहा है, और इस समय पितृपक्ष विशेषांक गया गीतिका के चौथे अंक का लोकार्पण किया जा रहा है. उन्होंने संपादक मंडल के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस पत्रिका से गयाजी के यश में वृद्धि होगी. साथ ही, पितृपक्ष महासंगम में आये श्रद्धालुओं को गया जी के बारे में नयी जानकारियां मिल सकेंगी.गया गीतिका की संपादक डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने गया गीतिका के प्रकाशन में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी रचनाकारों एवं शुभेच्छुओं के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि गया गीतिका के चौथे अंक में मोक्षभूमि गया की धार्मिक, सामाजिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक गरिमा को




दशार्ते उत्तम आलेखों का संकलन है। डॉ रश्मि के अनुसार पत्रिका में शहर, संस्कार तथा संस्कृति नाम से तीन विभाग हैं, जिनमें नामानुरूप आलेखों का संकलन है.उन्होंने पत्रिका के प्रकाशन में अहम भूमिका निभाने हेतु डॉ राकेश कुमार सिन्हा रवि और अश्विनी कुमार को विशेष रूप से शुभकामनाएं दीं.प्रधान संपादक डॉ. राकेश कुमार सिन्हा 'रवि' ने गया गीतिका में प्रकाशित सभी आलेखों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि गया गीतिका के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य पाठकों को गया की महिमा से परिचित करवाना है.पत्रिका लोकार्पण के उपरांत वरिष्ठ कवि प्रवीण परिमल, खालिद हुसैन परदेसी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, चन्द्रदेव केशरी, मिथिलेश मिश्र दर्द, गजेंद्र लाल अधीर, अजीत कुमार, मुद्रिका सिंह ने काव्य संध्या में अपनी रचनाएँ पढ़ीं, जिनपर श्रोता प्यारचन्द कुमार मोहन, उपेन्द्र सिंह, डॉ.राम परिखा सिंह, डॉ.मुरली मनोहर पांडे, सूरज कुमार, शंकर प्रसाद, उदय सिंह आदि ने खूब वाहवाहियां लगायीं.

काव्य संध्या में अधिकतर रचनाएँ पितृपक्ष पर आधारित थीं। डॉ रश्मि ने पितृपक्ष की महत्ता दशार्ती हुईं "धन्य फल्गु की धार, धन्य है गयाधाम की धरा महान धन्य विष्णुपद, धन्य पूर्वजों के प्रति श्रद्धामय सम्मान. धन्य महासंगम विराट, सत्कर्मों का यह शुचि मेला .धन्य-धन्य, है धन्य-धन्य, यह पितृपक्ष की शुभ वेला.." पंक्तियों द्वारा पितृपक्ष के महत्व को उद्घाटित किया. लोकार्पित विशेषांक के प्रकाशक अश्विनी कुमार ने प्रकाशन में आर्थिक रूप से सहयोग देने हेतु श्री विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति, डॉ प्रेम कुमार (नगर विधायक), बच्चों का अस्पताल, डालमिया बाजार के प्रबंध निदेशक शिव कैलाश डालमिया, वैष्णवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, प्रमोद लडडू भंडार, सेरेमोनिया बैंक्वेट हॉल की ओनर एवं रोटरी क्लब ऑफ गया की अध्यक्ष राखी भदानी के प्रति हार्दिक आभार जताया.धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभापति सुरेन्द्र सिंह सुरेन्द्र ने कहा कि गया गीतिका एक ऐसी कृति बन गई है, जिसकी उपयोगिता आने वाले समय में भी बनी रहेगी.

# जखौरा गांव में खेत मजदूर यूनियन संघ का हुआ बैठक

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड में अगामी 11 अक्टूबर को खेत मजदूर यूनियन का सम्मेलन की तैयारी को लेकर जखौरा गांव में कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुबास सिंह ने किया। सीपीआई के अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने 11 अक्टूबर की सम्मेलन व अगामी 2 नवंबर को पटना में होने वाली रैली की तैयारी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा मजदूरों की हक के लिए सीपीआई बराबर संघर्षरत रहती है। सम्मेलन व पटना की रैली ऐतिहासिक हो इसके लिए गांव - गांव में संपर्क अभियान चलाया जाएगा। पार्टी पुरी तरह शंकल्पित है कि लोकतंत्र को हिफाजत के लिए पटना की रैली में शंखनाद किया जायेगा। कामेश्वर सिंह, राम जनक सिंह,विजय कुमार, संजय राम, कामता यादव, अशोक साव, ब्रजेश राम , दीपक कुमार ने सम्मेलन व पटना रैली की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा हम सब कार्यकर्ता मिलकर प्रचार प्रसार तेज करेंगे।



# हथियार के साथ फोटो वायरल होने पर युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 8 अक्टूबर 2023 :- सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर के आधार पर एक युवक को रिसियप थाना की पुलिस द्वारा रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान देउरा गांव निवासी चंद्रलोक कुमार उर्फ निरहुआ के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर अवैध देसी कट्टा के साथ युवक की तस्वीर वायरल होने पर जांच पड़ताल की गई।वायरल तस्वीर की पुष्टि होने के पश्चात आरोपी को पकड़ा गया। पूछ-ताछ के दौरान युवक ने बताया कि उक्त अवैध कट्टा उसके दोस्त नबीनगर थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव निवासी सुरज कुमार सिंह का है। चंद्रलोक कुमार के बयान पर पुलिस ने उसके दोस्त के घर छापेमारी की परन्तु पुलिस द्वारा छापेमारी की भनक लगते वह फरार हो गया। पुलिस सूरज कुमार की तलाश कर रही है। इधर पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।



# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को मिला सम्मान

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 8 अक्टूबर 2023 :- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन रविवार को प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया और उनके आंगन की मिट्टी को अमृत कलश में भरकर अमृत वाटिका निर्माण के लिए दिल्ली भेजा गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में स्वतंत्रता सेनानी के परिजन करमडीह गांव निवासी शंभू सिंह, बेदौलिया गांव निवासी बसंत सिंह एवं शहीद के परिजन परता गांव निवासी मिथिला देवी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान 47 वाहिनी के.रि पु. बल के असिस्टेंट कमांडेंट प्रदीप कुमार, अंचलाधिकारी अभय कुमार, बीपीआरओ हरेंद्र चौधरी, अंबा थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य दिलीप पासवान, अजय कुमार चंद्रवंशी, कंचन गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



# तीस्ता नदी के बाढ़ से ठाकुरगंज के मजदूरों पर टूटा दुःखों का पहाड़।

## सुरक्षित घर वापसी हेतु जिला प्रशासन सक्रिय ।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

परिवार के सदस्यों का भरण-पोषण करने हेतु आजीविका अर्जन करने को अपने गृह प्रदेश से मजदूरों का पलायन बिहार के माथे पर एक कलंक के समान है। ऐसे में उन्हें घर-परिवार से सैकड़ो-हजारों किलोमीटर दूर आनेवाले प्राकृतिक आपदा को भी अकेले झेलने पड़ते हैं ।

सिक्किम में बादल फटने से आयी तीस्ता में हाहाकारी बाढ़ ने किसी व्यक्ति को संभलने का मौका नहीं दिया। इस प्राकृतिक आपदा से मची तबाही ने ठाकुरगंज के मजदूरों व कामगारों को भी बुरी तरह प्रभावित किया। उन्हें भी बाढ़ राहत शिविरों में शरण लेकर अपनी जीवन काटने को विवश कर दिया। उनमें से कई किसी तरह अपनी जान-माल की रक्षा कर ठाकुरगंज लौटने लगे हैं। खाली हाथ लौटने को विवश मजदूरों के चेहरों पर उड़ रही हवाइयां उनके





दुःख व दर्द की कहानियां खुद-ब-खुद बयां कर रही हैं। घर लौटे मजदूरों ने बताया कि इस भीषण बाढ़ ने उन्हें अपने-अपने सामानों को भी समेटने का मौका नहीं दिया।

वही दूसरी तरफ इस घटना के तुरंत बाद स्थानीय मजदूरों व कामगारों के फंसने की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन सक्रिय अवस्था में आया। जिला पदाधिकारी, किशनगंज के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में नियंत्रण कक्ष को सक्रिय किया गया जिसका दूरभाष नम्बर 06456225152 को सार्वजनिक किया गया है। नौशाद आलम, उपाध्यक्ष, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के द्वारा जिला प्रशासन को ठाकुरगंज के 34 लोगों की सूची उपलब्ध करवाई गयी है जो गंगटोक के विभिन्न क्षेत्रों में फंसे हुए हैं जिनमें से कई का मोबाइल नम्बर भी उपलब्ध करवाया गया है।

लोगों को भरोसा है कि सिक्किम सरकार के सहयोग से बिहार के प्रभावित मजदूरों व कामगारों को सुरक्षित उनके अपने-अपने घरों पर वापस भेज दिया जाएगा।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज द्वारा रविवार को किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड के पंचायत भवन ताराबाड़ी पदमपुर में ह्लअसंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएँ ह्व नालसा योजना, 2015 के संबंध में जागरूकता हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज द्वारा रामानंद गणेश, पैनल अधिवक्ता एवं हबीबुर रहमान, पारा विधिक स्वयं सेवक की प्रतिनियुक्ति की गई थी। प्रतिनियुक्त पैनल अधिवक्ता ने बताया की श्रमिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नालसा योजना- 2015 के अंतर्गत जागरूकता अभियान का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने, उन्हें संबंधित सुविधाओं का लाभ प्रदान करवाने व उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को श्रम विभाग में पंजीकरण कराना आवश्यक है। उपरोक्त जानकारी के साथ साथ पैनल



अधिवक्ता ने दिनांक - 09.12.2023 को व्यवहार न्यायालय परिसर किशनगंज में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया। उपरोक्त के अतिरिक्त उपभोक्ता अधिनियम एवं मध्यस्थता के संदर्भ में भी लोगों को जागरुक किया गया। पारा विधिक स्वयं सेवक ने ग्रामीणों में लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु पम्फलेट वितरित किए।

# शतरंज प्रतियोगिता में रचित व रिया ने मारी बाजी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में गट्टानी परिसर तेघरिया में संचालित की जा रही एक शतरंज प्रशिक्षण केंद्र किशनगंज चेस एकेडमी में रविवार के दिन एक निःशुल्क जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रचित बियानी व रिया गुप्ता ने बाजी मारी। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं



वरीय संयुक्त सचिव सह कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ने सूचित किया कि इस प्रतियोगिता के बालक विभाग में रमित जैन एवं संयम अग्रवाल को क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मानव तामांग, विवान दे, सार्थक आनंद, रणवीर रमेश साहा, ग्रंथ जैन, पूर्ण दोकानिया, सुंदर राय, अजितेश साहा, अयांश रंजन, मयंक कुमार एवं अन्य क्रमशः उनके पीछे-पीछे रहे। बालिका विभाग में रिया के बाद आस्था अग्रवाल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ एवं दिवास सुराणा को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

इस प्रतियोगिता के शीर्ष विजेताओं को संघ के उपाध्यक्ष मनोज गट्टानी एवं उपाध्यक्ष बासुकीनाथ गुप्ता ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। शेष प्रतिभागियों को भी पारितोषिक प्रदान किया गया। व्यवस्था संभालने में संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, रोहन कुमार, मोहम्मद अमानुल्लाह एवं अन्य ने अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# 17 और 18 दिसंबर को होगा सिताथापा महोत्सव।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 9 अक्तूबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले मदनपुर के नीमा स्थित सीता थापा धाम पर दो दिवसीय महोत्सव कराए जाने को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई।

**बैठक की अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के सचिव महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया।**

इस दौरान सर्वसम्मति से 17 और 18 दिसंबर को सीता राम विवाह के उपलक्ष पर दो दिवसीय महोत्सव कराए जाने का निर्णय लिया गया। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि सीता थापा की महिमा को पर्यटन स्थल में शामिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस



धार्मिक स्थल को उजागर किया जाएगा,

**इस लिए महोत्सव कराना जरूरी है।जिसकी रूपरेखा हेतु बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में सीता थापा महोत्सव के अध्यक्ष जगन यादव घटराइन पंचायत के मुखिया संजय यादव समाजसेवी रामेश्वर कुमार रोशन सरोज कुमार विनय कुमार सिंह गोकुल सिंह बबलू यादव संजय सिंह जसपाल यादव सत्येंद्र यादव मदन माइकल शिक्षक सत्येंद्र सिंह पुजारी पारसनाथ पांडे युवा वैज्ञानिक आचार्य सुमित रंजन सहित अन्य लोग बैठक में शामिल हुए।

# सिक्किम में लापता जयगांव के निवासी विकास छेत्री, परिवार वाले चिंतित

**उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: ब्यूरो चीफ ( दार्जिलिंग):**

तीस्ता में आई बाढ़ ने सिक्किम को तबाह कर दिया है। इस बाढ़ में कई घर और वाहनें बह गयी है। कई लोगों की मौत हो गयी है। कई लोग अब भी लापता हैं। वहीं, अलीपुरद्वार के जयगांव खोकलाबस्ती थापा टोल इलाके के निवासी विकास छेत्री सिक्किम गए थे। जिसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। जिससे परिजन चिंतित हैं।



परिजनों की ओर से बताया गया है कि विकास एक निजी कंपनी में चालक के तौर पर का काम करता है। बुधवार से उससे कोई संपर्क नहीं होने से परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। गुरुवार को विकास जिस कंपनी में काम करता था। उसके मालिक ने फोन पर बताया कि तीस्ता में वाहन समेत चालक बह गया है। इसके बाद अब तक कोई खबर नहीं मिली है। इसे लेकर परिवार चिंतित है। वहीं, विकास छेत्री की पत्नी सीता छेत्री ने बताया कि वह मंगलवार को सिलीगुड़ी से ट्रक लेकर सिक्किम गए थे। उस रात वह वहीं रूके थे। आखिरी बात रात में हुई थी। उसके बाद उनके साथ कोई संपर्क नहीं हुआ है।

# दुर्घटना को आमंत्रित करता संकरी नगरीय सड़क पर दौड़ती ओवरलोडेड ट्रक और हाइवा

## ओवरलोड ट्रक और हाइवा के परिचालन से दम तोड़ती नगरीय सड़क।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

नगर पंचायत ठाकुरगंज में अवस्थित जगन्नाथ मंदिर के उत्तरी भाग होकर पश्चिम बंगाल के विधान नगर मार्ग से जुड़ने वाली नगरीय सड़क संकरी व घुमावदार है। इसके बावजूद इस मार्ग से ओवरलोड ट्रक्स और हाइवा का परिचालन धड़ल्ले से होता है। इस स्थिति में इस सड़क किनारे बसे नगरवासियों को दिन-रात किसी न किसी दुर्घटना के घटित होने के आशंका घेरे रहती है।



ओवरलोडेड ट्रक्स और हाइवा के बेरोकटोक परिचालन से इस नगरीय सड़क की दशा दयनीय हो चली है। समय से पूर्व ही यह सड़क दम तोड़ती नजर आने लगी है।

इस सड़क किनारे बसे लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही प्रशासन की नींद टूटेगी ताकि उनसभी को किसी दुर्घटना की आशंका से मुक्ति मिल सके तथा जर्जर होती इस सड़क को एक बार फिर से सांसें लेने का मौका मिल सके।

# पुनपुन महोत्सव के लिए बैठक मे सरकार से 25 लाख रुपए की मांग

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 8 अक्टूबर 2023 नबीनगर प्रखंड के टंडवा बाजार के समीप सूर्य मंदिर परिसर मे पुनपुन महोत्सव आयोजन समिति की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वनाथ तिवारी एवम संचालन सचिव राजेश कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक मे वक्ताओं ने पुनपुन नदी के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुनपुन नदी का धार्मिक रूप से बहुत महत्व है यह नदी मोक्ष दायिनी और आदि गंगे के नाम से भी जाना जाता है। इस नदी का महत्व पितृपक्ष मे और भी बढ़ जाता है।यह नदी पटना के नजदीक फतुहा मे जाकर गंगा नदी मे मिलती है इस बीच कई नदियों का संगम भी पुनपुन नदी मे होता है।लेकिन लोगो ने अफसोस जाहिर करते हुए बताया कि पुनपुन नदी आज नदी नही बल्कि नाला बनकर रह गया है बैठक मे क्षोभ व्यक्त करते हुऐ बताया गया कि नदी का उद्गम स्थल टंडवा से लेकर नबीनगर तक अतिक्रमण का शिकार हो गया है और घरों एवम अस्पताल का गंदा पानी पुनपुन मे गिरता हैं जिसे अतिक्रमण मुक्त और साफ सफाई जाएगी साथ ही पुनपुन महोत्सव सरकार द्वारा आयोजित किए जाने की मांग की जाएगी। बैठक मे यह भी निर्णय लिया गया कि इसकी एक



की आवश्यकता है। इसकी महत्ता को देखते हुऐ बिगत कई वर्षो से पुनपुन महोत्सव का अयोजन किया जा रहा है। बैठक मे पुनपुन महोत्सव आयोजन के लिए सरकार से 25 लाख रुपए की मांग की गई है ।इसके लिए समिति ने औरंगाबाद के जिलाधिकारी से एक शिष्टमंडल मिलकर महोत्सव आयोजन के लिए सरकार के कला एवम सांस्कृतिक विभाग से महोत्सव आयोजन के लिए 25 लाख रूपए की मांग की प्रतिलिपि स्थानीय विधायक राजेश कुमार को भी दिया जायेगा। एक अन्य प्रस्ताव मे सरकार से पुनपुन नदी को नदी से नदी जोड़ने का भी मांग किया गया।

बैठक मे अशोक कुमार मेहता, उमेश प्रसाद, नरेंद्र मेहता, अश्विनी कुमार सौरभ ,कमलेश कुमार सिंह, राधेश्याम सोनी, अंकित कुमार सिंह, बृजेश तिवारी, रामाधार तिवारी, सुनील तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे

# कांग्रेस कार्यकर्ता ने चलाया सदस्यता अभियान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

08 अक्टूबर रविवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हालामाला वार्ड नं. 05 मे कांग्रेस पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान चालाया गया।जिसमें दर्जनों लोगो को पार्टी कि बड़ी जिम्मेवारी दि गयी। वहीं जावेद इकबाल जिलाध्यक्ष ओबीसी विभाग एवं शंभू यादव प्रदेश सचिव बिहार प्रदेश



कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही गोष्ठी आयोजित कर लोगों को पार्टी की नीतियां बताई गई एवं पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# भानखाप जानेवाली सड़क पुल का मरम्मत जल्द किया जायेगा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 8 सितम्बर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के भानखाप जाने वाली सड़क का पुल पुनपुन नदी में पानी आने के कारण कुछ दिन पूर्व टूट गई थी जिससे ग्रामीणों एवम राहगीरों को आने जाने मे काफी कठिनाई हो रही थी। पुनपुन नदी पर इस पुलिया को मरम्मत करने को लेकर ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन सिंह से मिलकर जल्द पुल निर्माण कराने का आग्रह किया ताकि इस



क्षेत्र के लोगो को आवागमन मे सुविधा हो सके। अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन सिंह और वार्ड सदस्य इंदल सिंह द्वारा स्थल सर्वेक्षण करते हुए पुलिया को जल्द मरम्मत करने का आश्वासन देते हुए उस रास्ते को जल्द मरम्मत करने का निर्णय लिया।

# सुनो पथिक

हो पंथ पथरीला,सुनो पथिक !
तुम रुक ना जाना राहों में...।
मंजिल मिलती है सदा ही,
मुश्किलों की बाहों में।।

मेहनत से डर कर ना जीवन,
व्यर्थ गंवाना आहों में।
खुशियां मिलती नही यहां
बेमतलब की चाहों में।

लहू गिरे जो समर भूमि में,
उठा भाल पर तिलक करो।
हुंकार भरो,आगे बढ़ों तुम
बाधाओं से ना कभी डरो।

जरा- जरा सी बातों से
घबरा जाए वो वीर नही।
व्यर्थ गंवाए वक्त खेल में
पछताए वो धीर नही।
हो कर्मवीर तुम कर्म करो
जीवन कर्म सिखलाता है।
जो हार ना माने कभी किसी से
ईश्वर को वो ही भाता है।

सुनो पथिक तुम अपने पथ पर
जलते,तपते तुम अड़े रहो।
हो लाख मुसीबत जीवन में
चट्टान बने तुम खड़े रहो।।



**बिन्दु अग्रवाल, शिक्षिका सह कवयित्री,**
**लेखिका किशनगंज, बिहार**

# मेरी कविता :

## समय होत बलवान

एक अकेला मैं आया हूँ
और अकेला ही जाऊँगा,
एक अकेला चलना सीखा
और अकेला बढ़ जाऊँगा ।

आस्था विश्वास अडिग मेरी
इनमें समझौता नहीं करूँगा,
बाधायें आयें कितनी भी,
भूल सभी कुछ जाऊँगा ।

नहीं डरूँगा नहीं हटूँगा चाहे
कितना भी धमकाया जाये,
धर्म करूँगा, कर्म करूँगा,
नर होकर न निराश करूँगा।

भूल नहीं सकता हूँ उनको,
जो साथ हमारे खड़े रहे,
जिनका प्रेम स्नेह मिला,
उनसे कैसे घृणा करूँगा ।

जिनका है विश्वास मिला
उनसे विश्वास निभाऊँगा,
उनको क्यों धोखा देना,
उन सबको राह दिखाऊँगा।

समय एक सा नही रहेगा,
परिस्थितियाँ भी बदलेंगी,
यही सोच अनमोल बड़ी,
यही अडिग ताकत देगी ।

स्थितिवश आज ताकतवर,
समय बड़ा बलवान मगर,
आदित्य बदलती स्थिति है,
तब ताकत आती नहीं नजर।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र,**
**आदित्य लखनऊ**

# क्या पुलिस संरक्षण में ही पूंजी पत्तियों से रंगदारी वसूले जाते हैं और पूंजीपतियों की हत्या होती है ?

## क्या हॉथो में हथियार लेकर निशाना लगाते हुए एक युवक का वायर तस्वीर, पुलिस द्वारा संरक्षित गुंडों की हैं ?

**समाज जागरण, 07 अक्टूबर 2023:-**

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का नबीनगर थाना क्षेत्र में शोशल मीडिया के माध्यम से अपने हॉथो में हथियार को दिखाकर जनमानस/खासकर पुंजीपतियो के बीच आतंक बन चुके युवक कौन है ? और पुलिस इनके सामने आखिर नतमस्तक क्यों है। क्या मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने हाथों में हथियार से निशाना लगाते हुए अपने तस्वीर को वायर करने वाले युवक, पुलिस संरक्षित गुण्डा है ? अगर पुलिस संरक्षित गुण्डा नहीं है तो जिस युवक ने मोटरसाइकिल पर बैठकर हथियार से निशाना लगाते हुए अपने तस्वीर को वायरल किया है, वह कौन है, उस पर पुलिस मेहरबान क्यों है? और हांथों मे हथियार लेकर तस्वीर वायर करने वाले युवक पर आजतक पुलिस द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई क्यों नहीं की गई ?, क्या पुलिस संरक्षण में ही पूंजी पत्तियों से रंगदारी वसूले जाते हैं और पूंजीपतियों की हत्या होती है ,इत्यादि अनेको प्रश्न, जनमानस के जेहन में रौंद रहें हैं वहीं जनमानस द्वारा मीडिया से ऐसे सवालों की झड़ी लगाकर बोलती को बंद कर दिया जा रहा है, जैसे मीडिया वालों ने बंदूक लहराया है अथवा लहरवाया हैं। दबे जुबान जनमानस की गुस्सा यहां के मीडिया वालों पर भी है तथा मीडिया की संरक्षण में यह बारदातें होने की आरोप भी लगाते आ रहे हैं।

**गोल्डन दास नामक युवक द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से**

सरकार , तमाम प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा मीडिया को संदेश भेजा गया हैं जिसमें कहा गया है की बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का नवीनगर प्रखंड के नवीननगर थाना क्षेत्र का नवीनगर में पूंजीपतियों के बीच आतंक को पैदा करने के मनसा से अंशु कुमार चंद्रवंशी पिता सिद्धि चंद्रवंशी ने मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने हॉथो में हथियार को लेकर अपना तस्वीर को खिंचवाया है तथा शोशल मीडिया पर वायर किया हैं।

बन्दूक से निशाना लगाते हुए अंशु कुमार चंद्रवंशी पिता सिद्धि चंद्रवंशी नामक एक युवक का वायर फोटो पर गोल्डन दास नामक युवक द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया गया है और जन संदेश में कहा गया है ,मैं गोल्डन दास ,मेरा कहना यह हैं कि अमित कुमार उर्फ पिंटू एलआइसी का खास आदमी है जिसका नाम अंशु कुमार चंद्रवंशी पिता सिद्धि चंद्रवंशी (संगम स्टूडियो नवीनगर के पास इसका घर है) । जहां का यह तस्वीर है । वह अमित कुमार उर्फ पिंटू एलआईसी के घर (मंगल बाजार परिधान कपड़ा दुकान के पास) के अंदर फुलवाड़ी का है। फेसबुक के माध्यम से पूरे इलाका में दहशत फैलाकर सोनार, अग्रवाल, जयसवाल, सेठ, मारवाड़ी इत्यादि बिजनेसमैन से रंगदारी वसूलने की योजना बनाई जा रही है।

गोल्डन दास नामक युवक द्वारा वायरल संदेश में



कहा गया है कि अमित कुमार उर्फ पिंटू एलआईसी पर दंगा एवं आर्म्स एक्ट, पोस्को एक्ट जैसे कई गंभीर मामले नवीनगर सहित औरंगाबाद जिले के अन्य थानों में दर्ज है। मुझे जितनी जानकारी है उसमें नबीनगर थाना कांड सं० 38/13, नबीनगर थाना कांड सं० 54/10, नबीनगर थाना कांड संO 68/07, नबीनगर थाना कांड संO 05/16, है। अमित कुमार उर्फ पिंटू एलआईसी ,वर्तमान में नबीनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 का वार्ड पार्षद है,जो काफी मनबढ़ू एवं दबंग है।

गोल्डन दास नामक युवक द्वारा वायरल संदेश में कहा गया है कि अमित कुमार उर्फ पिंटू द्वारा सेक्स रैकेट भी चलाता है जिसका वीडियो भी मेरे पास है कुछ दिन पहले वायरल हुआ था । सी आईडी की टीम जाँच करने आई थी तो जगह का पहचान हुआ था तथा बेडशीट भी बरामद हुआ था। यह पैसे एवं पैरवी के बल पर अभी तक जेल नहीं गया है। यह औरंगाबाद पुलिस के लिए चैलेंज है। कहता है कि किसी की औकात नहीं है कि हमको कोई जेल भेज दे। डर के मारे इसके घर पर पुलिस भी नहीं जाती है। क्या यही न्याय है? आम आदमी भी यह सोच कर डर जाता है कि इतना कुछ करने के बावजूद भी एक दिन जेल नहीं गया है इसका मतलब यह बहुत ही बड़ा दबंग एवं पैरवी वाला व्यक्ति है। आम नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए मैं आपको सूचना दे रहा हूँ। कृपया इस मामले की जाँच कर कार्रवाई किया जाय एवं आर्म्स एक्ट में FIR दर्ज कर जेल भेजा जाए ताकी गरीब जनता के दिल से डर निकल सकें।

वायरल फोटो एवं खबर को समाज जागरण के द्वारा पुष्टि नहीं किया जाता है ,फिर भी वायरल खबरें पुलिस के लिए एक चुनौती का विषय है अगर खबर सही है तो अपराधियों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं होती है । अगर किसी के विरुद्ध अफवाह फैलायें जा रहे हैं तो अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं होती है । यह सवाल पुलिस प्रशासन के लिए हैं। आरोपियों का पक्ष जानने का प्रयास किया गया , लेकिन संवाद लिखे जाने तक संपर्क स्थापित नहीं हो सका। उपरोक्त मामले में पुलिस द्वारा भी सोशल मीडिया के माध्यम से पक्ष जानने का प्रयास किया गया है किन्तू संवाद लिखे जाने तक वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा किसी तरह के कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं किया गया है।

पुलिस इंस्पेक्टर नवीनगर का कहना है की वायरल खबर को मैं देख रहा हूं मैं थाना अध्यक्ष को जांच करने के लिए बोल दिया है यहां पर किसी तरह का कोई आतंक नहीं है। फोन पर विशेष कुछ कहा नहीं जा सकता है अब सवाल उठता है कि अनेको कांड़ का कोई व्यक्ति अभियुक्त हैं तो पुलिस उसे गिरफ्तार क्यों नहीं करती है।

ऑन द रिकॉर्ड, जनता की शिकायत एवं सर्वेक्षण तथा पुलिस का प्रतिक्रिया बताते हैं की औरंगाबाद पुलिस अत्याचारियों की ओर से दमन की कार्रवाई पीड़ितों एवं जनहित में आवाज उठाने वालों पर करती है । क्या बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में कमजोर लोगों पर जुल्म ढ़ाहने के लिए पुलिस का पदस्थापना हुई है यह अहम सवाल जॉच का विषय हैं।

# नबीनगर थाना क्षेत्र से तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 अक्टूबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र से फरार चल रहे तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है ।गुप्त सूचना के अधार पर एस आई पिंकी कुमारी एवम सशस्त्र बल ने छापा मारकर छोटू यादव पिता रामचंद्र यादव को उसके घर तेतरिया से गिरफ्तार किया है जबकि



दूसरी ओर शिवपुर निवासी राजू मिश्रा और राजेश मिश्रा दोनो पिता बृजमोहन मिश्रा को एस आई पिंकी कुमारी ने ही गुप्त सूचना पर घर से दबोचा। मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि उक्त तीनो पर कोर्ट से वारंट निर्गत था और काफी दिनों से फरार चल रहे थे तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है

# देव थाना के पुलिस ने एक शराब कारोबारी को भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 9 अक्तूबर 2023: -**

औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने एक शराब कारोबारी को धर दबोचा है और उसे जेल भेज दिया है शराब कारोबारी को पहचान प्रयाग राम उम्र 36 वर्ष पिता रामविलास राम ग्राम दानी बीघा थाना नगर जिला औरंगाबाद को दधपा रोड हसौली गोरिया



के पास से 5 लीटर महुआ देसी शराब के साथ पकड़े जाने पर जेल भेजा है

# तेतरिया पहाड़ से देसी महुआ शराब बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 8 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया पहाड़ से देसी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया है ।एल टी एफ प्रभारी एस आई अरविंद कुमार एवम टीम ने गुप्त सूचना के अधार पर तेतरिया पहाड़ पर घेराबंदी किया जिसमें मौके से 40 लीटर चुलाइ महुआ शराब बरामद किया ।पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो चुके थे।




मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

# शिक्षा से बच्चों का भविष्य होगा बेहतर - संतोष मिश्रा

## *दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ*

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उच्च विद्यालय करगहर के प्रांगण में रविवार को कैरियर प्वाइंट कोचिंग सेंटर के तत्वावधान में प्रतिस्पर्धा वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कोचिंग संचालक वेद प्रकाश पांडेय व संचालन प्रखर वक्ता सह समाजसेवी धन्नंजय पांडेय ने किया। वही वार्षिक समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, करगहर विधायक संतोष मिश्रा, एमएलसी अशोक पांडेय, नोखा जिला पार्षद कृष्ण मुरारी मिश्रा उर्फ मेलू मिश्रा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनारा विधायक विजय मंडल ने कहा कि शिक्षा से बेहतर कुछ नही हो सकता। शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य होता है। किसी क्षेत्र में अगर बेहतर मुकाम हासिल करना है तो सबसे पहले शिक्षा ग्रहण करना जरूरी है। वही एमएलसी अशोक पांडेय ने मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ी पूजीं है। शिक्षा से ही समाज में अलख जगाया जा सकता है। वही करगहर विधायक संतोष मिश्रा ने कहा कि शिक्षा से बच्चों का



भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। जिन्हे शिक्षा से सिंचकर एक उचित मुकाम तक पहुँचाया जा सकता है। मौके पर दिनारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष विवेकानंद पांडेय, मुखिया गुलबासों पांडेय, सेंदुआर बीडीसी दुर्गेश ओझा, रमाकांत यादव, सतेन्द्र राय, नरेंद्र तिवारी रिंकू, सत्यम पाण्डेय, बच्चा सिंह यादव, नंदु पान्डेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। वही कोचिंग में सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व मेडल देकर आगंतुक अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें पुरे कोचिंग में सुरज कुमार को प्रथम स्थान लाने पर सभी अतिथियों ने एक साथ पुरस्कार दिया। वही छात्र-छात्राओं में कालिंदी तिवारी, दुर्गा कुमारी, पंकज कुमार , सुरज कुमार, पियूष दूबे ,ललीत नारायण, समीना कुमारी , प्रिती कुमारी, दीपिका कुमारी, ममता कुमारी, रवि किशन कुमार, सुशील कुमार, श्रेया कुमारी, कृष्ण सागर, विभा कुमारी, नेहा कुमारी ,सचिन कुमार ,वंदना कुमारी, विक्की कुमार, श्रृष्टि कुमारी, रौनक कुमार गुप्ता, प्रतीक कुमार, उज्जवल कुमार, परमहंस कुमार, सत्यम कुमार, सुरज कुमार, नीरज कुमार ,सत्यम कुमार , मोदी कुमार, शिवम कुमार सहित सभी छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# जीवित्पुत्रिका व्रत रख पूजा पाठ कर महिलाओं ने सुनी भगवान की कथा

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड में नवमी युक्त अष्टमी के दिन शनिवार को क्षेत्र अन्तर्गत जीवित्पुत्रिका व्रत श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया।सभी गांवों में श्रद्धालु महिलाओं ने निर्जला उपवास रख दिन के अंतिम पहर में नदी अथवा सरोवर में स्नान कर मंदिर अथवा सार्वजनिक स्थलों पर जा अपने पुरोहित के नेतृत्व में बैठ विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए भगवान जीवित्पुत्रिका व्रत कथा का श्रवण किया। जिसके बाद भगवान के समक्ष नतमस्तक हो सोने अथवा चांदी के अर्ध चंद्रमा आकर में बने जितिया को अपने गले में धारण किया। व्रत संपन्नता के लिए स्थानीय बाजार के बकस बाबा प्रांगण स्थित काव नदी के रामघाट पर क्षेत्र के हजारों महिलाओं की भीड़ इकट्ठा हुई।इस दौरान बकस बाबा प्रांगण दोपहर से सूर्यास्त तक मेले में तब्दील रहा। काव नदी में आया बाढ़ का पानी उफान पर है। जिस कारण दर्जनों की संख्या में पुलिस प्रशासन की महिला टीम थानाध्यक्ष मोहन कुमार की नेतृत्व में बकस बाबा प्रांगण व नदी तट पर देर शाम तक डटी रही। वेद मर्मज्ञ पंडित ब्रजभूषण द्विवेदी,अंजनी स्वामी,शशि पाठक,कृष्णराज जी,सुअरा निवासी पंडित बिनोद ब्रहमचारी,बरदराज कुटिया पकड़ी के महंत सूर्यकांताचार्य जी महाराज,जगन्नाथ मठ अमरपुर के महंत सुदर्शनाचार्य जी,बरना श्री राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी श्रीधर जी,बकुलाखो



के बाबा ने श्रद्धालु भक्तों के बीच भगवान जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा कहते हुए कहा कि महाभारत युद्ध के दौरान अपने पिता गुरु द्रोणाचार्य की मृत्यु का बदला लेने की भावना से अश्वत्थामा पांडवों के शिविर में घुस गया। शिविर के अंदर पांच लोग सोए थे। जिन्हें पांडव समझकर मार दिया। परंतु वे द्रोपदी की पांच संतानें मारी गई। बाद में अर्जुन ने अश्वत्थामा को बंदी बनाकर उसकी दिव्य मणि उसके माथे से निकाल ली। अश्वत्थामा ने फिर से बदला लेने के लिए अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बच्चे को ब्रह्मास्त्र से गर्भ में हीं नष्ट कर दिया.तब भगवान श्री कृष्ण ने उत्तरा की अजन्मी संतान को फिर से जीवित कर दिया। गर्भ में मरने के बाद जीवित होने के कारण उस बच्चे को जीवित्पुत्रिका के नाम से भी जाना जाता है। उसी समय से संतान की लंबी उम्र के लिए जितिया का व्रत रखे जाने की परंपरा है। व्रत का आयोजन भलुआही,डिहरी,पडरियाा,बरना,अमाडी,मगरवलिया,काशीपुरी,राजपुर,पठखौलिया,श्रीनागर सुअरा,बघैला,सियांवक,मंगरवलिया समेत सभी गांवों में किया गया।

# जदयू जिला युवा सचिव बने सतीश, कार्यकताओं में हर्ष का माहौल

## *प्रिंस पटेल बने जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष*

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत बड़की खड़ारी के निवासी सतीश कुमार को जदयू जिला युवा सचिव बनने पर कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। इसकी जानकारी नये जदयू प्रखंड युवा अध्यक्ष प्रिंस पटेल ने दी। उन्होने बताया कि जदयू युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक पटेल के द्वारा रोहतास जिले के 19 प्रखंडो में नये युवा प्रखंड अध्यक्ष का चयन किया गया जिसमें करगहर प्रखंड से प्रखंड युवा अध्यक्ष के तौर पर मुझे पार्टी को मजबूत करने के लिए मुझे जिम्मेवारी दी गई है । जिसे मैं पूरी निष्ठा व कर्तव्य का पालन करूगां। वही जिला युवा सचिव के तौर पर सतीश कुमार को जिला युवा अध्यक्ष



के द्वारा जिम्मेवारी दी गई है। वही जिला यूवा सचिव व प्रखंड अध्यक्ष बनने पर पार्टी के सदस्यों व कार्यकताओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है। वही कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिये। मौके पर पैक्स अध्यक्ष खड़ारी शरद चंद्र ,अशोक पटेल उर्फ पप्पू चौधरी ,सरपंच ग्राम पंचायत खड़ारी सुनिता कुमारी ,उप मुखिया खड़ारी पंचायत दीपक कुमार ,उप सरपंच खड़ारी पंचायत पुनम देवी, विनय कुमार पांडेय, संदीप कुमार, सूर्यकांत कुमार सहित कई अन्य कार्यकताओं ने बधाई दी।

# जातिगत गणना को लेकर भाजपा के पूर्व विधायक ने बिहार सरकार पर जमकर बरसे

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के डेहरी में भाजपा के पूर्व विधायक रामेश्वर प्रसाद चौरसिया मीडिया से बात करते हुए विपक्ष पर बड़ा आरोप लगाया है। बिहार सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए जातिगत गणना के सर्वेक्षण को सही बताया। उन्होंने कहा कि जातिगत गणना करने का निर्णय भाजपा गठबंधन वाली बिहार की एनडीए सरकार में ही ली गई थी। जिसका श्रेय महागठबंधन सरकार लेना चाहती है। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि अब जरूरत आ गया है अति पिछड़ों के हाथ में सत्ता की कमान सौंपने की। भाजपा तो इसके पूर्व ही दो-दो बार दो-दो उपमुख्यमंत्री का पद अति पिछड़ा को दे चुकी है। अब महागठबंधन सरकार को भी अति पिछड़ा को



महत्वपूर्ण पद मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री बनाना चाहिए। उन्होंने कई नेताओं एवं महत्वपूर्ण लोगों द्वारा बिहार में जातीगत गणना को फर्जी बताने की बात को नकार दिया। उन्होंने कहा कि जिन जातियों को यदि किसी कारण बस उनको लगता है की उनकी जाति की संख्या की जानकारी सही नहीं दी गई है तो इसके लिए वह उचित फॉर्म पर अपना साक्ष्य के साथ शिकायत दर्ज कर सकते हैं , सरकार को जरूर उसमें संशोधन करना चाहिए। सरकार को निश्चित रूप से उसमें संशोधन कर उनकी संख्या को फिर से जोड़ना चाहिए।

# आज से सेविका व सहायिका हड़ताल पर

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश के आह्वान पर सभी आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका आज से अनिश्चितकाल हड़ताल को जाने का निर्णय लिया है। संघ के अध्यक्ष सरोज कुमारी व मीरा कुमारी ने कहा कि इस हड़ताल के दौरान अपनी मांग पुरा होने तक हड़ताल पर डटे रहेंगे। सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य 10 अक्टूबर को प्रखंड मुख्यालय पर एकत्रित होकर भूख हड़ताल करेंगे।

# स्नान दौरान लापता किशोर का शव सकरौली से बरामद

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के परसथुआ ओपी थाना क्षेत्र के गोरिया नदी मे स्नान करने के दौरान डूबे 13 वर्षीय मासूम किशोर की शव को रविवार की अहले सुबह सकरौली नदी के समीप से बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए ओपी थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि बीते शनिवार की सुबह में हटना गांव के गोरिया नदी मे अपने दोस्तों के साथ स्नान करने गए राजेंद्र राम का 13 वर्षीय पुत्र अनिल राम की डूबने से मौत हो गई थी, जिसमें परिजनो व ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन शव की बरामदगी नहीं हो पाई थी। रविवार की अहले सुबह टहलने के लिए स्थानीय ग्रामीण



सकरौली गांव के नदी पर बने पुल की तरफ गए तो देखा कि एक किशोर की शव बैर के पेड़ में फंसी हुई है। तभी यह बात देखते ही देखते आग की तरफ फैल गई जिसमे शव को देखने हेतु लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। वही स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना परसथुआ थाने को दी जिसमें पुलिस के सहयोग के बाद शव को थाने ला परिजनों को पोस्टमार्टम हेतु सौंप दिया है। वही इस घटना के बाद मृत किशोर की शव गांव पहुंचते ही मातम सा पसरा हुआ है। किशोर की माने अपने बेटे के खोने की सदमे मे आकर अपना माथा पटक पटक कर बिलखती रही तथा परिवार का भी रो रो कर बुरा हाल होगा गया है।

# माता दुर्गा की पूजा पंडाल में सोमनाथ मंदिर की दिखेगी आकृति

***पूजा संपन्नता में दस लाख रूपए से अधिक खर्च का है बजट***

***बकस बाबा मोड़ से बजार के चौक तक रंग बिरंगे लाइट से होगी सजावट***

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर स्थानिय बजार में इस वर्ष कचहरी मोड़ पर श्री श्री दुर्गा पूजा मनोरंजन समिति के नेतृत्व में तैयार किए जा रहे माता दुर्गा की पूजा पंडाल में सोमनाथ मंदिर की आकृति दिखेगी। लगभग पांच लाख की लागत से पूजा पंडाल निर्माण की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। लकड़ी बांस के सहारे पंडाल को सोमनाथ मंदिर की आकृति देते हुए तैयार किया जा रहा है। मंदिर आकृति का खाका पूरी तरफ तैयार कर लिया गया है। शनिवार को वॉटरप्रूफ कपड़े डाल पंडाल छाने का काम भी हो गया। अब कपड़ा डाल डिजाइनिंग व सजावट किया जाना हीं शेष रह गया है। इस बार पूजा के लिए कमेटी के कुछ सक्रिय मेंबर बदले गए हैं। जिस कारण पूजा व पंडाल निर्माण की तैयारी में युवा जोश है। पंडाल का निर्माण कार्य लगभग15 दिनों से शुरू है,बावजूद भी अभी काफी काम किया जाना शेष रह गया है। कोलकाता से आए कारीगर रात में भी काम कर रहे हैं। कारीगर बताते हैं कि एक सप्ताह के अंदर पंडाल निर्माण ओके का लेवल लटका दिया जायेगा।

**कहते हैं कमिटी के अध्यक्ष--**

पूजा कमेटी के अध्यक्ष नन्हकू सिंह, सचिव बिहारी मास्टर,कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता,सक्रिय सदस्य



उमेश गुप्ता समेत अन्य ने बताया कि राजपुर में पहली बार इतने बड़े भव्य सोमनाथ मंदिर की आकृति दे विशाल पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। कोलकाता से बुलाए गए एक दर्जन कारीगरों के सहारे पंडाल निर्माण की तैयारी चल रही है। जिसके लिए उन्हें साढे तीन लाख रूपए मजदूरी के तौर पर देना है। पांच लाख से ज्यादा रूपए पंडाल निर्माण में खर्च होगें। 15 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र माता दुर्गा की पूजा आराधना शुरू हो जाएगी। 23 व 24 अक्तूबर नवमी एवं दशमी की तिथि की रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम माता रानी का जागरण आयोजित है। जिसमें भी लाखों का खर्च है। पूरे बाजार क्षेत्र का रंग-बिरंगे लाइटों से सजावट,पूजा-पाठ,पंडाल की सजावट,लाउडस्पीकर समेत विसर्जन तक अन्य कई तरह के खर्चे के लिए 10 लख रुपए से अधिक का बजट रखा गया है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि दशमी तिथि मंगलवार होने के कारण इस बार माता रानी की विदाई बुधवार को होगी। वहीं बजार के नोखा रोड में नवदुर्गा नवयुवक संघ के बैनर तले मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना व पूजा के लाइसेंस धारी कमेटी के अध्यक्ष नगेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की तरह हीं मां दुर्गा का प्रतिमा स्थापित किया जायेगा। जहा भगवान कृष्ण के रासलीला झांकी समेत अन्य कई तरह के आकर्षणों का विस्तार से निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के घोडिही,पडरिया,अमाडी,मंगरवलिया बीबीगंज,हबबूपुर समेत कई अन्य जगहों पर भी माँ दुर्गा के प्रतिमा स्थापना हेतु पंडाल का निर्माण जारी है।

# लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मनाई गई

**के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण,दिनारा रोहतास**

लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व.रामविलास पासवान की रविवार को दिनारा स्थित विधानसभा स्तरीय पार्टी कार्यालय में पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें शामिल नेता व कार्यकताओं ने स्व.रामविलास के तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व प्रत्याशी रहे अजित राय ने कहा कि रामविलास गरीबों, दलितों एवं शोषितों के मसीहा थे। उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता चिराग पासवान अपने पिता के अधुरे कार्यों को संकल्प लेकर कर रहे हैं। इसलिए वे बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के साथ समाज को आगे ले जाने का काम और रात दिन प्रयास कर रहे हैं। ऐसे नेता के कदम में कदम मिलाकर चलने और पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने कि अपील किया। प्रदेश सचिव जगनारायण साह ने अपने संबोधन में कहा कि रामविलास जी संघर्षशील व्यक्ति थे। सामाज के



उत्थान के लिए वे हर संभव प्रयास किए। उनके अधूरे कार्यों को चिराग पासवान के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।कहा कि चिराग पासवान अपने पिता के तरह जात-पात से ऊपर उठकर समाज को आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हर वर्ग के लोगों का सम्मान करना इनके रग-रग में भरा है। अन्य वक्ताओं ने स्वर्गीय पासवान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का जिक्र करते हुए कहा कि हमलोगों ने एक ऐसे नेता को खोया हैं, जिसने बड़े और छोटे कार्यकताओं के बीच कभी भेदभाव नहीं किया। दलितों, शोषितों व वंचितों की लड़ाई लड़कर अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने न्योछावर कर दिया। मौके बिरेन्द्र पासवान, छठु साह, सुरेन्द्र पासवान, चंदन पासवान, श्याम लाल पासवान, सुरेश पासवान, रमेश मुसहर, बिनोद सिंह, गौरी पासवान, सुरेंद्र सिंह, कृष्णा पासवान, अक्षयवर साह, जनेश्वर कुमार सहित अन्य लोग पुण्यतिथि में शामिल हुए।

# बकनौरा पंचायत सरकार भवन में आम सभा का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड अंतर्गत रविवार को बकनौरा पंचायत के मुखिया संजू देवी की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा का आयोजन पंचायती राज विभाग बिहार पटना के पत्रांक -2 जी पी डी पी 18-1/2018/9380 दिनांक 8 / 2023 के आलोक में द्वितीय वर्ष 2023- 24 ग्राम पंचायत विकास योजना का वार्षिक योजना तैयार करने हेतु निर्देश प्राप्त किया गया। इस सभा में 2023- 24 में किये जाने वाले योजना के बारे में विचार किया गया तथा उसे योजना में जोड़ा



गया। इस आम सभा में उपस्थित बकनौरा पंचायत मुखिया संजू देवी,पंचायत सेवक जितेंद्र सिंह, कार्यपालक सहायक सरवन कुमार,रोजगार सेवक मनोज कुमार,अकाउंटेंट ज्योति रानी, श्यामसुंदर राम,पिंकी देवी,श्याम मीरा देवी,पंचायत समिति रीता कुमारी,विकास मित्र संतोष कुमार,सुरेंद्र यादव के साथ-साथ बकनौरा पंचायत के सैकड़ों जनता महिलाएं एवं पुरुष आम सभा में उपस्थित थे।

# मां के साथ जूतियां नहाने गई किशोरी की नहर में डूबने से मौत घर में मचा हाहाकार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के अकोढीगोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत (आयर कोठा)चिलबिला पुल के समीप नहर में नहाने के दौरान एक लड़की नहर में डूब गई। जूतियां पर्व को लेकर क्षेत्र के आसपास की महिलाएं चिलबिला नहर की समीप नहाने गई थी। इसी क्रम में चिलबिला निवासी नगीना राम की 8 वर्षीय पुत्री प्रीति कुमारी अपनी मां के साथ नहाने गई थी। अचानक पैर फिसलने से प्रीति कुमारी नहर में जा गिरी। हो हल्ला सुनकर बगल में तैनात थाने की पुलिस तथा ग्रामीण मौके पर पहुंचे, काफी तलाश करने के बाद भी लड़की बरामद नहीं हो पाई है। आयरकोठा थाना अध्यक्ष प्राची कुमारी ने बताया कि बच्ची स्नान नहीं कर रही थी बल्कि किनारे पर खड़ी थी तभी उसका पैर फिसल गया और मौके पर ही पानी में डूब गई। स्थानीय पुलिस और स्थानीय गोताखोर की मदद से बच्ची की तलाश हो रही है। परंतु अभी तक बरामद नहीं हो पाई है। संबंधित अधिकारी को इसकी सूचना दे दी गई है। जल्द ही बाहर से गोताखोर भी आ रहे हैं। खबर लिखे जाने तक बच्ची बरामद नहीं हो पाई थी। विदित हो की लगातार बारिश होने से सोन नदी एवं नहर में पानी का जलस्तर बढ़ा हुआ है।

# सिरिसियां हनुमान मंदिर में चोरी , पूजा के बर्तन व अन्य सामग्री चुरा ले गए चोर

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के सिरिसियां सिंचाई बंगला के समीप स्थित हनुमान मंदिर में देर रात चोरों ने मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़ पूजा के बर्तन व अन्य सामग्रियों की चोरी कर ली। इस संबंध में ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि शाम को पूजा व आरती के बाद मंदिर का दरवाजा बंद कर वे घर चले गए। जब सुबह वे पूजा के लिए मंदिर में आए तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ देख कर अचंभित रह गए। चोर पीतल का घड़ा, पीतल की बाल्टी ,पूजा के बर्तन एवं अन्य सामग्रियों को चुरा कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि हनुमान मंदिर में चोरों ने चौथी बार चोरी कर ली है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# अनियंत्रित होकर बाइक खाई में गिरने से दो घायल

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को गारा चौबे नहर पथ पर तोरनी गांव के बधार के समीप साइकिल सवार को बचाने के दौरान बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर नहर के चाट में जा गिरे जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कैमूर जिला के गायघाट निवासी रोहित कुमार और शुक्ल पिपरा निवासी रामनिवास राम सासाराम से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान तोरनी गांव के बीच में एक साइकिल सवार अचानक उनके सामने आ गया। जिससे वे उसे बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर नहर के चाट में गिरकर घायल हो गए।

# नदी में डूब किशोर लापता खोजबीन शुरू

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के एकवनिया गांव के समीप धर्मावती नदी में स्नान करने गए एक 14 वर्षीय किशोर डूब लापता हो गया है। एकवनिया गांव निवासी राजेश पटेल का 14 वर्षीय पुत्र सूर्यांश पटेल बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि रविवार को वह अपने दोस्त



के साथ धर्मावती नदी में बनाए गए फाल के समीप स्नान करने गया था। उसी दौरान वह नदी के गहरे पानी मे चला गया जिसमें पानी की तेज बहाव के कारण वह डूब कर बह गया। कुछ देर बाद जब किशोर नदी से बाहर नहीं आया तो दोस्तों ने इस बात की जानकारी जाकर गांव तथा परिवार वालों को दी। इस घटना की जानकारी पाकर धीरे-धीरे स्थानीय लोगों ने नदी के गहराइयों में जाकर किशोर की खोजबीन शुरू कर दी। संध्या तक काफी खोजबीन करने के बाद भी लापता किशोर का पता नहीं चल पाया था। वही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कोचस थाने को दे दी है। इस संदर्भ मे थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि जिले से गोताखोर की टीम बुलाई गई है।

# शराब के नशे में दो शराबी गिरफतार

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के उगहनी के राजवंश पासवान के पुत्र रितिक रोशन पासवान और संतोष पासवान के पुत्र विक्की राज को शराब सेवन कर हो हंगामा करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। और जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया। जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि शराब के नशे में तेज बाइक से एक पेड़ में टक्कर मार दी, दोनों शराबी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दो सीनियर साथियों की मौत पर पेंशनर समाज ने दी श्रद्धांजली

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड के पेंशनर समाज की मासिक बैठक रविवार को मिडिल स्कूल राजपुर प्रांगण में रामचंद्र पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जहा सीनियर साथी रहे क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी 80 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक



राम अवतार शर्मा एवं छपरा गांव निवासी केशव प्रसाद सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि प्रदान की गई। बाद में दो मिनट का मौन रख उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। मौके पर मौजूद साथियों को संबोधित करते हुए रामप्रवेश सिंह ने कहा कि हम सब बूढ़े हो गए हैं,बावजूद भी संगठित हैं। दिवंगत साथी हमारे संगठन के सदस्य थे,वे जब तक शिक्षक के पद पर रहे समाज और सरकार की सेवा किए हैं। उनके चले जाने का हम सभी को बहुत दुःख है। बैठक में सदस्यों ने पूर्व के बैठकों का अनुमोदन करते हुए आगामी कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया। अपने बुजुर्ग साथियों को पेंशन की राशि निकासी में कोई समस्या नहीं हो,इसके लिए एक प्रस्ताव पारित कर पीएनबी राजपुर समेत अन्य बैंक को भेजने का निर्णय लिया गया गया। मौके पर लक्ष्मण सिंह,दूधनाथ राम,श्यामजी तिवारी,कमला तिवारी,रामजी सिंह,रामप्रवेश सिंह,राधेश्याम दुबे,बालाजी तिवारी समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# शिविर में 865 लोगों ने आवास,पेंशन व शौचालय राशि के लिए दिया आवेदन

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत में आयोजित शिविर के अंतिम दिन शनिवार को आवास,पेंशन व स्वच्छता की समस्या से जुझ रहे 865 लोगों ने आवेदन दिया है.जानकारी देते हुए बीडीओ रविराज ने बताया कि छः एवं सात अक्टूबर को सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के लाभ,समाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाले पेंशन व पुराने पेंशन धारकों की समस्याओं के निराकरण तथा स्वच्छता के लिए



बनाये गए शौचालय की राशि भुगतान के लिए योग्य लाभुको से आवेदन लिए गए। इस दौरान आवास निर्माण के लिए 704 पेंशन के लिए 32 व शौचालय राशि की भुगतान के लिए 129 लोगों ने आवेदन दिया। सभी के समस्याओं का निराकरण के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को निर्देशित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया की शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों की जांच कर जल्द हीं सभी लाभुको के समस्याओं का समाधान कर लिया जायेगा।

## भाजपा वाले क्रांतिकारियों का इतिहास मिटाएंगे राकेश टिकैत

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे हैं। शनिवार को वे पटना बिहटा होते हुए भोजपुर जिले के जगदीशपुर पहुंचे जहां राकेश टिकैत ने वीर कुंवर सिंह के मूर्ति पर माल्यापर्ण किया। इस दौरान राकेश टिकैत के साथ बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सह राजद विधायक सुधाकर सिंह भी मौजूद थे। वहीं माल्यार्पण के बाद उन्होंने कहा की बिहार में जल्द ही किसानों के मुद्दों पर राज्य में आंदोलन करेंगे। ये आंदोलन एमएसपी से नीचे दाम मिलने के कारण किया जायेगा। एमएसपी गारंटी कानून के लिए बिहार किसानों का साथ दें। वहीं उन्होंने कहा कि बिहार मैं इसलिए आया हू क्योंकि बिहार के किसानों को भी सबसे ज्यादा दिक्कत है।
उन्होंने बताया कि बिहार में किसान के सफलों के दाम नहीं मिलते है। सस्ते में व्यापारी सफलें खरीदता है क्योंकि यहां कि बाजार समिति जो मंडी है, वो 15 साल पहले यहां खत्म हो गई है। बिहार में अब कोई प्लेटफार्म किसान का नहीं है। ताकि किसान अपनी फसल बेच सके। हजारों ट्रक भरकर यहां की फसलों को उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बड़े बड़े शहरों के व्यापारी वहां बेचते है। इतना ही नहीं बिहार में भूमि अधिग्रहण की भी समस्या है। वहीं वीर कुंवर सिंह ने अस्सी साल की उम्र में लड़ाई लड़ी थी और आज के समय में बिहार में भूमि अधिग्रहण हो रहा है और कोई आंदोलन नहीं है। एक आंसू गोला नहीं है एक लाठी चार्ज नहीं है। तो जमीन कैसे बचेगी। उन्होंने कहा कि अपनी जमीन बचाने के लिए आंदोलन जरूरी है। जब तक देश में जय हिंद संविधान का नारा नहीं लगेगा तब तक अपनी जमीन नहीं बचेगी। वहीं उन्होंने कहा कि बिहार में ट्रैक्टर आंदोलन की शुरूआत हो चुकी है। एक झटका सरकारों से लेनी पड़ेगी। ट्रैक्टर मार्च निकलेंगे। लोग जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि यहां के लोग मेहनती है बाहर जाकर काम करते है। बताते भी नहीं है ये किसान है मजदूर बनकर काम करते है। लेकिन अपना खेत और अपना काम का नारा बिहार में देना पड़ेगा। वहीं जातीय जनगणना पर राकेश टिकैत ने कहा कि कुछ लोगों का राजनीति फायदा होता होगा। वहीं देश को कोई जनगणना में बांट रहे है तो वो धर्म में बांट रहे है। वहीं 2024 में लोकसभा के चुनाव में किसान किसको समर्थन करने के सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि हम तो देखेंगे किसको सपोर्ट करना है। किसी को अखाड़े में जाते है की कुश्ती लड़ और जब लड़ने वाला ही भाग जाए तो किसको करें। पहले देखने दो किसको चुनाव लडना है ये क्या करेंगे। अगर पहले ही डर गए विपक्ष वाले तो वे (भापजा) आयेंगे और वे बेईमानी करेंगे और वे डराएंगे। सब काम करेंगे और ये उनसे डर गए तो जीत तो उन्हीं की होगी। वहीं वीर कुंवर सिंह के स्मारक नहीं लगाए जाने वाले सवाल पर उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा वाले क्रांतिकारियों की इतिहास मिटाएंगे वो गांधी के हत्यारे को क्रांतिकारी मानते है। उनका इतिहास लिखा जायेगा वीर कुंवर सिंह का नहीं लिखा जायेगा। वीर कुंवर सिंह का इतिहास जनता को खुद लिखना पड़ेगा। सरकार के भरोसे इतिहास नहीं लिखा जायेगा।

## सेकंड अंबेडकर थे रामविलास पासवान :- राजेश्वर पासवान

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के लोजपा रामविलास का जिला कार्यालय गुरुदेव मार्केट बड़की सनदिया में जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान की अध्यक्षता में दलित सेना और लोजपा के संस्थापक दिवंगत रामविलास पास्वान की तीसरी पुण्य तिथि मनाई गई।राजेश्वर पासवान ने सर्वप्रथम सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ दो मिनट का मौन रहकर तथा उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य तिथि मनाया। रामविलास पासवान अमर रहे,लोजपा रामविलास जिंदाबाद,चिराग पासवान जिंदाबाद का नारा लगाया गया। राजेश्वर पास्वान ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान दलित शोषित,वंचित एवम गरीबों के मसीहा के साथ साथ देश के दूसरे अंबेडकर थे उन्होंने को कर के दिखाया।आज तक कोई नेता ने नही किया है।वे सदन में भी किसी से डरते नही थे। शेर की तरह दहाड़ते थे,गरीबों के हक की आवाज उठाते रहते थे,जब तक वे जीवित थे लोग दलित ,गरीब पर अंगुली उठाने पर सोचते थे।उनके मरने के बाद ही बिहार सरकार ने जितना बिहार के दलितों की हत्या करवाई ,ऐसा आज तक नही हुआ था। रामविलास पासवान जी के चिराग ही नीतीश की अपराध रूपी लंका को जलाएंगे तथा आगामी 2025 में रामविलास जी के सपनो का बिहार,नौजवानों, बेरोजगारों का सपनो का बिहार बनाकर बिहार




फर्स्ट ,बिहारी फर्स्ट करेंगे। डॉक्टर जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि आज रामविलास जी तस्वीर के समक्ष संकल्प लेते है कि 2025 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे।सभा को संबोधित करने वालो में लोजपा रामविलास के वरीय नेता सुरेंद्र आजाद,,कुशुम देवी,महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लालती देवी,किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गेंदा सिंह,जिला संगठन मंत्री कमलेश सिंह तोमर,प्रधान महासचिव विशाल चौधरी,जिला उपाध्यक्ष ललन यादव,प्रशांत सिंह चंदेल,मनीष बुचुली,जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार,उद्वंत नगर प्रखंड संजय प्रसाद, गडहनी प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह,आरा नगर अध्यक्ष अजय पास्वान,सोनू सिंह,सोनू पासवान,कुंदन शर्मा ,बबिता चौधरी,बसंत चौधरी, लालबाबु चौधरी,रविंद्र प्रसाद,बनारसी जायसवाल,महाराजा पासवान, विकी प्रसाद,राजीव रंजन सिंह,बेबी देवी, एकमा देवी,राजेश साहू,अभिषेक तिवारी,प्रमोद मुखिया,संजू पासवान,राजू सोनी,आशीष सिंह,प्रकाश कुमार आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

## बारह पत्थर के लोगो के अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी: समीर कुमार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के डेहरी अंर्तगत स्थानीय बारह पत्थर के लोगो के अधिकार की लड़ाई हेतु अधिकार सभा के माध्यम से डेहरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव समीर कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए एक बड़े आंदोलन का शंखनाद किया। समीर ने स्थानीय लोगो की समस्या जिसमे मुख्य रूप से स्थायी निवास प्रमाण पत्र न बनना, दुर्घटना में मुवावजे की राशि न मिलना, सरकारी नियुक्ति में अस्थायी करार देते हुए भर्ती प्रक्रिया से वंचित हो जाने जैसी अनेको समस्याओं को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा विरोध दर्ज किया। समीर ने अपने संबोधन में कहा कि अस्थायी लोगो का हर चुनाव में वोट लेकर खुद को स्थायी रूप से विरजमान करने वाले जनप्रतिनिधियों को जनता इस बार जान चुकी है और उन्हें इस बार के चुनाव में सबक सिखाने का भी कार्य करेगी। समीर ने कहा कि वे



इस मांग की जानकारी स्थानीय वरीय अधिकारियों सहित बिहार के मुख्यमंत्री को देंगें औऱ आने वाले समय मे बारह पत्थर के लोगो को उनका अधिकार दिला कर रहेंगें। ज्ञात हो कि बीते दिनों डालमियानगर स्थित क्वाटरों को खाली होने से बचाने के लिए समीर ने एक बड़ा जनाक्रोश आंदोलन किया था और उसका ही परिणाम रहा कि डालमियानगर स्थित क्वाटरों को खाली करने के आदेश पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगा दिया है। मौके पर जीनियस कोचिंग सेंटर के चेयरमैन छठु सिंह, दीपू पासवान, संजय पासवान, ललित सिन्हा, पंकज गुप्ता, विष्णु पासवान, देवसगरण चौधरी, नेहाल खान, अनिल कुमार, अधिवक्ता अमर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संस्कृति मंत्रालय ने इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिजाइन द्वैवार्षिक (आईएएडीबी) के लिए पूर्वावलोकन और प्रतीक चिन्ह शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया

एक वीडियो संदेश में, श्री केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने घोषणा की कि संस्कृति मंत्रालय दिसंबर 2023 में इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिजाइन द्वैवार्षिक की मेजबानी कर रहा है, जिसमें दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में कार्यक्रम निर्धारित हैं। उन्होंने द्वैवार्षिक की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।
विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लइंडिया आर्ट आर्किटेक्चर द्वैवार्षिकह्व भारत के वस्त्रों पर चित्रकारी (टेपेस्ट्री) के क्षेत्र में एक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक मंच पर देश की वास्तुकला और कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करना है। यह द्वैवार्षिक आयोजन अंतर्राष्ट्रीय समकक्षों की भव्यता को प्रतिबिंबित करता है और न केवल प्रेरणा बल्कि मंत्रमुग्ध करने का वादा भी करता है। द्वैवार्षिक जमीनी स्तर के कारीगरों और समकालीन डिजाइनरों को एक साथ लाकर संवाद, नवाचार और सहयोग शुरू करेगा, जिससे रचनात्मक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया जाएगा। संयुक्त सचिव श्रीमती मुग्धा सिन्हा ने अपने उद्घाटन भाषण में आगामी द्वैवार्षिक आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि द्वैवार्षिक का आयोजन भव्य लाल किला पर 9 से 15 दिसंबर 2023 तक होने जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रदर्शनियों और पैनल चचाओं के माध्यम से विभिन्न विषयों के बारे में बताएगा, जिसमें प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विषय के आसपास केंद्रित होगा, जिसे क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें दरवाजे और प्रवेश द्वार, मंत्रमुग्ध करते उद्यान, विस्मयकारी बावड़ियां, राजसी मंदिर वास्तुकला, स्वतंत्र भारत के आधुनिक चमत्कार, स्वदेशी डिजाइन का समकालीन चेहरा और वास्तुकला में महिलाओं की भूमिका जैसे विषय शामिल हैं।
इसके अतिरिक्त, यह बताया गया कि इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिजाइन द्वैवार्षिक 2023, वर्ष 2024 में आयोजित वेनिस द्वैवार्षिक में भारत की भागीदारी के अग्रदूत के रूप में काम करेगा, जो कला, वास्तुकला और डिजाइन के क्षेत्र में चिकित्सकों और पेशेवरों के बीच व्यापक संवाद को बढ़ावा देगा। द्वैवार्षिक का उद्देश्य पारंपरिक जमीनी स्तर के कलाकारों और समकालीन डिजाइनरों, विशेषज्ञों, वास्तुकारों और विचारकों को उम्र, लिंग और शैली की सीमाओं से परे सबसे आगे लाना है। इसके अलावा, यह बताया गया कि द्वैवार्षिक प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के साथ संरेखित है और लाल किले में सांस्कृतिक स्थानों के विकास परियोजना के शुभारंभ को चिह्नित करेगा।
इस कार्यक्रम में राजनयिकों, कलाकारों, वास्तुकारों, डिजाइनरों, विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, गैलेरिस्ट और संग्रहालय पेशेवरों की गौरवमयी उपस्थिति देखी गई। जैज चौकड़ी 'कैपिटल थ्री' की मनमोहक प्रस्तुति ने शाम को और भी मनमोहक बना दिया गया।

## जिउतिया पर्व को लेकर सोन नद घाट पर नहा रही सगी बहन समेत पांच डूबी

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले में जिउतिया पर्व को लेकर सोन नदी घाट पर नहाने के दौरान डूबी पांच लड़कियों में सगी बहन समेत तीन का शव रविवार की सुबह बरामद हो पाया है। जबकि दो की तलाश जारी है। उनका शव चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के समीप पथलवा घाट स्थित झाड़ी से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार मृतकों मूल रूप से पटना जिला के करजा गांव निवासी चितरंजन वर्मा की 16 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी उर्फ चंद्रावती कुमारी,15 वर्षीया सुमन कुमारी एवं उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी दशरथ यादव की 18 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी शामिल है। इनमें चितरंजन वर्मा एवं उनके भाई देवेंद्र वर्मा करीब 20 वर्षो स्थानीय थाना क्षेत्र के चांदी गांव में अपना मकान बनाकर रहते हैं। वहीं चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक कुंजन टोला निवासी ददन राय की 20 वर्षीय पुत्री अनीता देवी एवं देवेंद्र वर्मा की 18 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी की तलाश अभी जारी है। वहीं घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीआरएफ टीम के देर से आने एवं मुआवजे की मांग को लेकर बरामद तीनों शवो को सड़क के बीचों-बीच रख सड़क जाम कर दिया है। सड़क जाम के दौरान ग्रामीणों ने टायर जलाकर आग जानी भी की। सड़क जाम व आगजनी होने के कारण सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है एवं आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। उधर सड़क जाम एवं आगजनी की सूचना पाकर चांदी थानाध्यक्ष सौरभ कुमार,कोईलवर प्रखंड के बी-डिओ एवं सीओ घटनास्थल पर पहुंच गए है। इसके पश्चात एसड-ीआरएफ के टीम के सहयोग से लापता दोनों लड़कियों की थी सर्च अभियान जारी है। बता दे की शनिवार की शाम चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के समीप पथलवा घाट पर ददन राय की 20 वर्षीया वि-वाहिता पुत्री अनीता देवी,दशरथ यादव की पुत्री निशा कुमारी, चितरंजन वर्मा की दो पुत्री सुमन कुमारी,पूनम कुमारी उर्फ चंद्रावती कुमारी एवं उनकी चचेरी बहन अंजली कुमारी जिउतिया पर्व को लेकर नहाने गई थी। नहाने के दौरान जब उनमें से एक लड़की गहरे पानी में जाकर सेल्फी ले रही थी और सभी लड़कियां आपस में हंसी-मजाक कर रही थी। उसी दौरान सभी लड़कियां अचानक सोन नदी में डूब गई। सोन नदी का बहाव इतना तेज था कि देखते ही देखते पांचों लड़कियां वहां मौजूद अपने परिजनों की आंखों से ओझल हो गई। इसके बाद वह मौजूद उनके परिजन एवं द्वारा शोर मचाना शुरू किया गया। जिसके बाद उनके शोर मचाने की आवाज सुनकर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं गोताखोर वहां पहुंचे और सोन नदी में चलांग लगा दी। लेकिन स्थानीय गोताखोरों एवं ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद भी शनिवार की देर शाम तक किसी का भी नहीं मिल पाया था। वही घटना के संबंध में बताया जाता है कि चांदी थाना क्षेत्र के चांदी बाजार स्थित कुंजन टोला निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता ददन राय की बेटी अनीता देवी,उनके साले दशरथ यादव की बेटी निशा कुमारी,उनके घर में किराए पर रह रहे चितरंजन वर्मा की दो पुत्री सुमन कुमारी,पूनम कुमारी उर्फ चंद्रावती कुमारी व देवेंद्र वर्मा की बेटी अंजली कुमारी स्थानीय थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के समीप पथलवा घाट पर नहाने गई थी। जहां नहाने के दौरान पांचो लड़कियां आपस में हंसी-मजाक करने लगी। हंसी मजाक के दौरान सभी लड़कियां नदी के अंदर जाकर सेल्फी लेने लगी। उसी क्रम में उनमें से एक लड़की अचानक बालू के गड्ढे में जा गिरी। पानी अधिक गहरा होने के कारण वह उसमें डूब गई। उसे डूबता देख साथ रही चार लड़कियां भी उसे बचाने के क्रम में डूब गई। देखते ही देखते चार मां ने अपनी पांच बेटियों को खो दिया। इनमें एक मां ने एक साथ अपनी दो बेटी को खो दिया है। डूबी पांचों लड़कियों की चार मां ने उनकी लंबी उम्र को लेकर जिउतिया का निर्जला व्रत रखा था। लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि जिन बच्चियों के लिए उन्होंने जिउतिया का निर्जला व्रत रखा है। वही उनसे छिन जाएगी। हादसे को लेकर मृतकों के घर एवं पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतकों की मां एवं परिवार के अन्य सदस्यों के रोने-धोने एवं उनकी चित्तकारियों की गूंज से पूरा गांव गमगीन हो चुका है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए लोजपा सुप्रीमो रामविलास पासवान

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो अनुमंडल मुख्यालय में लोक जन शक्ति पार्टी के संस्थापक स्व.रामविलास पास्वान की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा से याद किया गया। इसौके पर लोजपा (रामविलास ) के कार्यकर्ता अजय कुमार विद्यार्थी के आवास पीरो में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने स्व पास्वान के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी। मौके पर मौजूद लोजपा (रामविलास) के जिला महासचिव युवा बिहारी राज कपूर ने अपने संबोधन में कहा स्व.रामविलास पासवान दलित पिछडों के सच्चे हिमायती थे। उनका संपूर्ण जीवन दलित पिछडों को उनका वास्तविक हकव मान सम्मान दिलाने में गुजरा। रामविलास पासवान ने देश के 30 करोड गरीब -दलित को मुफ्त में राशन दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी । उनके समय में शुरू यह व्यवस्था आज भी जारी है । गरीब स्वर्ण को 10 प्रतिशत आ-रक्षण दिलवाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान था । उनके प्रयास से ही सर पे मैला का ढोने की प्रथा को समाप्त किया गया । वे केन्द्र सरकार में जिस विभाग का मंत्री बनें उस विभाग का काम सबसे अधिक मजबूती से किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा (रा) के पीरो प्रखंड अध्यक्ष अजय पासवान एवं संचालन तरारी प्रखंड अध्यक्ष परमानंद पासवान जी ने किया । कार्यक्रम में तरारी प्रखंड संसदीय बोर्ड अध्यक्ष सोनू कुमार, पीरो प्रखंड के महामंत्री एवं पूर्व मुखिया राम पुलिस पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय पासवान, राजकुमार पासवान, तरारी प्रखंड मीडिया प्रभारी नवीन कुमार पासवान सहित कई अन्य लोग मौजूद थे । सहार (भोजपुर)। भोजपुर जिला के सहार प्रखंड के बाल विकास आवासीय विद्यालय के प्रांगण में लोजपा रामविलास पार्टी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। आयोजन सभा का अध्यक्षता लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष आमोद कुमार अमर तथा संचालन बाल विकास विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश राय ने किया । लोजपा सुप्रीमों रामविलास पासवान का तीसरा पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया । सभी में उपस्थित सभी लोगों ने सुप्रीमों रामविलास पासवान जी के तैल चित्र पे पुष्प अर्पित कर याद किए गए। सहार प्रखंड अध्यक्ष ने बताया की भारत का दूसरा पद्मभूषण प्राप्तकर्ता स्वर्गीय रामविलास पास्वान गरीबों के लिय बहुत सारे योजनाएं लाए तथा उनकी अन्य स्मृतियों को याद किया। मौके पे अशोक पासवान ,भीम पासवान,विमलेश कुमार विकाश कुमार गीता कुमारी तेजस्वी कुमार सुरेंद्र पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## संघर्ष सेवा समिति के रक्त दान शिविर में 20 युवा ने किया ब्लड डोनेट

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड के खैरा बजार में संघर्ष सेवा समिति के द्वारा बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद लालदास राय ,पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी, अदिब रिजवी ,प्रदेश कार्यसमिति सूर्यभान सिंह , प्रोङ्क दिनेश सिंह,तरारी मध्य जिला पार्षद राकेश सिंह,सहार पैक्स अध्यक्ष गोविंद प्रसाद,मुखिया महेंद्र प्रसाद,समरेश सिंह, पूर्व उप प्रमुख वकील साह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम की अधक्षता चंदन कुमार चांद एवं संचालन कुमार मंगलम ने किया। पूर्व एमएलसी लाल दास राय ने कहा की रक्तदान मानवता के लिए सबसे उत्तम और उत्कृष्ट कार्य है। रक्तदान दुनिया का सबसे महादान है इस कार्य के लिए हमेशा हम साथ खड़े है। आगे कौशल विद्यार्थी जी संबोधन करते हुए कहा की एक मानव का रक्त दूसरे इंसान की जीवन रक्षक साबित होता है ये जन कल्याण की भावना से सहार प्र-



खंड का पहला ऐतिहासिक कार्यक्रम है । रक्तदान शिविर में 20 युवा स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। संघर्ष सेवा समिति का उद्देश्य है हमारा प्रयास से आम जन मानस का राहत और कल्याण हो इसके लिए प्रयास किया जाता है। सभी रक्तवीरो को मेमेंटो, प्रमाण पत्र और अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। शिविर में रक्तदाता सूर्यभान सिंह,र-ाकेश सिंह जिला पार्षद, शशिरंजन राय शिक्षक,पियूष राय, राहुल शर्मा,चंदन कुमार,राजीव कुमार चौधरी, लीलू राय,प्रेमचंद्र कुमार, मोङ्क उलफाक राजा ,मुकेश कुमार,बिजेंद्र कुमार,राहुल शर्मा,मृत्युंजय कुमार,रोहित कुमार,शेषबिहारी मैआर ,रामचंद्र रजक,अक्षय राय,भीम कुमार,संजय राय, रक्तदान किए। कार्यक्रम में सचिव सुजीत कुमार,नंदू पांडे,अंकुश कुमार ,नवीन कुमार, कुमार प्रतीक,बंटी राय मौजूद रहें।

## अवधूत भगवान राम आश्रम बगवां गड़हनी में 67 मिर्गी रोगियों को दी गई दवा।

**दैनिक समाज जागरण बंटी राठौर गड़हनी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत गड़हनी। सर्वेश्वरी समूह अवधूत भगवान राम आश्रम शाखा बगवां गड़हनी में आज सुबह ब्रह्म मुहूर्त में 67 मिर्गी रोगियों को चिकित्सा शिविर लगा दवा दी गई। बता दे कि शनिवार को शिविर लगा सभी दूर दराज से आये रोगियों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया था। उन सभी रोगियो को आज सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में दवा दी गई। आश्रम के ब्यास्थापक एस डी सिंह ने बताया कि ये शिविर आश्रम के सानिध्य में बाबा की दुआ के साथ लगाया जाता है। दवा भी जड़ी बूटी के द्वारा बनाकर रोगीयों को सोगड़ा आश्रम से आये बैध के द्वारा दी गई। ये दवा लगातार 3 महीने के बाद फिर फरवरी में दिया जाएगा। बता दे कि पिछले वर्ष से ही रोगियों को दवा दिया जा रहा है। रोगियों का भी कहना है कि जब से दवा खाये है कोई दिक्कत परेशानी नही हुई है। कुछ रोगीयों ने कहा कि दवा के साथ गया है कि गोपालगंज, डिहरी, पटना, बक्सर भभुआ सहित बिहार के कई जिले से लोग आए है और दवा खाकर ठीक हो जाते है। इस मौके




साथ सब बाबा का आशीर्वाद है । आश्रम के कोषाध्यक्ष अरबिंद सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि मिर्गी के लिये आश्रम का दवा इतना फेमस हो पर शत्रुधन सिंह,त्रिलोकी सिंह,अजित कुमार सहित कई आश्रम के सदस्यों ने शिविर में सहयोग किया।

## 20 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरणा वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना की पुलिस ने देव गांव से एक व्यक्ति को 20 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के देव गांव निवासी कन्हैया राम द्वारा अपने घर में देशी शराब छुपा कर रखने एवं चोरी छिपे बिक्री किए जाने के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। मिली गुप्त सूचना के आधार थाना पुलिस की टीम द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कन्हैया राम पुलिस को देख देशी शराब से भरे प्लास्टिक का गैलन लेकर भागने लगा। जिसे खदेड़कर पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया और उसके पास से शराब भी जब्त कर लिया। वही कन्हैया राम को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया।

## चोरी के बाईक के साथ दो चोर गिरफ्तार
### काफी दिनो से पुलिस को थी तलाश

**दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारी थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए चोरी की हुई बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के करथ गाँव मे ही चार पहिया वाहन में आग लगाने के मामलें तरारी थाना की पुलिस उनकी तलाश में थी।थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर के नेतृत्व में बाइक चोर गिरोह की बरामदगी के लिए एक टीम का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर भोजपुर रोहतास बॉडर के चिकसिल गॉव के समीप से तरारी थाना की पुलिस ने प्रिंस कुमार पिता विरेन्द्र सिंह व कुंज बिहारी सिंह उर्फ कन्हैया सिंह दोनो गाँव करथ को शनिवार की शाम स्पेलन्डर बाईक के साथ गिरफ्तार कर तरारी थाना ले आई ।जहाँ पुछ ताछ के दौरान वाईक चौरो ने बिती शाम बिक्रमगंज चौक से वाईक चोरी करने की बात स्वीकारी गई ।तरारी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार दोनों बाइक चोरो को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दी।

## महुआ शराब के साथ कारोबारी एवं शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला के सहार थाना क्षेत्र से 5 लीटर महुआ शराब के साथ शराब कारोबारी एवं शराबी गिरफतार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बरूही गांव निवासी स्वर्गीय गंगा दयाल राम का पुत्र इंदल राम को 5 लीटर महुआ शराब के साथ एवं शराबी राजेंद्र शर्मा का पुत्र मनोज शर्मा को शराब पीकर हंगामा करने के मामले में सहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया है। वहीं
चौरी थाना क्षेत्र से 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार नीम मूसहर टोली से 20 लीटर महुआ शराब को छोड़कर अभियुक्त भागने में सफल रहा। हालांकि चौरी थाना पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब के साथ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है । और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर ली जाएगी।

## चोरो ने रात के अंधेरे में नगदी व गहाने पर किया हाथ साफ

**दैनिक समाज जागरण: अश्वनी कुमार पिंटू बड़हरा भोजपुर**

भोजपुर के सिन्हा ओपी क्षेत्र के पोरहा गांव में शनिवार की मध्य रात्रि चोरों ने पीछे से घर में घुसकर कमरा में रखा सोना के आभूषण, लैब टॉप,मोबाइल आदि सहित हजारों रुपया नगदी पर अपना हाथ साफ कर गए।इस घटना के विरुद्ध स्थानीय गांव निवासी भुक्तभोगी गृहस्वामी मैना सिंह ने सिन्हा ओपी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा चोरी हुई समानों की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस दर्ज प्राथमिकी की आधार पर इस घटना की जांच कर चोरी हुई समानों को बरामद व चोरी की घटना में शामिल चोरों की गिरफ्तारी में जुट गई है ।इस चोरी की घटना के बाद इस गांव के ग्रामीणों में डर व्याप्त हो गया है। दर्ज प्राथमिकी में भुक्तभोगी ने कहा है की रोजाना की तरह वह खाना खाने के बाद सभी परिवार अपने कमरे में सो रहे थे। उसी दरमियान रात को लगभग एक बजे चोरों ने घर के पीछे के रास्ते कमरा में घुसकर उसमे रखा सोना का चार थान आभूषण,ब्लूटूथ,एक ट्रॉली बैग जिसमे छोटे लड़का का नौकरी ज्वाइन का रखा पत्र समेत नगदी पचास हजार रुपए चुरा लिया। ओपी प्रभारी राजीव कुमार ने बताया की पुलिस इस घटना में शामिल चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बुथ सशक्तिकरण को ले भाजपा सिकरहटा मंडल में बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के भाजपा तरारी विधानसभा, सिकरहटा मंडल के मंडल केन्द्र मोआप कला के धुव्र प्रहलाद बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगाण में



बूथ सशक्तिकरण एंव सत्यापन हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल पदाधिकारी व शक्ति केंद्र का गठन और सत्यापन का कार्य किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीरामानुज सिंह ने किया।बैठक के दौरान जिला संयोजक सुनील सिह ने बुथ संशिक्तकरण के बारे में चर्चा करते हुए कार्यक्रताओ को विस्तार से समझाया ।बैठक में मंडल सयोजक श्री आदित्य मुनि सिंह ,मंडल के उपाध्यक्ष विनय सिंह ,उपाध्यक्ष हरेराम सिंह ,विक्रम गिरी ,परमहंस सिंह ,युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल सिंह ,बिरेन्द्र गिरी ,विवेक कुमार सिह ,विकटेश सिंह समेत सभी बूथ अध्यक्ष शामिल थे।

## हथियारबंद बदमाशों ने लिट्टी दुकानदार को मारी गोली

**दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र में अभी प्राप्त सूचना के अनुसार देर संध्या लगभग 09.45 बजे चरपोखरी बाजार में सोनू लिट्टी दुकान संचालक अनिल शाह पिता ननकू साह गाँव केवटिया सरैया को बाइक सवार दो अपराधियों ने लिट्टी मांगने के दौरान कहा सुनी में कमर के ऊपर गोली मार दिया है ।सूचना प्राप्त होते ही 5 मिनट में स्थानीय थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंच गए और घायल को तुरंत इलाज कराने के लिए आरा स्थित अस्पताल में भेज दिए हैं। पुलिस अधीक्षक भोजपुर के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीरो के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया गया है और अभियुक्तों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास आरंभ कर दिया गया है । जल्द ही अभीयुक्त को गिरफ्तार किया जाएगा और उसके बाद घटना के कारण का पता चल पाएगा की गोली क्यों मारी गई ।

# गुजरात विश्वविद्यालय की डॉ नयना डेलीवाला के सम्मान में साहित्य परिषद महागामा द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार शाह**

महगामा/ गोड्डा झारखंड गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद की विदुषी प्रोफेसर नयना डेलीवाला की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम ने प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक भारत के धरोहर के रूप में विश्व विख्यात विक्रमशिला विश्वविद्यालय का साहित्यिक अवलोकन किया। दिनांक 7.10 .2021 को विक्रमशिला भग्नावेश अवलोकन के पश्चात सभी साहित्यकार ऊर्जानगर पहुंचे , जहां साहित्यकार परिषद महागामा द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया । संध्या उनके सम्मान में अंतरराष्ट्रीय शायर सह मुख्य अभियंता सुशील साहिल के आवास पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन भी किया गया. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महागामा की नेत्री निक्की राय ने डॉ नयना डेलीवाला तथा अन्य गुजरात से पधारे सभी साहित्यकारों का स्वागत पुष्प माला से किया। संस्था के महासचिव सुशील ठाकुर साहिल ने अतिथियों को साल एवं श्रीफल प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। अपने वक्तव्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की साहित्यकार डॉ (प्रो) नयना डेलीवाला ने झारखंड को प्रगतिशील राज्य बताया साथ ही उम्मीद जाहिर की के यहां की हरियाली की तरह ही यहाँ साहित्यिक संस्कार सदा




पल्लवित पुष्पित होते रहेंगे। उन्होंने विक्रमशिला को विश्व धरोहर का दर्जा देने का आह्वान किया, ताकि भारत ही नहीं अपितु विदेशों से भी अधिक से अधिक संख्या में पर्यटक यहां पहुंच सके।
साहित्यकार परिषद के महासचिव सुशील साहिल ने कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कहा, एक रिदम में एक ताल में है भारत, अपने गौरवशाली कल में है भारत है। वरिष्ठ शायर कलीमुल्लाह परवाना ने अपने कलाम के माध्यम से देश के वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत को वसुधैव कुटुंबकम का जनक तथा अमन का रखवाला बताया। आगंतुक अतिथियों के साथ-साथ अशोक कुमार अजय, अनुराग कुमार झा, शम्स परवाना, हरिश खत्री, उत्तम कुमार ठाकुर, शंकर देहाती, राजेश कुमार अति ने अपनी अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारीगण के अलावा महागामा, गोड्डा और आसपास के बुद्धिजीवियों साहित्य प्रेमियों ने देर रात तक कवि सम्मेलन का आनंद लिया'

# बच्चा पासवान हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार : छापेमारी में पिस्टल, कारतूस, मादक पदार्थ बरामद, कई मामलों में था आरोपी

**समाज जागरण जिला ब्यूरो**

मोतिहारी (बिहार)पुलिस ने पूर्व पंचायत समिति सदस्य बच्चा पासवान हत्या कांड का मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी में पिस्टल, गोली और मादक पदार्थ जब्त किया गया। जिसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने छह कांड का खुलासा किया है। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बच्चा पासवान के हत्या के बाद कई लोगों से फोन कर रंगदारी की मांग करने वाला मुख्य अभियुक्त अभिषेक स्वर्णकार आदापुर थाना क्षेत्र में देखा गया है। सूचना मिलने के साथ ही रक्सौल एसडीओपी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम बना कर सभी थाने को अलर्ट कर नाकेबंदी कर जांच शुरू की गई। वाहन जांच के क्रम में आदापुर थाना क्षेत्र के मूर्तिया साईफन के समीप एक बिना नम्बर की मोटरसाईकिल चालक वाहन जांच को देखते ही भागने लगा जिसे उपस्थित बल द्वारा भागने के दौरान पकड़ा गया।तलाशी के क्रम में पकड़ाए व्यक्ति के पास से एक पिस्टल, दो कारतूस एवं मादक पदार्थ बरामद किया गया है। जब पूछताछ किया गया तो उसने बताया की उसका नाम अभिषेक स्वर्णकार है। उसने पूछताछ में पता चला बच्चा पासवान की हत्या कांड के अलावा जुलाई 2023 में हुए सोना लूट का कांड, सितम्बर, 2023 को डॉक्टर व्यवसाई से मांगी गई रंगदारी, नवम्बर 2021 में रंगदारी का कांड वांछित और 2021 में हुए लूट कांड में फरार चल रहा था।

# 150 वर्षो से कौड़ी लूटने का परंपरा चलते आ रहा है, पूजा शांति समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव

**समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर( बिहार) जिले में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।नाथनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित महाशय ड्योढी और सुजापुर स्थित मां दुर्गा मंदिरों में रविवार से मां दुर्गा के आह्वाहन को लेकर मंदिर से बोधन घट निकाल कर ढोल, ढाक गाजे बाजे के साथ गंगा घाट ले जाया गया।जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बोधन घट में जल भरकर वापस मंदिर में पहुंच कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मां दुर्गा का आह्वाहन कर बोधन घट को मंदिर में स्थापित किया गया।कलश की पूजा रविवार से शुरू होकर विजयादशमी तक चलेगा।यह पूजा 18 दिनों तक चलता रहेगा, और मंदिर में प्रज्वलित दीप अनवरत विजयादशमी तक जलते रहेगा।इसके साथ ही महाशय ड्योढी मंदिर और सुजापुर दुर्गा स्थान में दुर्गा पूजा 18 दिनों तक मनाई जाएगी।कौडी लूटाने का परंपरा डेढ सौ वर्षो से चलता आ रहा है । तो वही पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव सारी जानकारी देते हुए कहते हैं कि सभी त्योहारों में दुर्गा पूजा समिति के मेडपति को अगर कोई भी परेशान है यह समस्या उत्पन्न होता है तो वह सीधे समिति के अध्यक्ष कुछ जानकारी उपलब्ध करवाने का





अपील किये।ऐसे दावा किया जाता है कि कोलकाता की काली व महाशय ड्योढी की दुर्गा पूजा काफी विख्यात है।महाशय ड्योढी मंदिर में कौड़ी लुटाने की परंपरा 400 वर्ष पुरानी है।बंगाली परंपरा के अनुसार कौड़ी को धन कुबेर का घोतक माना गया है। सुहागिन महिलाएं इस कौड़ी को सिंदूर के किए में रखती है।ऐसी मान्यता है की कौड़ी को घर में रखने से धन आने का दरवाजा खुलता है।यही कारण से श्रद्धालुओं की कौड़ी लूटने की होड़ मच जाती है।महाशय परिवार के अरविंदो घोष ने बताया कि आज से मां दुर्गा के आह्वाहन के साथ पूजा शुरू हो गई है।बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर बोधन घट में जल भरकर बोधन कलश मंदिर में प्रवेश कराया।ऐसी मान्यता है, की माता के यहां दर्शन करने भर में लोगों की बिन मांगी मुरादे भी पूरी हो जाती हैं। काफी संख्या में लोग कौड़ी लूटने के लिए पहुंचते हैं'

# बिहपुर प्रखंड में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पर नुक्कड़ नाटक का किया गया मंचन।

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर (बिहार) उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आशीर्वाद रंगमंडल बेगूसराय के द्वारा प्रखंडों के सोनवर्षा दुमुही चौक समेंत कई चौक पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अमृत कलश में वहाँ की मिट्टी इकट्ठा किया गया। आशीर्वाद रंगमंडल के कलाकार उपर्युक्त जिलों में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति प्रारंभ किया है।



रंगमंडल के सचिव अमित रौशन ने बताया की इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गुलामी के हर अंश से छुटकारा के लिए आम जनता के बीच जागरूकता प्रदान किया जाएगा, लोगो में देशभक्ति का जज्बा पैदा होगा। अपने देश को सशक्त बनाने में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के योगदान को याद किया जाएगा। नुक्कड़ नाटक का नेतृत्व कुणाल भारती के द्वारा किया गया ।

# शारीरिक शिक्षकों की मांग विचारनीय बिहपुर विधायक ई.कुमार शैलेन्द्र।

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर -(बिहार) रविवार की देर शाम बिहार शारीरिक शिक्षक स्वास्थ्य अनुदेक संघ सचिव मणि भूषण शर्मा , उपाध्यक्ष बिक्रम कुमार सिंह एवं उपसचिव दिलीप कुमार शर्मा ने शारीरिक शिक्षक की समस्या से अवगत कराते हुए बिहपुर विधायक ई कुमार शैलेंद्र को ज्ञापन सौंपा । श्री शर्मा ने बताया की बिहार सरकार शारीरिक शिक्षकों के साथ दोहरा मापदंड अपना रही है । बिहार सरकार के द्वारा शिक्षक नियोजन नियमावली 2012 के अन्तर्गत सीटेट 2019 का आयोजन किया था जिसमें शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक की बहाली के लिए परीक्षा ली गई । यह विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय पटना के अवमानना वाद के आदेश के बाद निकाली गई । शिक्षक नियोजन नियमावली 2012 के वेतन वाले पेज पर जहाँ शिक्षकों के वेतन से संबंधित जो ब्योरा दिया गया उसमें प्राथमिक को पांच हजार एवं माध्यमिक को छह हजार एवं शारीरिक अनुदेशक को चार हजार तय किया गया था । परन्तु शिक्षकों की बहाली के साथ शारीरिक शिक्षक की बहाली की प्रकिया आगे नही बढ़ी । सन 2022 में शारीरिक अनुदेशको की बहाली जब की गई तो उसके वेतन में सुधार किए बिना आठ हजार रुपये तय कर किए गए । जब सारे शिक्षक का वेतन बढाया गया तो शारीरिक शिक्षकों के वेतन पर विचार नही किया गया । मामले पर संज्ञान लेते हुए बिहपुर विधायक ने कहा की यह शारीरिक शिक्षकों के साथ बिल्कुल गलत किया जा रहा है ।शारीरिक शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए मामले को गंभीरता पूर्वक सदन में उठाया जाएगा । मौके पर शारीरिक शिक्षक राजवर्धन कुमार , पंकज कुमार ,रमेश ,संजय, अंजू कुमारी ,रुबी कुमारी के अलावे भाजपा प्रवक्ता गौतम कुमार ,बिहपुर प्रखंड अध्यक्ष प्रभुनंदन चौधरी, अरुण चौधरी समेंत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# गोपालगंज- जाति आधारित जनगणना पूरे देश में होनी चाहिए- राजेश तिवारी

**समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ शैलेश कुमार तिवारी**

बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है जाति आधारित जनगणना।इससे जो वंचित समाज के लोग है, ऊंची जाति के लोग जो वंचित हैं। उनको भी आर्थिक और राजनीतिक लाभ मिलने में आसानी होगी। राज्य में जाति आधारित गणना के निष्कर्ष शासन के नए युग के लिए एक ऐतिहासिक छलांग है। जाति आधारित गणना को स्वतंत्र भारत में ह्यह्यएक नए युग की शुरूआत करने वाला निर्णय।बिहार ही नही देश को इस जाति आधारित गणना के आंकड़े का इंतजार था जाति आधारित गणना के निष्कर्ष से सरकार को विभिन्न जातियों और वर्गों की जरूरतों व आकांक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाने में मदद मिलेगी जाति जनगणना के मुद्दे पर भाजपा का चेहरा बेनकाब हुआ भाजपा अपने बि टीम के माध्यम से जिस तरह अदालत में इसको रुकवाने के लिए फौज खड़ा कर दिया और अब जब उसका यह साजिश विफल हो गया है तो इसका श्रेय लेने के लिए इसके नेता बयान देने लगे हैं लेकिन बिहार ही नहीं देश की जनता जानती है कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी जाति जनगणना के लिए लंबे समय से प्रयासरत रहे हैं इसका नतीजा है कि सर्वोच्च न्यायालय ने उनके प्रयासों को अमलीजामा पहुंचाया है इस पर भाजपा के नेता खिड़की देखने लगे हैं
श्री तिवारी ने कहा भाजपा अपनी बी टीम के माध्यम से इस गणना को रोकने के लिए बहुत कोशिश किया



लेकिन इसमें सफलता उनको नहीं मिली जिस तरह से उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक रोक लगाने के लिए अधिवक्ताओं का फौज खड़ा किया लेकिन सफल न हो सके तथा उसके बाद आम जनों के बीच में भ्रम फैलाने का कोशिश किया उसमें इनको नकामी हासिल हुआ केंद्र सरकार को चाहिए कि अब देश में जाति आधारित जनगणना कराएं तथा सभी वर्गों में नीचे की लोगों को आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ने वाले को आगे लाने का योजना बनाएं जाति आधारित गणना से प्रत्येक जाति धर्म के लोगों को फायदा होगा और समाज सशक्त होगा ये समय का मांग है की विभिन्न जाति समूहों के लिए लक्षित विकास योजनाएं बनाने और सर्व-समावेशी समग्र राष्ट्रीय विकास हासिल करने में मदद करने के लिए सामाजिक न्याय से जुड़ी मजबूत भावनाओं के कारण जाति जनगणना के लिए जरूरी है।बिहार में हो रहे जातिगत जनगणना संपूर्ण, वैज्ञानिक डेटा को सामने लाएगी जो नीति-निमाताओं को उनकी वास्तविक जरूरतों के आधार पर प्रत्येक जाति या समुदाय के लिए समान प्रतिनिधित्व के लिए विशेष नीतियां, आरक्षण और कार्यान्वयन तैयार करने में सक्षम कर सकती है।वर्तमान में भारत काफी हद तक 1931 की जाति जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है। लेकिन पिछले 90 वर्षों में सामाजिक-आर्थिक स्थिति में आमूल-चूल परिवर्तन आया है, जो 21वीं सदी में आंकड़ों और जाति घटकों को नए सिरे से जानना जरूरी बना देता है। अब अब मोदी सरकार को चाहिए यथाशीघ्र जाति आधारित जनगणना पूरे देश में करवा जिससे समाज की सभी वर्गों का आर्थिक शैक्षणिक स्थिति मालूम हो सके तथा उसके अनुरूप योजना बने जिससे कि उनके समग्र विकास हो सके।

# जयप्रकाश नारायण ने हमेशा नेशन फर्स्ट के सिद्धांत को दिया महत्व:संतोष कुमार

**समाज जागरण**

भागलपुर बिहार इंदिरा के आपातकाल के खिलाफ आंदोलन करने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 44 वीं पुण्यतिथि पर भाजपा ने रविवार को सदर अस्पताल स्थित जेपी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया।
जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी अप्रतिम निष्ठा व समर्पण भाव सदैव स्मरणीय रहेगा
उनके स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिगत होकर आंदोलन को चलाने से लेकर कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के खिलाफ और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संपूर्ण क्रांति के माध्यम से देश का नेतृत्व करने तक के सफर को याद किया ।जयप्रकाश नारायण का जो सपना था आज उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे है। आज मोदी के नेतृत्व में भ्रस्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही है।पूर्व जिला अध्यक्ष नभय चौधरी ने कहा की स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान, लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल के विरुद्ध उनका सम्पूर्ण क्रांति का विचार हर देशवासी के लिए सदैव एक प्रेरणा का केंद्र रहेगा।उनके क्रांतिकारी विचार सदैव हमें लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।
पूर्व जिला अध्यक्ष अभय वर्मन ने कहा की आपातकाल के समय में जन संघर्ष का नेतृत्व करके उन्होंने लोकतंत्र को पुनः स्थापित करनें में प्रमुख भूमिका निभायी थी।उनके क्रांतिकारी विचार सदैव हमें लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।
इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार सिंह, बंटी यादव, आलोक सिंह बंटू, रोशन सिंह, योगेश पांडेय, राजेश टंडन, जिला मिडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, प्रकाश साह, प्रदीप जैन, चंदन ठाकुर,रितेश घोष, सुधीर भगत,सोमनाथ शर्मा, नंदकिशोर हरि उर्फ फजलू,संगीता शर्मा, लक्ष्मी साह,स्वेता सिंह,मनीष यादव,प्रेमलता मिश्रा,सिद्धार्थ सिंह सोलंकी,अमन सिंह ,अनुज साह, मनीष कश्यप,अवध राय, अरबिंद गुप्ता, निरंजन साह समृत स्वस्वत, चंदन यादव आदि कार्यकर्ता ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

# जितिया पर्व पर गंगा स्नान करने गया नाबालिग बच्चों का शव बीते दो दिन के बाद श्रीरामपुर पुल में हुई बरामदगी।

**समाज जागरण कार्यालय संवादाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंपा नदी घाट में जीवित्पुत्रिका स्नान को लेकर गंगा स्नान करने गया नाबालिग छात्रा डूब गया। इसके बाद चंपा नदी घाट पर कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस को दी।नाथनगर थाना पुलिस ने घटना की जानकारी को लेकर गस्ती दल को भेजा।तत्पश्चात सदर एसडीओ व अंचलाधिकारी को दी। नाथनगर अंचल अधिकारी ने सूचना के उपरांत चार की संख्या में आपदा मित्र को मौके पर भेजा। वही आपदा मित्रों के द्वारा नदी में नाबालिग को ढूंढने का प्रयास किया परंतु कोई सुराग नहीं मिल पाया है।नाबालिग छात्र की पहचान नाथनगर रेलवे फाटक के समीप निवासी पवन शाह के 12 वर्षीय पुत्र पृथ्वी कुमार के रूप में हुआ है।घटना सुबह की बताई जा रही है। वही इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के करीब 3 घंटे बीत जाने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम के मौके पर नहीं पहुंचने से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है परिजन के साथ स्थानीय लोग नाथनगर थाना पहुंचकर अपने पुत्र की बरामदगी को लेकर हंगामा करने लगे। नाथनगर थाना पुलिस ने लोगों को समझा बूझकर शांत कराया।एस डी आर एफ की टीम डूबे छात्र की खोजबीन में जुटी फिर भी एसडीआरएफ टीम को बच्चे शव नहीं मिला वही आज दो दिन बीतने के बाद शव खुद व खुद श्रीरामपुर पुल के नीचे आकर बहता हुआ फंसा पाया गया
वही आपको बता दे की बीते दो दिन बाद श्रीरामपुर पुल में बहता हुआ जा रहा शव को परिजन देखा और पुलिस को सूचना दी और शव सबको अपने कब्ज में ले कर नौलखा कोठी पोस्टमार्टम शव को लेकर परिजन पहुंचे वहीं परिजन ने बताया कि मेरा पुत्र पृथ्वी कुमार जो पांचवें क्लास में पढ़ाई कर रहा था वह दो भाई के साथ गंगा नहाने गए इसी क्रम में एक भाई डूब गया जिसमें दो दिन के बाद उसकी शव बरामद हूई।

# बांका: अपनी मांगों को लेकर 10 अक्टूबर से DRCC भवन के बाहर जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के सिंगल विंडो ऑपरेटर करेंगे हड़ताल

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) बांका जिले में 10 अक्टूबर से जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र बांका में सिंगल विंडो ऑपरेटर वी मल्टी परामर्श असिस्टेंट अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे, हड़ताल पर जाने को लेकर सभी सदस्य ने बैठक भी किया, सिंगल विंडो ऑपरेटर एवं मल्टी परामर्श असिस्टेंट के सदस्य मनीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री साथ निश्चय योजना के तहत बीआरसी चल रही तीन महत्वपूर्ण योजना हड़ताल से प्रभावित होगी, बीआरसी के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्य योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, वह मुख्यमंत्री निश्चय सेवक सहायता भत्ता योजना लाभ लेने प्रतिदिन सैकड़ो छात्र व छात्राएं आते हैं,




बिहार विकास मिशन उन लोगों की समस्या वार्ता करने के बाद भी हल नहीं कर रही है, इसलिए वह लोग हड़ताल पर जा रहे हैं!

# बिहपुर पुलिस ने छापेमारी कर तीस लीटर देशी शराब किऐ जब्त।

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहार:- भागलपुर/ बिहपुर-शनिवार को मिली गुप्त सूचना पर बिहपुर पुलिस व एएलटीएफ टीम ने बिहपुर थानाक्षेत्र के अरसंडी बहियार में छापेमारी कर तीस लीटर देसी शराब जब्त किया।वहीं मौके पर पुलिस ने देसी शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण को बरामद किया।थानाध्यक्ष राजेशरंजन कुमार ने बताया कि मौके पर से भागे शराब तस्कर की पहचान कर ली गई है।इसको लेकर थाना में मामला दर्ज कर आरोपित तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।वहीं शनिवार की शाम में ही शराब के नशे में हंगामा व लोगों को परेशान कर रहे शराबी पवन कुमार चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया।जिसे रविवार को पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पोखरा में डूबने से एक किशोर की हुई मौत।

**समाज जागरण पप्पू पंडित**

मोतिहारी( बिहार) जिले के पकडीदयाल थाना क्षेत्र के राजेपुर नवादा पंचायत पंडितपुर गांव में नहाने के दौरान पैर पिछड़ने से गहरे पानी में जाने से एक किशोर की मौत हो गई।मृतक की पहचान बिट्टू कुमार उम्र 10 वर्ष पिता गोविंद साह के रूप में हुआ है, स्थानी लोगों ने बताया कि चारा काट रहे कुछ लोगों ने देखा और गांव में हल्ला हंगामा किया पोखरा के किनारे घटना की खबर सुनते ही लोगों की भीड़ जुट गई कुछ ग्रामीण पोखरा से शव को बाहर निकाला वहीं सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया इस संदर्भ में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष सरफराज अपने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है।अंचलाधिकारी पिंकी राय ने बताया कि आपदा से मिलने वाली सरकारी योजना की लाभ दी जाएगी।

# परसौनी गांव में रविवार को निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया

**समाज जागरण कमलेश भगत**

मोतिहारी ( बिहार)प्रखंड क्षेत्र के परसौनी गांव में रविवार को निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया 'जिसमें डेंटल, महिला संबंधित रोगी, फिजिशियन के 250 मरीज का जांच डॉक्टर रेनू चटर्जी, डॉक्टर भूपेंद्र कुमार और डॉक्टर रत्न सिंह के द्वारा किया गया, यह जांच शिविर श्रीनिवास गुजरात लेब्रोटिज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आयोजन किया गया वहीं से मौके पर नशा मुक्ति को लेकर



नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया, वहीं कंपनी के प्रबंधक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की शिविर का उसे करने का मकसद है' कि गरीब का इलाज बेहतर ढंग और मुफ्त में किया जाए वही इस मौके पर ललन प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह, यदुवंश सिंह, सुकुमार रंजन, बिट्टू सिंह, अजय सिंह ,बलेश्वर सिंह, सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# कलवार सभा भागलपुर इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, युवाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर (बिहार ) सेंडिस कंपाउंड स्थित स्टेशन क्लब में कलवार सभा भागलपुर इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया, इस रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया , कई युवा ऐसे दिखे जो अभी तक दर्जनों बार रक्तदान



कर चुके हैं वहीं कुछ ऐसे भी युवा दिखे जो पहली बार रक्तदान कर रहे थे, इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम का विधिवत्त उद्घाटन कलवार सभा के अध्यक्ष गिरीश चंद्र भगत ने पारंपरिक तरीके से किया, उन्होंने रक्तदान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि रक्त देने से महिला और बच्चों समेत गंभीर रोगियों की जान बच जाती है इसलिए हर किसी को अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार रक्तदान करना चाहिए। इस रक्तदान कार्यक्रम के दौरान कलवार सभा भागलपुर इकाई के जिला अध्यक्ष गिरीश चंद्र भगत कार्यक्रम संयोजक अमित भगत , संरक्षक अभय चौधरी सचिव नीरज कुमार गौरव भगत मनोज कुमार मीडिया प्रभारी शंभू भगत के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आकाश इंस्टीट्यूट के तहत एंथे आकाश नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा का हुआ आयोजन

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर( बिहार)आकाश संस्थान भागलपुर इकाई के द्वारा एंथे आकाश नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया यह परीक्षा कक्षा 7 से लेकर 12वीं तक के छात्रों के लिए थी



यह छात्रवृत्ति परीक्षा 7 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक लगातार होना है जिसमें चयनित 100 छात्र छात्राओं को स्कॉलरशिप दिया जाएगा, वही इस छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर आकाश इंस्टीट्यूट के भागलपुर इकाई के निदेशक ने कहा यह पूरे भारतवर्ष में छात्रवृत्ति योजना के तहत परीक्षा ली जा रही है और हमारा लक्ष्य है गरीब मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान कर उन्हें उच्च शिक्षा देना जिससे वह अपने भविष्य को सबार सके आज के छात्रवृत्ति परीक्षा में भागलपुर व भागलपुर के आसपास के क्षेत्र से सैकड़ो छात्र-छात्राएं परीक्षा के लिए पहुंचे थे।

# ई. संजय कुमार बने जन सुराज के जिला उपाध्यक्ष

**समाज जागरण जिला ब्यूरो रामबालक राम**

मोतिहारी (बिहार)जिले के पताही प्रखंड क्षेत्र के परसौनी कपूर पंचायत के पूर्व मुखिया ई. संजय कुमार को जनसुराज का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान ई. संजय कुमार ने बताया कि जनसुराज के मोतिहारी में हुए बैठक में संगठन का विस्तार हुआ। जिसमें उन्हें जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी के द्वारा मिले जिम्मेवारी का निर्वहन सही ढंग से करेंगे तथा पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुचायेंगे।

# सुल्तानगंज भागलपुर रोड में महाजन की समस्या बन रही है दिन भर से रात में यही समस्या रही।

**समाज जागरण प्रखंड संवाददाता विकास कुमार**

सुल्तानगंज ( बिहार)भागलपुर सुल्तानगंज रोड नवादा गांव के पास एन एच 80पर रोड के साइड नाले के निर्माण करने के लिए नाला खुद गया है जिसके कारण करण ने महाजन की समस्या बनी रही दिन भर वहीं देर शाम रोड के साइड से आ रहे मिनी हाईवे ट्रक कच्ची में



उतरने के क्रम में रोड पर महाजन की समस्या बनी रही काफी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन एवं ग्रामीणों की सहायता से किसी तरह जाम से निजात पाया जा रहा है ऐसा लग रहा है कि सुबह चाहिए जाम लगा रहेगा जहांगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पुरैनी के यूभीके कॉलेज कड़ामा में रविवार को सात दिवसीय विशेष कार्यशाला का हुआ समापन

## साथ ही निकाली गई अमृत कलश यात्रा

**दैनिक समाज जागरण, पुरैनी।** यू भी के कॉलेज कड़ामा में 2 अक्टूबर से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सात दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसके अंतिम दिन यानी रविवार को महाविद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा, आलमनगर के राजस्व अधिकारी सौरभ कुमार ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया था इस दौरान कार्यशाला में भाग लेने वाले तीन दर्जन से अधिक छात्राओं के बीच सेमिनार में भाग लेने का सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। समापन सत्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने कहा कि 7 दिनों तक तमाम छात्र-छात्राओं को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में व्याख्यानपूर्वक बताया गया ताकि सभी छात्र-छात्राओं को नामांकन से लेकर अंतिम परीक्षा तक में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो, उन्होंने कहा कि सोमवार से प्रत्येक विषय की कक्षा आयोजित होगी जिसमें उक्त विषय के छात्र-छात्राओं को उपस्थित रहना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को महाविद्यालय में सोमवार से शनिवार तक आयोजित कक्षाओं का मूल्यांकन किया जाएगा साथ ही स्किल डेवलपमेंट पर कार्यशाला



आयोजित होगी जिसमें अलग-अलग क्षेत्र के वक्ता विद्यार्थियों के ज्ञान में वर्धन करेंगे। डॉक्टर झा ने कहा कि महाविद्यालय परिवार हमेशा अपने छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल करने को लेकर तैयार है। आलमनगर के राजस्व अधिकारी सौरव कुमार ने छात्र-छात्राओं को कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए उन्होंने छात्र-छात्राओं के जीवन में आने वाले परेशानियों के प्रश्नों को सुना और उनका समुचित उत्तर देकर विद्यार्थियों को संतुष्ट भी किया। हिंदी साहित्य के अलग-अलग विद्वान साहित्यकारों द्वारा रचित कविताओं के माध्यम से उन्होंने छात्र-छात्राओं के भविष्य को सजाने व सवारने को लेकर उत्साहित किया, उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का प्रथम कर्तव्य है कि वह एक लक्ष्य तय करें और उसे हिसाब से अपनी दिनचर्या बनाएं और प्रत्येक दिन उसे अमल में लाए तभी वह सफलता की सीढ़ी को चढ़कर अपना ध्वज लहराएंगे। कार्यशाला के शुभारंभ पूर्व छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने-अपने घरों से लाई गई एक मुट्ठी मिट्टी वह एक मुट्ठी चावल को अमृत कलश यात्रा के दौरान कलश में संग्रहित किया।

# अभाविप ने बैठक कर कॉलेज इकाई पुनर्गठन तथा दिल्ली में आयोजित परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन पर की चर्चा

**दैनिक समाज जागरण, अररिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया की एक बैठक शिवपुरी स्थित परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में कॉलेज इकाई पुनर्गठन तथा नवंबर माह में दिल्ली में आयोजित परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन पर चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख सह सिंडिकेट सदस्य प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी स्थापना काल से ही छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के सम्मान तथा अधिकार के रक्षा के लिए संघर्ष करते आया है. उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ही एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जिसका 1 वर्ष पर राष्ट्रीय इकाई, प्रदेश इकाई, नगर इकाई, कॉलेज इकाई का पुनर्गठन किया जाता है. संगठन के मजबूती के लिए कॉलेज इकाई का महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि महाविद्यालय कैंपस में ही अधिकतम युवाओं का आना-जाना होता है. एमपी सिंह ने परिषद कार्यकताओं से आह्वान किया कि आप लोग महाविद्यालय कैंपस में नियमित रूप



से थोड़ा समय दें तथा छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए अनुशासित ढंग से महाविद्यालय प्रशासन से वार्ता करें. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लिए छात्र हित सर्वोपरि है इस अवसर पर जिला संयोजक अजीत रंजन ने कहा कि अररिया महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन आगामी 13 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया गया जिसमें सैकड़ो नए तथा पुराने परिषद कार्यकताओं के भाग लेने की संभावना है.

बैठक में नगर मंत्री अंकित कुमार झा, गोविंद कुमार मंडल, सौरभ कुमार, राजनंदनी, अंकित सिन्हा, पंकज कुमार, अभिषेक ठाकुर, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, नीतीश कुमार, नवनीत ठाकुर, अभिषेक सिंह, शुभम कुमार, नितिन राज, अनमोल कुमार, पीयूष कुमार, अमन गुप्ता, अंकित यादव सहित दर्जनों परिषद कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# दोनों परिसरों में पुख्ता सुरक्षा की व्यवस्था को लेकर बीएनएमयू प्रशासन ने आरक्षी अधीक्षक को लिखा पत्र

**दैनिक समाज जागरण, मधेपुरा।** बीएनएमयू प्रशासन ने विश्वविद्यालय के पुराने एवं नए दोनों परिसरों में होने वाली अप्रिय घटनाओं को गंभीरता से लिया है। इस संदर्भ में कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने आरक्षी अधीक्षक को शनिवार की देर शाम एक पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि दोनों परिसरों में छात्र-छात्राओं की भीड़ रहती है। ऐसे में असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रिय घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। अतः दोनों परिसरों में पुख्ता सुरक्षा की व्यवस्था आवश्यक है, ताकि विश्वविद्यालय का कार्य शांतिपूर्ण माहौल में संचालित किया जा सके। कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका ने बताया कि विगत दिनों नए परिसर से चार मोटर साईकिल की चोरी हो गयी है। पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना प्रेषित की गयी है। लेकिन अब तक मोटर साइकिल की बरामदगी नहीं हो सकी है। गत 3 अगस्त, 2022 को ही पुराने परिसर में पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया है। लेकिन उसे अब तक विधिवत पुलिस चौकी का दर्जा नहीं दिया गया है।



# एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा कुसाकांटा मिल चौक स्थित हॉस्पिटल पहुंचे आर पी सी हॉस्पिटल

## अपने क्षेत्र के लोगों के लिए जनसेवा जारी रहेगा - राजेश

**दैनिक समाज जागरण, कुसाकांटा।** मिल चौक, सिकटी कुसाकांटा क्षेत्र में आर पी सी हॉस्पिटल ने जिले में एक अलग पहचान स्थापित किया । एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा हॉस्पिटल पहुंचकर पूर्व विधान सभा प्रत्याशी राजेश कुमार सिंह के सामाजिक



कार्यों की सराहना की, जो सिकटी और कुसाकांटा के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। राजेश कुमार सिंह ने इस मौके पर बताया कि वे अपने माटी कर्ज को सफलतापूर्वक चुका रहे हैं और अब भी अपने क्षेत्र के लोगों के लिए जनसेवा जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस प्रकार, समाजसेवी संजय मिश्रा और राजेश कुमार सिंह के साथ, सिकटी और कुसाकांटा क्षेत्र में सामाजिक सुधार की दिशा में कदम बढ़ाने व लोगों की मदद के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

## अंडर 16 बालक वर्ग वॉलीबॉल में डी ए पी एस स्कूल ने जवाहर लाल नेहरू हाई स्कूल गुलाब बाग को 20-15 से हराकर बना चैंपियन

**दैनिक समाज जागरण, पूणिया।** पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित आउटडोर एवं इनडोर गेम्स में बैडमिंटन बास्केटबॉल वॉलीबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता खेली गई। आज के विभिन्न प्रतियोगिताओं का उद्घाटन पूणिया के जाने-माने वरिष्ठ डाक्टर व खेल प्रेमी श्री ए के गुप्ता, श्री मती स्वाति वैश्यंत्री ,पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा , श्री नीलम अग्रवाल के हाथों हुई। उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर एवं टास कराकर एवं बैडमिंटन, टेबल टेनिस खेल विधिवत उद्घाटन किये। उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने बेहतर आयोजन करने के लिए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा को साधुवाद दी। और कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को बेहतरीन अवसर मिलता है। अपने प्रदर्शन जाने का। सबसे बड़ी बात है अंडर 11 एवं अंडर 16 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खेल रही है। जो काबिले तारीफ है। एक ही स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सभी खेलों हो रहे हैं। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में जाने-माने खेल प्रेमी व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ए के गुप्ता, श्रीमती स्वाति वैश्यंत्री, श्री नीलम अग्रवाल एवं पूर्व सचिव लाइंस क्लब श्री प्रमोद पंसारी और स्वयं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" के आने से प्रतियोगिताओं में चार-चांद लग रही है।

**मैच परिणामः-**

===========

अंडर 16 वॉलीबॉल बालिका वर्ग में :-

1.यू टी हाई स्कूल काझा ने विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा को 15-07 से हराया।

2. यू टी हाई स्कूल काझा ने पूणिया एथलेटिक्स एकादमी को 15-03 से हराया।

3. डी ए भी स्कूल ने यू टी हाई स्कूल काझा को 16-14 से हराया।

4. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने पूणिया एथलेटिक्स एकादमी को 15-02 से हराया।

=================

**अंडर 16 वॉलीबॉल बालक वर्ग में :-**

डी ए पी एस स्कूल सुदीन चौक ने जवाहर लाल नेहरू हाई स्कूल गुलाब बाग को 20-15 से हराकर चैंपियन बना।

=================

**अंडर 16 बास्केटबॉल बालिका वर्ग में:-**

1. सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल ने डी ए भी स्कूल को 06-0 से हराया।

2. पूणिया एथलेटिक्स एकादमी ने सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल को 46-0 से हराया।

3. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने यू टी हाई स्कूल काझा को 12-02 से हराया।

4. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल को 26-02 से हराया।

=================

**अंडर 16 बैडमिंटन बालक वर्ग में:-**

1. दिव्य प्रकाश ने अनन राजा को 21-19, 21-08 से हराया।

2. देव राज ने विकास कुमार को 21-14,21-09 से हराया।

3. अभिज्ञान आनंद ने रौनक कुमार को 21-12,21-15 से हराया।

4. विनीत कुमार ने प्रियुष बरनवाल को 21-11,21-05 से हराया।

5. असलआन अहमद ने यश राज को 21-04, 21-07 से हराया।

6. हिमांशु कुमार ने तेजस शाह को 21-15,09-



21,21-11 से हराया।

7. दीपक कुमार ने रवि कुमार 21-14,21-12 से हराया।

8. मो अफरुद्दीन आलम ने नरेंद्र गुप्ता को 21-07,21-05 से हराकर दुसरे चरण प्रवेश किया।

=================

**अंडर 16 टेबल टेनिस बालिका वर्ग में:-**

1.समीक्षा आंनद डी ए भी स्कूल ने आकृति कश्यप डी ए भी स्कूल को हरा कर चैंपियन बनीं।

अंडर 16 टेबल टेनिस बालक वर्ग में:-

शयामह केसरी विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने श्रेयस कुमार विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा को हराकर चैंपियन बना।

=================

कल दिनांक 09/10/2023 को खेले जाने वाले प्रतियोगिताः-

**अंडर 16 बैडमिंटन बालक वर्ग में:-**

1. आयुष कुमार बनाम सद्दाब आलम।

2. मोहम्मद शाहरुख नासिर बनाम आर्यन कुमार।

3. रितिक कुमार बनाम अहद एजाज।

4. भोऊ कुमार बनाम दुर्गेश कुमार।

5. सागर कुमार बनाम ईशु आनंद।

6. अभिषेक अमन बनाम अंस राज।

7. अभिषेक कुमार बनाम किशोर कुमार।

8. आशीष कुमार बनाम रवि कृष्णन।

9. गोलू बनाम आदर्श कुमार।

=================

**अंडर 16 वॉलीबॉल बालिका वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला :-**

1.डी ए भी स्कूल बनाम सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल के बीच।

=================

**अंडर 16 बास्केटबॉल बालिका वर्ग में:-**

1. डी ए भी स्कूल बनाम पूणिया एथलेटिक्स एकादमी

2. सेंट पीटर्स इंग्लिश। मीडियम स्कूल बनाम यू टी हाई स्कूल काझा।

3. सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल बनाम यू टी हाई स्कूल काझा।

4. सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल बनाम सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल।

5. पूणिया एथलेटिक्स एकादमी बनाम यू टी हाई स्कूल काझा।

6. डी ए भी स्कूल बनाम यू टी हाई स्कूल काझा।

=================

मैच रेफरीः- मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, खुशी कुमारी, मो एजाज अहमद, अनुराधा सिंह, विक्की कुमार, पुनीत सिंह, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, स्वरूप कुमार दास, तोहिन, भावना कुमारी , रजनीश पाण्डेय, सैयद जब्बार हुसैन।

इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ डॉ ए के गुप्ता, श्रीमती स्वाति बैशंयत्री, पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा, नीलम अग्रवाल,पूर्व सचिव लाइन्स क्लब प्रमोद पंसारी, रविन्द्र कुमार साह, अमित लोहिया, सिस्टर बंदिता, आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी , रीना बाखला, अमित कुमार, माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा के निदेशक निकेश गिलमल, रितेश कुमार झा, चन्दन कुमार, ललित कुमार, रवि कुमार के साथ - साथ स्कूल के प्राचार्य, खेल शिक्षक एवं काफी संख्या में खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

हरिओम झा
सदस्य
पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

# जिले के सभी प्रखंडों में आज से संचालित होगा मिशन इंद्रधनुष का दूसरा चरण

*मिशन इंद्रधनुष अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सामूहिक रूप से प्रयासः सिविल सर्जन*

*पहले चरण की सफलता के बाद दूसरे चरण की तैयारी पूरीः डीआईओ*

**दैनिक समाज जागरण, पूर्णिया ।** जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी प्रखंडों में आज से मिशन इंद्रधनुष अभियान का दूसरा चरण संचालित किया जाएगा। इससे पहले विगत 11 से 16 सितंबर तक संचालित पहले चरण के अभियान की शत- प्रतिशत सफलता से उत्साहित स्वास्थ्य विभाग ने दूसरे चरण की सफलता के लिए भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस अभियान के दौराने शून्य से दो वर्ष और दो से पांच वर्ष तक के बच्चे सहित गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाना है। इसको लेकर जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के सभागार में



कार्यशाला आयोजित कर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं के साथ सामूहिक रूप से एक रणनीति के तहत मिशन इंद्रधनुष अभियान की शत प्रतिशत सफलता सुनिश्चित कराने को लेकर प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि विगत अभियान के दौरान शत प्रतिशत सफलता मिली है। शून्य से दो वर्ष और दो से पांच आयु वर्ग के सभी बच्चे व गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित नहीं हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। जिसको लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में अभियान की सफलता विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। जिले के वैसे- इलाके जहां नियमित टीकाकरण की पहुंच सीमित संसाधनों के साथ सीमित है, वैसे स्थलों को चिह्नित कर संबंधित इलाकों में मिशन इंद्रधनुष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष रूप से पहल की जानी चाहिए। इसके लिए जिले के सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विनय मोहन ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 के दूसरे चरण में जिले के सभी प्रखंडों में 9 से 14 अक्टूबर तक सफल संचालन किया जाना है। मिशन इंद्रधनुष अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाना है। जिसमें पहला चरण जिले में बेहद सफल साबित हुआ है। पहले चरण की शत प्रतिशत सफलता को देखते हुए दूसरे चरण में उससे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सक्षम और कृतसंकल्पित हैं। इस अभियान का दूसरा चरण 09 से 14 अक्टूबर के बीच वे आखिरी चरण 27 नवंबर से 02 दिसंबर के बीच संचालित किया जाना है। अभियान के दौरान नियमित टीकाकरण का आच्छादन अधिक से अधिक और बेहतर तरीके से प्रभावी बनाने को लेकर हर संभव प्रयास करना होगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विनय मोहन ने बताया कि जिले में 1206 सेशन साइट बनाया गया है। जिले के अमौर में 11, बैसा में 86, बायसी में 71, बनमनखी में 118, बी कोठी में 85, भवानीपुर में 64, डगरूआ में 83, धमदाहा में 120, जलालगढ़ में 62, कसबा में 73, के नगर में 84, पूर्णिया पूर्व में 80, शहरी क्षेत्र में 37, रूपौली में 98 जबकि श्री नगर में 34 सत्र स्थल के माध्यम से जन्म से लेकर 2 वर्ष तक के 10028 बच्चे, वहीं 2 से 5 वर्ष तक के 1588 बच्चे जबकि 2847 गर्भवती महिलाओं को सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है।

# दिल्ली के जंतर मंतर पर फिर गूंजा पूर्णियां एयरपोर्ट की मांगःझ्रएमएसयू

**दैनिक समाज जागरण, नई दिल्ली/पूर्णियां।** सर्व विदित हो की पूर्णियां एयरपोर्ट के मुद्दे पर मिथिला स्टूडेंट यूनियन आक्रामक रुख अपना लिया है। चार दिन पहले पूर्णियां एयरपोर्ट से उड़ान को लेकर पूर्णियां के थाना चौक पर चौथे दिन जिला प्रशासन और सांसद के आश्वासन पर समाप्त हुआ। आज पूर्णियां एयरपोर्ट को लेकर मिथिला स्टूडेंट यूनियन के दिल्ली प्रदेश इकाई द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर एक दिवसीय




धरणा प्रदर्शन किया गया। एम एस यू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष चंद्रजीत झा के नेतृत्व में सैकड़ो प्रवासी मैथिल इस धरणा प्रदर्शन में शामिल हुए सभी ने एक स्वर और गगन भेदी नारों से केन्द्र सरकार को जगाने का प्रयास किया है। एम एस यू के दर्जनों सेनानियों ने पूर्णियां एयरपोर्ट बनाने के समर्थन वाला पोस्टर हाथों में लेकर प्रदर्शन किया। बताते चले की इस साल 19 मार्च को भी मिथिला स्टूडेंट यूनियन द्वारा राष्ट्रीय संगठन मंत्री अविनाश कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सह सांसद भवन मार्च किया गया था,जिसमे दिल्ली पुलिस द्वारा कुछ घंटों के लिए अविनाश कुमार मिश्र की गिरफ्तारी भी की गई थी और बाद में पी आर बॉन्ड लेकर रिहा किया गया था। एम एस यू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री झा ने जानकारी देते हुए बताया की उत्तर बिहार मिथिला क्षेत्र के तीन ज्वलंत मुद्दे पूर्णियां एयरपोर्ट,दरभंगा एम्स और के.वि.एस. मधुबनी के अविलंब निर्माण हेतु प्रदर्शन किया है।
साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर संबंधित मंत्रालय को ज्ञापन भी सौंपा गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जंतर मंतर पर दिल्ली प्रभारी रंजीत झा पूर्व प्रभारी धीरू मिश्रा,जीतेश कात्यायन,मोनू बाबू,आदर्श पाठक,सुरेश मंडल समेत दर्जनों सेनानी अहम भूमिका निभा रहे थे।

# एसटीईटी परीक्षा में संगीत विषय के गलत प्रश्नोत्तर के अंक नहीं जुड़ने से अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण, मधेपुरा।** एसटीईटी परीक्षा 2023 में संगीत विषय पेपर एक में बारह प्रश्नों के उत्तर एवं पेपर दो में आठ प्रश्नों के उत्तर गलत के बाबजूद उन प्रश्नों के अंकों को नही जोड़ने के कारण अनुतीर्ण अभ्यर्थियों ने आज उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं शिक्षा मंत्री प्रो.चंद्रशेखर को ज्ञापन सौंपा । उक्त जानकारी देते हुए संगीत शिक्षक सह उद्घोषक मुकेश मिलन ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा जैसे व्यस्त समय में दावा करने का समय देने से अल्प समय के कारण अधिक से अधिक अभ्यर्थियों ने दावा नही कर पाया ऐसे में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कम अंकों के कारण उत्तीर्ण होने का रिजल्ट भी मात्र छियालिस प्रतिशत लोगों का आया बाकी योग्य परंतु फेल हुए अभ्यर्थियों के भविष्य पर कुठाराघात की स्थिति बन गई है



इसलिए इस भीषण समस्या का समाधान होना जरूरी है । ज्ञापन में इस समस्या पर गंभीर विचार करते हुए शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर ने बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर से दूरभाष पर बात किया । उन्होंने आश्वासन देकर इस पर महत्व देते हुए काम करने की बात कही । ज्ञापन सौंपने में उत्तम कुमार,धीरेंद्र कुमार धीरज,ब्रजेश कुमार,राहुल कुमार,रौशन कुमार, उषा पंडित,टुनटुन कुमार,रत्नेश मिश्रा,सुंदर शर्मा,प्रताप कुमार,पिंकी कुमारी,प्रियंका कुमारी,गुड्डी कुमारी,उपासना कुमारी,ब्रजेश भूषण,अजीत कुमार,अभिषेक सिंह,सुमन झा,नेहा कुमारी,सुभाष कुमार,सुमन झा,ब्रजेश कुमार,अभिमन्यु कुमार,नेहा कुमारी, सुभाष कुमार,नरेश कुमार आदि उपस्थित थे ।

# मिथिला पंचांग के अनुसार हाथी पर आएगी मां दुर्गा, खूब होगी वर्षा, 15 अक्टूबर का होगा कलश स्थापन

## बंगला पंचांग के अनुसार घोड़ा पर सवार होकर आएगी मां दुर्गा-पंडित ललित नारायण झा

**दैनिक समाज जागरण, अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** इस साल शारदीय नवरात्रि की शुरूआत 15 अक्तूबर दिन रविवार से शुरू हो रहा है। मां दुर्गा को समर्पित यह पर्व 23 अक्तूबर दिन मंगलवार तक चलेगा। वहीं 24 अक्टूबर को विजयादशमी यानी दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। वैसे तो माता रानी सिंह की सवारी करती हैं, लेकिन नवरात्रि में जब धरती पर आती हैं तो उनकी सवारी बदल जाती है। मां जगदंबे के आगमन की सवारी नवरात्रि के प्रारंभ वाले दिन पर निर्भर करती है। यानी नवरात्रि की शुरूआत जिस दिन होती है, उस दिन के आधार पर उनकी सवारी तय होती है। इसी प्रकार से वह जिस दिन विदा होती हैं, उस दिन के आधार पर प्रस्थान की सवारी तय होती है। बंगला पंचाग के अनुसार मां घोड़ा पर सवार होकर आ रही है।जबकि मिथिला पंचांग के अनुसार मां हाथी पर सवार होकर आ रही है। मां की पूजा सभी दिन होगी, जो भक्तों को शुभ फल प्रदान करेगी। इस बार कोई भी तिथि क्षय नहीं है। बंगला पंचांग के अनुसार मां का आगमन व गमन घोड़ा पर हो रहा है।वहीं मिथिला पंचांग के अनुसार मां का आगमन हाथी पर हो रहा है, जो काफी बारिश का संकेत है।

**हाथी पर आयेगी मां दुर्गा**

समिति दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्री ललित नारायण झा ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरूआत रविवार से हो रही है और जब र-



विवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा का संकेत देता है। मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरूआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है।

**अररिया के इस जगहों पर होती है मां दुर्गा का पूजा**

शास्त्री नगर दुर्गा मंदिर, ठाकुरबारी दुर्गा मंदिर, अररिया आरएस दुर्गा मंदिर ,जयप्रकाश नगर दुर्गा मंदिर, आश्रम दुर्गा मंदिर, समिति दुर्गा मंदिर, आड़गरा दुर्गा मंदिर, पुराना मंडल कारा दुर्गा मंदिर, माता स्थान स्थित दुर्गा मंदिर, अररिया कोट दुर्गा मंदिर के अलावा प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर रोजाना पूजा अर्चना की जाती है।पहला पूजा से लेकर नो पूजा तक मां खड्गेश्वरी के साधक नानू बाबा द्वारा हवन व पुष्पांजलि किया जाता है।

**नवरात्रि की पूजा तिथियां**

15 अक्टूबर- घट स्थापना, शैलपुत्री पूजा
16 अक्टूबर- ब्रह्मचारिणी पूजा
17 अक्टूबर झ चंद्रघंटा पूजा
18 अक्टूबर- कूष्माण्डा पूजा
19 अक्टूबर झ स्कन्दमाता पूजा
20 अक्टूबर - कात्यायनी पूजा
21 अक्टूबर झ काल रात्रि पूजा
22 अक्टूबर- दुर्गा अष्टमी, महागौरी पूजा
23 अक्टूबर झ महा नवमी, हवन
24 अक्टूबर झ विजयादशमी, नवरात्रि पारण, दुर्गा विसर्जन

# लॉटरी बंडल के साथ टिकट का अवैध कारोबार करने वाला सन्नी सिंह धराया

**दैनिक समाज जागरण, फारबिसगंज ।** फारबिसगंज थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर लॉटरी टिकट का अवैध कारोबार करने वाले 01 अभियुक्त सन्नी सिंह, पिता झ स्व० बिल्लू



सिंह, सा० - सुभाष चौक, थाना - फारबिसगंज, जिला - अररिया को बडी संख्या में लॉटरी बंडल टिकट के साथ रंगे हाथ किया गया गिरफ्तार
वहीं सोनामनी गोदाम ओ० पी० पुलिस द्वारा 30 बोतल प्रत्येक 375 एम एल विदेशी शराब एवम 1 मोटर साईकिल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया ।

# मरीजों की अधिकता को देखते हुए चिकित्सालय में आये मरीजों को इलाज हेतु अस्थाई व्यवस्था करते हुए स्ट्रेचर पर ही इलाज प्रारम्भ कर दिया जाता है-सीएमओ

**जैसे ही बेड खाली हो रहा है, उस पर सम्बन्धित मरीज को शिफ्ट करते हुए इलाज किया जा रहा है- संदीप चौधरी**

**एलबीएस अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा बुखार पीड़ितों सहित अन्य मरीजों का उपचार किये जाने की बाबत शिकायत का सीएमओ ने मनगढ़ंत बताया**

**हालात बेकाबू होने की शिकायत को चिकित्सालय प्रशासन ने तथ्यहीन व भ्रामक बताते हुए कड़े शब्दों में खण्डन किया है**

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि श्री शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय जिला चिकित्सालय वाराणसी में प्रतिदिन लगभग नये ओपीडी पर्चा 1400 से 1700 के बीच एवं लगभग 2000 पुराने मरीज आते है जिसमें चिकित्सक/विशेषज्ञों द्वारा मरीज की स्थिति को देखते हुए प्रतिदिन 100 से 120 मरीज को भर्ती किया जा रहा है, जिससे चिकित्सालय में उपलब्ध कुल बेड के अतिरिक्त कुछ वैकल्पिक रूप में बेड रखवाते हुए मरीजों का इलाज किया जा रहा है। मरीजों की अधिकता को देखते हुए चिकित्सालय में आये सभी मरीजों को इलाज हेतु अस्थाई व्यवस्था करते हुए स्ट्रेचर पर ही इलाज प्रारम्भ कर दिया जाता है और जैसे ही बेड खाली हो रहा है उस पर सम्बन्धित मरीज को शिफ्ट करते हुए इलाज किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि किसी भी गम्भीर मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया है और न ही अभी तक इस संबंध में किसी मरीज या उसके परिजन द्वारा कोई शिकायत की गयी है। सीएमओ ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, रामनगर में बुखार से पीड़ित मरीजों के इलाज के सुचारू रूप से व्यवस्था की गयी है। चिकित्सालय के दो फिजिशियन नियमित रूप से ओ०पी०डी०/आई०पी०डी० में आवश्यकतानुसार सभी मरीजों को विशेषज्ञ स्तर की चिकित्सा उपलब्ध करा रहे हैं। इस चिकित्सालय में ई०एम०ओ० के चार स्वीकृत पदों के सापेक्ष किसी की तैनाती न होने के कारण आकस्मिक सेवा की तीनों पालियों में विशेषज्ञ चिकित्सक ही ड्यूटी करते हैं। जिससे नाइट ड्यूटी के बाद दिन में उनकी उपलब्धता नहीं होती है। फिर भी विशेष आवश्यकता होने पर आन कॉल मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श देने के लिये चिकित्सालय आ जाते है। त्वचा रोग विशेषज्ञ आकस्मिक ड्यूटी के दिन आकस्मिक विभाग में आने वाले मरीजों का यथावश्यक उपचार करते हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा ही बुखार पीड़ितों सहित सभी मरीजी का उपचार किये जाने के बाबत शिकायत का उन्होंने खंडन किया है। मलेरिया, डेंगू, टायफाइड आदि जांच चिकित्सालय के लैब में ही की जा रही है। वर्तमान में चिकित्सालय में भर्ती डेंगू एनएस-1 पॉजिटिव सभी मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर हुई है। इलाज के लिये आवश्यक औषधियों एवं लॉजिस्टिक सहित पर्याप्त बेड चिकित्सालय में उपलब्ध हैं। चिकित्सक एवं स्टाफ मरीजों का इलाज एवं देखभाल तत्परता एवं सजगता से कर रहे है। उन्होंने पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के संबंध में बताया कि यहाँ पर ओपीडी में कुल 250 बेड उपलब्ध हैं। चिकित्सालय में भर्ती होने के लिए मरीजों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ता हैं। वर्तमान में चिकित्सालय में 240 मरीज भर्ती होकर इलाज प्राप्त कर रहे है। शेष 10 बेड भर्ती होने वाले मरीजों हेतु उपलब्ध है। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों हेतु रोस्टर वाईज (24 घंटे) ड्यूटी लगायी गयी हैं, जिससे भर्ती मरीजों को समुचित उपचार प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय जिले में (डेंगू, टायफाइड, मलेरिया एवं वायरल बुखार) से संक्रमित मरीजों की संख्या में बहुत बढ़ोत्तरी हुई है, जिसकी वजह से सर सुन्दर लाल चिकित्सालय में मरीजों की संख्या भी काफी बढ़ गयी हैं, परन्तु चिकित्सालय में जितने भी मरीज आते हैं, उन सभी को प्राथमिकता पर इलाज एवं आवश्यक परामर्श दिया जाता है। वाराणसी एवं वाराणसी के अन्य चिकित्सालय से एवं आस-पास के जिलों के मरीजों एवं चिकित्सालयों से रेफर किये गये मरीजों के साथ ही साथ पूरे पूर्वांचल के मरीजों एवं अन्य प्रदेशों के मरीज भी यहां चिकित्सा लेने आते हैं, जो कि संख्या में बहुत ही ज्यादा है। हालात बेकाबू आदि के संबंध में कतिपय शिकायत को चिकित्सालय प्रशासन ने तथ्यहीन, भ्रामक, बेबुनियाद एवं पूरी तरह निराधार बताते हुए इसका कड़े शब्दों में खण्डन किया है। इसी प्रकार सीएमओ ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में बढ़े बुखार के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पंजीकरण काउंटर और फामेर्सी में कतार प्रबन्धन टोकन प्रणाली स्थापित की गई है। इसके अलावा सेवाओं की सुविधा के लिए प्रत्येक नैदानिक विभाग के लिए चेक-इन नंबर अलग से उत्पन्न किये जाते हैं। अधिकांश दवाएं अस्पताल की फामेर्सी में उपलब्ध है और रोगियों को जारी की जाती है। कुछ रोगी विशिष्ट दवायें अस्पताल में थोक में संग्रहीत नहीं की जाती है। मरीजों को ऐसी दवाएं सम्बन्धित ईएसआई डिस्पेंशरी से प्राप्त करने का निर्देश दिया जाता है। ईएसआई डिस्पेंसरी में ऐसी दवाओं के अनुपलब्धता की स्थिति में दवाओं की लागत की प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। मरीज इस प्रावधान से भली-भांति परिचित हैं।

सीएमओ ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिण्डरा में गत दिवस मरीज लकी राजभर उम्र 08 वर्ष निवासी ग्राम सभा थाना, विकास खण्ड पिण्डरा 18 सितम्बर से बुखार से पीड़ित था, जिसकी दादी स्थानीय फूलपुर बाजार से दवा लेकर खिलाना शुरू कर दिया। 02 दिन आराम न होने पर झाड-फूंक कराने लगी, इसी बीच मरीज बेहोश हो गया और उनके पड़ोसी ने मरीज को एसएएस हास्पिटल, हरहुआ में भर्ती कराया। जांच में इंटेरिक फीवर और सीवियर एनीमिया की रिपोर्ट आयी। 2-3 यूनिट ब्लड चढ़ाने के बाद भी होमोग्लोबिन नहीं बढ़ा, जिसकी सूचना डॉक्टर द्वारा मरीज के गार्जियन को दे दी गयी तथा 29 सितम्बर को मरीज लकी राजभर की इंटेरिक इंसफलोपथ्य एंड एनीमिया के कारण मृत्यु हो गयी।

# चार सौ करोड़ से सुधारी जाएगी जौनपुर जिले की बिजली व्यवस्था

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर जिले के विभिन्न इलाकों में बिजली उपभोक्ताओं को जल्द ही निर्वाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। इसके लिए विद्युत विभाग की ओर से रिवैप्ड योजना के तहत करीब 400 करोड से नई लाइन, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, जर्जर तार व खंभे को बदला जाएगा। जिसका प्रस्ताव बनाकर शासनस्तर पर भेज दिया गया है। बजट स्वीकृति होने पर कार्य कराए जाएंगे।

जिले में छह लाख बिजली उपभोक्ता हैं। इनकों 67 विद्युत उपकेंद्रों से आपूर्ति दी जाती है। ज्यादातर इलाकों में पुराने उपकरण के कारण तार जर्जर हो चुके है। इससे आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित होती है। जिससे उपभोगताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फीडर की लंबाई अधिक होने से लाइनलॉस भी अधिक होता है। इस कमी को दूर करने के लिए बिजली विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए 16 नए सब स्टेशनों का निर्माण, पावर परिवर्तकों की क्षमता में वृद्धी, 20 अतिरिक्त पावर परिवर्तक, 33 किलोमीटर नई लाइन एवं 36 जर्जर तारों को बदलने समेत अन्य कार्य किया जाएगा। जिसके लिए करीब 400 करोड़ का प्रस्ताव विभाग की ओर से भेजा गया है। बजट स्वीकृति होने पर कार्य कराया दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली मिल सके इसके लिए 16 नए सब स्टेशनों का निर्माण, पावर परिवर्तकों की क्षमता में बढ़ोत्तरी सहित कई कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए करीब 400 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। - विवेक खन्ना, अधीक्षण अभियंता, प्रथम

# पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से बालक की मौत दो घायल

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। नगर क्षेत्र के सब्जी मंडी चौराहे के पास पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए दोनों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भराऔर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने पिकअप गाड़ी को कब्जे में ले लिया है चालक मौके से फरार हो गया है पुलिस आगे कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के बलुआ घाट मोहल्ला निवासी एक लाख अहमद 65 वर्ष अपने 11 वर्षीय नाती तामीन पुत्र नजमू सहर को साथ लेकर रविवार लगभग 11:00 बजे सब्जी मंडी सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी चौराहे से गुजर रहे थे उसी समय मोहल्ला उर्दू बाजार निवासी आफताब आलम नामक व्यक्ति की पिकअप गाड़ी चलाने वाला चालक गाड़ी को बैक इस तरह किया कि तामीन के ऊपर गाड़ी का चक्का चढ़ गया जिसके चलते मौके पर ही तामीन की मौत हो गई जबकि नाना एक लाख को मामूली चोट आई इसके अलावा मस्जिद के पास पाव रोटी की दुकान लगाने वाले मोहल्ला उर्दू बाजार निवासी नसीम उर्फ टीपू उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र मोहम्मद शमीम अंसारी और ख्वाजा टोला मोहल्ला निवासी पंडित मणि शर्मा 68 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम निहोर शर्मा जो सब्जी खरीदने के लिए चौराहे से गुजर रहे थे वह भी पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होने के बाद स्थानी लोगों और राहगीरों की मौके पर भीड़ एकत्रित होने और शोर के साथ तामीन और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने में लग जाने के चलते पिक गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची हल्का पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए मृतक तामीन के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भराऔर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के पश्चात आगे की कार्यवाही करने में जुट गई बता दे गंभीर रूप से घायल पंडित मणि शर्मा की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक वी के सोनकर ने बेहतर उपचार के लिए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। उधर तामीन के मरने की जैसे ही खबर परिजन को हुई पारिवारिजन में कोहराम मच गया।

# आगमन संस्था ने काशी में किया 15 हजार अजन्मी बेटियों का श्राद्ध

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। काशी के दशाश्वमेध तीर्थ पर पितृपक्ष में रविवार को भी मातृ नवमी का मान किया गया। इस मौके पर काशी की सामाजिक संस्था आगमन की ओर से कोख में मारी गई बेटियों के श्राद्ध का दुर्लभ अनुष्ठान काशी में किया गया। ह्यअंतिम प्रणाम का दिव्य अनुष्ठानह्व दशाश्वमेध घाट पर कर्मकांडी ब्राह्मण श्रीनाथ पाठक ह्यरानी गुरुह्व के सानिध्य में पं. दिनेश दुबे के आचार्यत्व में हुआ। अनुष्ठान में इस वर्ष 15 हजार अजन्मी बेटियों का श्राद्ध मानस पिता के रूप में डा. संतोष ओझा ने किया।

श्राद्ध की दृष्टि से उत्तम काल,मध्याह्न में त्रिपिंडी श्राद्ध के विधान आरंभ हुए। श्राद्ध में प्रत्येक अजन्मी बेटी के निमित्त जौ, चावल और खोआ का पिंड बना कर उसका दान किया गया। आगमन संस्था द्वारा अजन्मी बेटियों के श्राद्ध का यह दसवां वर्ष है। इससे पूर्व के नौ वर्षों में 67 हजार अजन्मी बेटियों के लिए सविधिक मोक्ष अनुष्ठान करा गया। दसवें वर्ष 15 हजार अजन्मी बेटियों का श्राद्ध कराया जाना है। इस वर्ष के अनुष्ठान के बाद 10 वर्ष में कुल 82 हजार अजन्मी बेटियों के श्राद्ध का कर्मकांड पूरा हो चुका है। डा. संतोष ओझा ने बताया कि सन 2001 का वह दौर था जब हम आगमन टीम के साथ एड्स महामारी पर जन जागरण अभियान चलाया करते थे। उस दरमियान एक दिन हमारी मुलाकात एक ऐसे शख्स से हुई जिसने बेटे के चाह में कन्या भ्रूण की मोक्ष की तो कामना कर ही सकता हूं। यही से बेटियों के मोक्ष के लिए ह्यअंतिम प्रणाम का दिव्य अनुष्ठानह्व कार्यक्रम की शुरूआत हुई। काशी के विद्वान इस अनुष्ठान को लेकर



हत्या पत्नी के गर्भ में ही करा दी। उसके लिए वह सामान्य घटना था लेकिन इस घटना ने ही हमें बेटियों के जन्म से जुडी बातों के लिए जनजागरण करने की प्रेरणा दी। अगले एक दशक से अधिक समय तक कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए आगमन संस्था की ओर से जनजागरण अभियान चलाए जाते रहे। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2013 में पुनः एक घटना से मारी गयी बेटियों के मोक्ष दिलाने का प्रेणना मिली। विचार आया कि जब पेट में पल रही बेटियों को बचाने में सफल नहीं हो पाया तो कम से कम उनके एकमत नहीं थे। हमारे परिजन भी अनहोनी, अशुभता या बाधा को लेकर चिंतित थे। लिहाजा श्रेष्ठ विद्वानों से मिलकर शास्त्र सम्मत बातों की जानकारी और जैसे-तैसे परिजनों के नाराजगी और रजामंदी के बाद अनुष्ठान को काशी के दशाश्वमेध घाट पर प्रारंभ किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से राहुल गुप्ता, शिव कुमार,जादूगर किरण और जितेंद्र,आलोक पांडेय, अरुण ओझा, हरिकृष्ण प्रेमी, राजकृष्ण गुप्ता, गोपाल शर्मा,साधना, आयुष टिंकू, हिमांशु गुप्ता, तुषार चौरसिया, शिवम गुप्ता, हिमांशु श्रीवास्तव,संजय गुप्ता आदि लोग शामिल थे.

# 884 के सापेक्ष 735 नावों में सीएनजी इंजन लगाया जा चुका है

**बदलते बनारस**

**नगर निगम सीमा के बाहर की कतिपय नावें कभी-कभार सीमा में प्रवेश कर जाती है, ऐसे नावों को चिन्हित कर नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई**

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि गंगा नदी में डीजल नाव को सीएनजी इंजन मेसर्स मायकॉन इण्डिया प्रा०लि० के द्वारा तीव्रता से लगाया जा रहा है। कुल 884 नावों में सीएनजी इंजन लगाया जाना था, जिसमें से 735 नावों में सीएनजी इंजन लगा दिया गया है। शेष नावों में सीएनजी इंजन लगाए जाने हेतु संबंधित नविको को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारीगण जल पुलिस से समन्वय स्थापित कर सांझा अभियान भी चलाया जा रहा है, लेकिन कुछ नाविक जो नगर निगम सीमा के बाहर के है। वह अपनी डीजल नाव को नगर निगम सीमान्तर्गत में प्रवेश कर जाते है। ऐसे नावों को चिन्हित कर नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

# एसपी द्वारा गठित जिले में सुरक्षा विशेष दल की टीमों ने अपने-अपने थानों में बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु किया गया जागरूक

उरई(जालौन)।जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो में पहुंचकर बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी एवं उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112 आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त नंबर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे



में बताया गया । महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों के आस-पास बेवजह घूम रहे युवकों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

# सुरेरी पुलिस ने वारण्टी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण (जौनपुर)**

सुरेरी, जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा. अजयपाल शर्मा द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय स्पेशल मजिस्ट्रेट प्रथम जौनपुर द्वारा जारी




गैरजमानती वारण्ट के वारण्टी जगदीश चौहान पुत्र विसुनदयाल चौहान निवासी राजापुर थाना सुरेरी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिलीप सिंह के अलावा हे0का0 राम आशीष यादव एवं का0 सत्येन्द्र कुमार शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली घायल

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर के मछलीशहर थाना क्षेत्र में शनिवार रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाश लूट के एक मामले में वांछित थे।



रात करीब साढ़े नौ बजे पुलिस टीम मछलीशहर थाना क्षेत्र के कौरहा के पास जांच कर रही थी। इसी बीच दो लोग बाइक से बरईपार की तरफ से आ रहे थे। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो दोनों भागने लगे। भागते समय बदमाशों ने फायरिंग भी की। एक गोली मछलीशहर थानाध्यक्ष के बुलेट प्रुफ जैकेट में लगी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की बदमाश अजय निषाद उर्फ जस्टिस (34) निवासी जोगियापुर कोतवाली जौनपुर के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर बाइक समेत गिर गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। वहीं मौके से भाग रहे दूसरे बदमाश को भी दौड़ाकर पुलिस ने पकड़ लिया। सीओ अतर सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। दूसरे आरोपी को भी पकड़ लिया गया। घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया है

# उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान काजरी, जोधपुर में किसानों-वैज्ञानिकों से किया संवाद

## किसानों के बिना बदलाव संभव नहीं, वे अर्थव्यवस्था की रीढ़, कृषि व्यापार व निर्यात भी करेंझ्र उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर में आज किसानों व वैज्ञानिकों से संवाद किया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े, वहीं उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कृषि राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी व सांसद श्री राजेंद्र गहलोत विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि किसानों के बिना देश में बदलाव संभव नहीं है, किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बदलाव किसानों को लाना है और उसके अनुरूप बदलना भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बदलाव के प्रमुख केंद्र है। श्री धनखड़ ने कहा कि कृषि उत्पाद आज सबसे बड़ा व्यापार है। उन्होंने आह्वान किया कि युवाओं को कृषि व्यापार में लगाया जाएं, जो किसानों का एरिया है, लेकिन इस पर उनका ध्यान केंद्रित नहीं हुआ। आज कई उच्च शिक्षित युवा उन कृषि उत्पादों का व्यापार कर रहे हैं, जो किसानों की कड़ी मेहनत से उपजते हैं। किसानों द्वारा कृषि उत्पादों के व्यापार को अपने दायरे में लेने पर बहुत बड़ा बदलाव आएगा। श्री धनखड़ ने कहा कि जी 20 में जहां भारत का डंका बजा, दुनिया के देशों ने देखा कि भारत कितना बदल गया है, इतनी बड़ी वैश्विक ताकत बनी, उसमें एक फैसला हुआ, जो किसान परिवारों के लिए जरूरी है, वह है एक आर्थिक कॉरिडोर- भारत, मिडिल ईस्ट और यूरोप। हजारों साल पहले यह कॉरिडोर था, जिसकी दोबारा शुरूआत हो रही है। किसान बदलाव को गले लगाएं, टेक्नालाजी अपनाएं। किसान अपने उत्पादों को सीधे न देकर उसमें कुछ न कुछ वैल्यू एडिशन करें, तो इससे क्रांतिकारी बदलाव आएगा। यह आसान है, संभव भी है क्योंकि सरकार की नीतियां सकारात्मक है व दूरगामी






परिणाम देने वाली हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति काफी बेहत्तर होगी। निर्यात के लिए भी किसानों के बेटे-बेटियां आगे आएं, क्योंकि वे ही इसे पैदा करते हैं। दूर की सोचकर अपनी भागीदारी निभाएं। कृषि के साथ कृषि व्यापार एवं कृषि निर्यात भी किसानों द्वारा करने से बड़ा अवसर कोई हो नहीं सकता। श्री धनखड़ ने कहा कि किसानों की कड़ी मेहनत के कारण आज शुष्क क्षेत्र में भी अनार, खजूर, अंजीर, जीरा जैसे उत्पाद उगाए जा रहे है, जिसका और ज्यादा फायदा किसानों को स्वयं व्यापार व निर्यात करने से मिलेगा। उपराष्ट्रपति ने अपने स्तर पर किसानों के लिए हर सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने में हमारे किसानों का बहुत बड़ा योगदान होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र हमारे देश के लिए आज बहुत महत्वपूर्ण है। यह कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जैसे जल ही जीवन है, वैसे कृषि ही जीवन है। आजीविका के लिए कई क्षेत्र हैं, जिनमें पैसा कमाया जा सकता है लेकिन कृषि का क्षेत्र ऐसा है कि यदि यह उपेक्षित हो गया तो पैसा तो हाथ में होगा लेकिन खरीदने के लिए खाद्यान्न व अन्य सामग्री नहीं होगी, इसीलिए किसान को अन्नदाता कहा गया है और इसीलिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों की अतिरिक्त चिंता इन 9 वर्षों में की है। प्रधानमंत्री ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए आह्वान किया तो यह सिर्फ वक्तव्य तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होंने अपनी तरफ से किसानों की आय व कृषि को आगे बढ़ाने के लिए जो-जो प्रयत्न आवश्यक है, उस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सुरक्षा कवच हो, चाहे 10 हजार नए एफपीओ बनाने का मामला हो अथवा 1 लाख करोड़ रुपये का एग्री इंफ्रा फंड स्थापित करने का मामला हो, चाहे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को 20 लाख करोड़ रु. तक का ऋण आसानी से उपलब्ध कराने का विषय हो, पशुपालकों-मस्त्यपालकों को केसीसी से जोड़ने का सवाल हो, हर दिशा में प्रधानमंत्री ने काम किया है। इसका प्रतिफल आज निश्चित रूप से देशभर में देखने को मिलता है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि काजरी संस्थान के कार्यों को देखकर गौरव का अनुभव होता है, जहां के वैज्ञानिकों ने इस पूरे रेतीले इलाके में कृषि क्षेत्र में चमत्कार किया है, वहीं आईसीएआर के वैज्ञानिकों ने खाद्यान्न, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन की दृष्टि से जो बेहतर काम किया है, उसके कारण हमारा देश आज अग्रणी अवस्था में खड़ा हुआ है। श्री तोमर ने कहा कि आज हमारे सामने चुनौतियां भी है कि खेती में लागत कैसे कम करें, इसके लिए टेक्नालाजी का उपयोग करें एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड का उपयोग किसानों की आदत में आएं। सामूहिक रूप से पोषक तत्व, कीट प्रबंधन आदि से खेती की लागत कम होगी एवं फसलों की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि जैविक व प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता बनती जा रही है, जिसे बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने अनेक उपाय किए हैं, योजनाएं बनाई हैं, जिन्हें हमारे किसान भाइयों-बहनों को अपनाना चाहिए तथा इस खेती को प्रोत्साहित करना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती हो रही है। श्री अन्न का उपयोग बढ़े, इसके लिए प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोया है, जैसे-जैसे इसका उपभोग बढ़ेगा, तो मांग वृद्धि के साथ छोटे किसानों की उपयोगिता व इनकी आय भी बढ़ेगी। इस दिशा में प्रधानमंत्री का आह्वान असरकारक हो रहा है, पूरी दूनिया के देश मिलेट्स मांग रहे हैं, जिसके लिए हिंदुस्तान के किसानों को उत्पादन भी बढ़ाना पड़ेगा, उन्हें इस दिशा में प्रवृत्त होना पड़ेगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री शेखावत व कृषि राज्य मंत्री श्री चौधरी ने भी संबोधित किया।

काजरी के निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), जोधपुर के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्रा, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के किसान, वैज्ञानिकगण व अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के जमशेदपुर में राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव - 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन किया

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने आज झारखंड के जमशेदपुर में आदि महोत्सव - राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव - का उद्घाटन किया। यह विशाल कार्यक्रम 7 से 16 अक्टूबर 2023 तक जनजातीय मामलों के मंत्रालय के ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीआरआईएफईडी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि आदि महोत्सव हमारे देश की आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने का एक प्रमुख मंच है। उन्होंने महिला आदिवासी कारीगरों द्वारा अपनी कलाकृतियां बनाने के लाइव प्रदर्शन की सराहना की। मंत्री ने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को आदिवासी उत्पादों को प्रस्तुत करके लोकप्रिय बनाने के उनके दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री मुंडा ने आदि महोत्सव को हमारे आदिवासी पूर्वजों, विभिन्न अद्वितीय आदिवासी समुदायों की संस्कृति, उनकी जीवनशैली और स्वयं आदिवासियों के योगदान का उत्सव बताया। यह त्यौहार कारीगरों से मिलने, उनके जीवन के तरीके के बारे में जानने और आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने का अवसर प्रदान करता है। मंत्री ने कहा कि यह आदि महोत्सव 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को पूरा करता है।

आदिवासी उद्यमिता, शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और वाणिज्य का वार्षिक उत्सव, आदि महोत्सव, देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष यह महोत्सव विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और वन धन विकास केंद्र (वीडीवीके) लाभार्थियों सहित 336 आदिवासी कारीगरों और कलाकारों की प्रतिभा को उजागर करेगा।

इस कार्यक्रम में झारखंड के 30 कारीगरों के स्टॉल, लगभग 11 वीडीवीके के स्टॉल और 5 व्यंजन स्टॉल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 15 व्यंजन स्टालों सहित अन्य राज्यों के 68 कारीगरों के स्टालों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया जाएगा। यह कपड़ा, पेंटिंग, आभूषण, धातु, बेंत और बांस और व्यंजन जैसी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाला लाइव प्रदर्शन होगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों में संसद सदस्य श्री विद्युत बरन महतो, (कॉर्पोरेट मामले), टाटा स्टील के उपाध्यक्ष श्री चाणक्य चौधरी, ट्राइफेड के एमडी सुश्री गीतांजलि गुप्ता, और अन्य व्यक्ति शामिल थे।

# टुंडी के खिलाड़ियों में प्रतिभाओं की कमी नहीं केवल उचित प्लेटफॉर्म की आवश्यकता --- मुरारी सिं

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):- 08 अक्टूबर2023:**

जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत गत 07 अक्टूबर को दक्षिणी टुंडी प्रखंड क्षेत्र के कटनिया पंचायत अन्तर्गत फुटबॉल एस मैदान में जय मां काली क्लब के द्वारा दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे कुल 16 टीमों ने भाग लिया इस खेल में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में पधारे झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक माना पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह के द्वारा टीमों को नए फुटबॉल भेंट किया गयो विशिष्ट अतिथि टुंडी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल कुजूर के द्वारा फुटबॉल मैदान में नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर खेल की शुरूआत किया गया । सर्वप्रथम संयुक्त रूप से श्री पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह एवं थाना प्रभारी द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को हवा में उछाल कर खेल का शुभारम्भ किया गया। प्रेस प्रतिनिधि से वार्ता के क्रम में झारखंड जनहित मोर्चा नेता मुरारी सिंह ने कहा कि टुंडी के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं केवल उचित प्लेटफॉर्म के साथ - साथ सहयोग की जरूरत हैं , जिससे झारखंड जनहित मोर्चा सहयोग करने



में कभी पीछे नहीं हटेगा आज टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा ,स्वास्थ्य ,खेल ,को बढ़ावा देने का काम आए दिन झारखंड जनहित मोर्चा के द्वारा किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा । खिलाड़ियों को कभी किसी की किसी भी तरह की सहयोग की आवश्यकता पड़े तो बेहिचक तोपचांची प्रखण्ड के ढांगी जोड़ा मंदिर स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से टुण्डी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल कुजूर, झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक माना पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह ,जिला परिषद सदस्या- 05 के प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की, जनहित मोर्चा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रभारी मुस्ताक अंसारी ,विश्व हिंदू परिषद के विक्रम सिंह वीर इत्यादि के अलावें खेलकूद प्रेमी एवं हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे ।

# विनय भारती सहित अन्य शहीदों को एस पी ने दिए श्रद्धांजली।

*इस मौके पर जिला के आधा दर्जन वरिष्ठ पत्रकार ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।*

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 08 अक्टूबर 2023:-डीएसपी विनय भारती की शहादत पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पत्रकार , पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवान।शहीद हुए विनय भारती के साथ शहीद हुए सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट जेडई अमर व बारह जवानों को भी शहीद विनय भारती पार्क में लगे उनकी प्रतिमा पर एवं उनके साथ शहिद हुए अन्य पुलिस के जवान को पत्रकार और पुलिस ने माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित कीये। माओवादी हमले में प्राण की आहुति देनेवाले जांबाज डीएसपी, सहायक कमांडेंट आठ अक्टूबर 2005 हो हुई थी। विनय भारती की याद में डीसी आफिस के समीप चतरा-इटखोरी मार्ग पर एक पार्क का निर्माण किया गया है। नक्सलियों के साथ लोहा लेने के अभियान में 8 अक्टूबर 2005 को अपने पदाधिकारी और जवानों के साथ कुंदा थाना के बनियाडीह का दिरीदाग पहाड़ी पर नक्सलियों द्वारा प्रायोजित जाल में फस गए थे।उस वक्त माओवादियों का वर्चस्व चरम पर था, लेकिन उसके बाद भी उन्होंने उग्रवादियों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाते रहे और पुलिस को लगातार सफलताएं मिलती रही। माओवादियों ने उनकी हत्या के लिए कई योजना बनाए थे पर उनके खुपिया तंत्र मजबूत होने के कारण खुफिया को ही नक्सलियों ने अपने गिरफ्त में लेकर कुंदा थाना के बनियाडीह पहाड़ में घेरने की रणनीति बनाई थी और उग्रवादी अपनी नापाक योजना में सफल रहे और माओवादियों की इस झूठी खबर पर विश्वास करते हुए पुलिस छापेमारी करने बनियाडीह पहाड़ी पर पहुंची, तो वहां पर मिट्टी के खपरेल घर में उग्रवादियों ने आयनचेस्ट में सर्किट बम प्लांट कर रखा था। सी आर पी एफ में एक काश्मीर का पुलिस के जवान जो पूर्व में आतंकवादी रहा था उनके आत्मसमर्पण करने के बाद उसे आत्मसमर्पण नीति के तहत सी आर पी एफ में नौकरी दी गई थी और वे



उसी पहाड़ पर मिले लोहे के बक्सा नुमा जिसमे बम प्रायोजित कर रखा गया था उसे खोलने के लिए अड़ गया जिला बल एवं सीआरपीएफ के अधिकारी उग्रवादियों के इस मंसूबे को समझ नहीं पाए और वहीं पर आयरनचेस्ट को खोल दिए और घटना हो गई , अगर उस बक्से को किसी थाना कैम्पस में खोला जाता तो कल्पना कीजिए और बड़ी घटना घट सकता था। जिला बल एवं सीआरपीएफ के अधिकारी उग्रवादियों के इस मंसूबे को समझ नहीं पाए और वहीं पर आयनचेस्ट को खोलने लगे इस दौरान जांबाज एसडीपीओ विनय भारती, सीआरपीएफ के सहायक समादेष्ठा जेडई अमर दो थानेदार के साथ चौदह लोगो की जाने चली गई थी घटना के बाद शहीद विनय भारती के कुशल पुलिसिंग के कारण पूरा जिला में मातम का माहौल था उनके घटना पर जिला के 80 % लोगो ने अश्रुपूर्ण श्रद्धाजली दिए थे। आज इस मौके पुलिस कप्तान राकेश रंजन बोले शहीदों की शहादत बेकार नहीं जाती है घटना से हम सभी पुलिस के जवान संकल्प लेते है कि उनके अधूरे सपना को नक्सल के विरुद्ध अभियान चला कर नक्सल मुक्त राज्य स्थापित करे।

**शहीदों में** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनय भारती सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट जेडी अमर कुंदा थाना प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा जोरी थाना प्रभारी कोला तीगा, इंद्रदेव सिंह नागेंद्र कुमार वत्स ,केदारनाथ, विक्रम समद, सरयू प्रसाद, सनी लाल मुर्मू, जागेश्वर राय, लाल बिहारी यादव ,श्री राम शर्मा , एवं प्रकाश कुमार शामिल थे।

इस मौके पर जिला के आधा दर्जन वरिष्ठ पत्रकार ने भी श्रद्धासुमन श्रद्धांजली अर्पित किए।

# बगोदर विधानसभा क्षेत्र के मडमो पंचायत में मुख्यमंत्री सड़क निधि से बनने वाली सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 8 अक्टूबर 2023:- विष्णुगढ़ प्रखंड के बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मडमो पंचायत के बेलियाटांड खोंगिया में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क निधि से बनने वाली सड़क का बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के द्वारा शिलान्यास किया गया।बताया जाता है कि मडमो से बेलियाटांड खोंगिया तक का रोड बहुत ही खराब था, रोड़ के नाम पर महज पगडंडियां उबड खाबड़ में चलने को ग्रमीण विवश होते थे, कई ग्रामीणों का कहना था कि रोड नहीं रहने से, समस्या पर तो परेशानी होती हीं थी, लोगों के परिवार में रिस्ते जुडने में आना कानी करते थे। आज इस शिलान्यास कार्यक्रम से हम लोग काफी खुश हैं , और अन्दर दिल से विधायक जी को धन्यवाद देते हैं। शिलापट्ट में विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। बनने वाली रोड कि लम्बाई लगभग दो कीलो मीटर की है । इस रोड के बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी शिलान्यास के बाद ग्रामीणों की एक सभा भी की गई जिसमें विधायक ने संबोधन में कहा कि मडमो पंचायत कई जिलों को जोड़ने वाला जगह है अगर बेहतर रोड हुआ तो बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह समेत सभी जगह में आवागमन का सुविधा ग्रामीणों को होगी पूर्व में भी विकास के जो भी काम हुए हैं , स्वर्गीय महेंद्र सिंह ने हीं कराये थे और बचे हुए काम को मेरे द्वारा कराया जा रहा है, अगर मजबूती से आप लोगों का साथ रहा तो भविष्य में भी विकास की गतिविधि को मंजिल तक पहुंचाया



जाएगा । रोड तो बनेंगे लेकिन गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए उन्होंने स्थानीय ग्रामीण एवं संवेदक और अधिकारियों से साफ लहजे में कहा कि गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जाना चाहिए। शिलान्यास एवं सभा के कार्यक्रम में बिष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य सह माले नेता शेख तैयब ने ग्रामिणों से कहा कि आपके क्षेत्र के विधायक महज एक विधायक नहीं हैं , आपके समस्याओं को अपनी सम्सया समझ कर उसके समाधान करने के बल का रास्ता हैं, आप मजबुती के साथ समर्थन दें, और अपने चौतरफा विकास की गति को और मजबूत करें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया , पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य समेत सभी प्रतिनिधि शामिल हुए , मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य गजेंद्र महतो, प्रखंड सचिव जानकी शर्मा, प्रदिप महतो, घनश्याम पाठक , भोला सिंह, सहायक अभियंता , कनिय अभियंता , संवेदक एवं , इंद्रमणि यादव , सिता राम पासवान, खिरु पासवान,समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष सामिल हुए।

# टुण्डी उच्च विद्यालय के मैदान में जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 संपन्न

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-08अक्टूबर 2023:जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान मे गत शनिवार को धनबाद जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हो गया टुण्डी +2 उच्च विद्यालय टुण्डी पहूंचकर विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो ने समस्त प्रतिभागियों को मार्गदर्शन के साथ बधाई संदेश एवं शुभकामनाएं दी । तत्पश्चात सभी प्रकार के खेल की शुभारम्भ से पूर्व विधायक श्री महतो ने विधिवत उद्घाटन किया। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अंतर्गत ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का समापन +2 उच्च विद्यालय, टुंडी में हुआ जिसमें निम्नांकित खेलों का आयोजन किया गया :- तीरंदाजी, गुलेल से निशाना एक जग के ऊपर फुला हुआ गुब्बारा रखकर निशाना साधा गया , मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भार दौड़ एवं सेकोर खेल एवं तीर



से निशाना साधना । इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 9 से 12 अक्टूबर तक हजारीबाग भेजा जाएगा। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले वैसे खिलाड़ी जो झारखण्ड राज्य के निवासी हों को ही प्राथमिकता दी जाएगी । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 14 वर्ष से 40 वर्ष के बीच निर्धारित था। मौके पर मुख्य रूप से टुण्डी के लोकप्रिय विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो, जिला खेलकूद पदाधिकारी दिलीप कुमार , विधायक प्रतिनिधि फूलचंद किस्कू ,+2 उच्च विद्यालय के जय कुमार, जिला सचिव तीरंदाजी संघ जुबैर आलम, अरचरी संघ के उपाध्यक्ष सह मंलखम के जिला महासचिव तारकनाथ दास,विधायक अनुज बसंत महतो , उत्क्रमित उच्च विद्यालय जाताखुंटी के दो शिक्षक रमसू मुर्मू एवं बरूण कुमार सिंह ,जिला कोच नमीता टुड्डू इत्यादि के अलावें उच्च विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# इटखोरी प्रखंड में विभिन्न जगहों पर झूमर का किया गया आयोजन।

*मंत्री सत्यानन्द भोक्ता पहुँचे शहर जाम : झूमर कार्यक्रम में लिया भाग।*

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)08अक्टूबर 2023:- जिले के इटखोरी प्रखंड में इटखोरी प्रेमनगर,एरकी बलिया, करनी विभिन्न जगहों जितिया के अवसर पर झूमर का आयोजन किया गया। हर साल की भांति इस बार भी बडे. धूमधाम से अखिल भारतीय भुइयाँ समाज कल्याण समिति इटखोरी प्रखंड के द्वारा शहरजाम गांव में जितिया झूमर मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, बंगाल के सिंटू भुइयां, समाज के केंद्रीय सचिव दिनेश्वर भुइयां,पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, मुख्यालय डीएसपी केदार नाथ राम, इटखोरी बीडीओ सोमनाथ बाकिरा, उपप्रमुख संजय कुमार गुप्ता,भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर,अनिल कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह, मण्डल महामंत्री शिवकुमार राणा, पूर्व मुखिया मुकेश राम , हलमता पंचायत के मुखीया प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रेम भुइयाँ ,जीतेन्द्र रजक, उमेश भुइयाँ ने संयुक्त रूप से फिता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ। आयोजित झूमर कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पहुंचने पर भुइयाँ समाज के लोंगो नें माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कहा कि झूमर झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है। हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसे बचाये रखना हमारी जिम्मेवारी है। इसके लिए क्षेत्र में झुमर का आयोजन एक अंतराल में होना चाहिए।झारखंड में स्थानीय स्तर पर कई त्योहार मनाया जाता है जिसमें जितिया त्योहार भी एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्योहार झारखंड बिहार में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस तरह के मेले के आयोजन से लोगों में प्रेम सद्भाव आपसी भाईचारा बढ़ता है। इसके करेगा वह दिल्ली और झारखंड में राज्य करेगा। बाबा साहब अंबेडकर ने तीन मंत्र दिए शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो,आधे रोटी खाओ और बच्चों को पढ़ाओ और आईपीएस डॉक्टर एसडीओ सिओ बीडीओ दरोगा डीएसपी बनाओ स्वस्थ जीवन लाभ करो बाल विवाह











साथ ही मंत्री सत्यनंद भोक्ता ने भुइयाँ समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शराब नहीं सेवन करें और बच्चों को हर हाल में पढ़ाएं। आज के बच्चे कल के देश के भविष्य हैं। बंगाल से आये सिंटू भुइयां ने कहा कि हमारे समाज के लोगो को सही रास्ता चुनने की जरूरत है हम अधिकारी , राजनेता व सामाजिक कार्यकर्ता समाज और देश का भला सकते है । कार्यक्रम को पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा , डीएसपी केदार नाथ राम ,भद्रकाली महाविद्यालय के प्रचार्य दुलार ठाकुर उमेश भारती समेत अन्य ने संबोधित किया ।मौके पर मंत्री भोक्ता पूर्व सांसद दुलाल भुइयाँ,सिंटू भुइयाँ नें मांदर बजाकर झूमर कार्यक्रम में जोश भरा। मौके पर पूर्व मंत्री दुलाल भुइयाँ ने कहा की 2024 का मिशन के लिए भुइयाँ समाज की जो बात को दूर भगाओ नशाखोरी को जड़ से उखाड़ो, पूरे झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के भुइयाँ समाज की बैठक नवंबर महीने में भुइयाँ समाज के केंद्रीय कार्यालय में नामकुम अंबेडकर नगर रांची में की जाएगी। कार्यक्रम में मंच संचालन भद्रकाली इंटर महाविद्यालय के प्रो सुशील कुमार ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा,चतरा डीएसपी केदार नाथ राम, इटखोरी बीडीओ सोमनाथ बाकीरा,दिनेश्वर भुइयाँ,भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह शिवकुमार राणा, पूर्व मुखिया मुकेश राम, हलमता पंचायत के मुखीया प्रतिनिधि अशोक यादव,समाजसेवी प्रकाश कुमार दास ,प्रेम भुइयाँ , नीरज कुमार भुइयाँ समेत अन्य उपस्थित थे।

# धनबाद जिले में कई स्थानों पर पीडीएस राशन वितरण में दिखी अनियमितता।

**समाज जागरण, ब्यूरोचीफ, उत्तरी छोटा नागपुर मंडल।**

पीडीएस दुकानों पर झारखंड धनबाद जिले में कई जगहों पर राशन वितरण में दिखी अनियमित। लाभार्थियों का कहना है की जुलाई माह में उन्हें राशन नहीं दिया गया , उनका राशन अगस्त महीने में दिया गया परंतु अगस्त महीने का अंगूठा एक ही बार लगता है इस चक्कर में अगस्त महीने का राशन गायब हो गया । अब बारी आती है सितंबर महीने की सितंबर में भी लाभार्थियों ने पूरे महीने राशन मिलने का इंतजार किया पर पीडीएस की दुकान खुली महीने की आखिरी तारीख 24- 25 से, कुछ गिने चुने लोगों ने सितंबर माह में राशन का लाभ उठाया और बाकी प्रतिशत लोग राशन का लाभ नहीं उठा पाए । कल 8 अक्टूबर को भी कई स्थानों पर पीडीएस राशन की वितरण को देखा गया परंतु इस माह उपभोक्ताओं को प्रति व्यक्ति केवल 2 किलो चावल का ही वितरण किया गया । ऐसे में



लाभार्थियों के चेहरे पर उदासी दिखाई पड़ी । लोगों के द्वारा सवाल पूछने पर कुछ डीलर ने जवाब दिया की हमें राशन की आपूर्ति ही कम मिल रही है और लाभार्थी ज्यादा है , ऐसे में प्रति व्यक्ति 2 किलो अनाज का ही वितरण किया जाएगा तभी सभी व्यक्तियों को अनाज पूरा मिल पाएगा और यह महीना अक्टूबर का है और राशन सितंबर का दिया जा रहा है ऐसे में अक्टूबर माह में दो बार अंगूठा नहीं लग पाएगा तो यह जाहिर है कि लोगों को अक्टूबर का भी राशन नहीं प्राप्त हो पाएगा । राशन वितरण में हो रही इस प्रकार की अनियमितता से लोग सरकार एवं खदान आपूर्ति विभाग दोनों के प्रति नाखुश दिखाई दिए हालांकि डीलरों ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनके हिस्से का बकाया जितना भी 3 महीने का राशन है वह अक्टूबर के अंत तक अवश्य प्रदान कर दिया जाएगा ।

# विष्णुगढ़, चेडरा पंचायत के इचाक डहर के किनारे माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन किया।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 8 अक्टूबर 2023 :- एक पखवाड़े से अंधेरे को झेल रहे ग्रामीणों को विधायक ने दिया उजाले का तोहफा। इस संबंध में चेडरा पंसस मुन्नी देवी ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर विगत पंद्रह दिनों से जला था,ग्रामीणों को बिजली नही रहने के कारण काफी कठिनाई उठाना पड़ रहा था। मुझे इसकी जानकारी तीन दिन पूर्व मिली जिसकी जानकारी मैंने माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को दी जिन्होंने जानकारी प्राप्त होते ही तीन दिनों के भीतर ट्रांसफार्मर आवंटित करा दिया।जिसकी वजह से आज लोग बहुत खुश दिखाई पड़े। आप सभी चेडरा वासियों से कहना है,जनमुद्दे से जुड़ी कोई भी समस्या हो तो मुझे इसकी सूचना दे,आगे भी मैं इसी तरह माण्डू विधायक से सहयोग लेकर आप सबों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूँगी।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद



साव,राजेश सोनी,सुखदेव मंडल,किशोर यादव,नन्हकू महतो,जयवीर प्रसाद बर्मन, राकेश कुमार बर्णवाल, बिनोद राम,कैलाश सोनी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजद थे।

# करंट लगने से एक बछड़े की मौत व मुन्ना साव झुलसा।

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र , ब्यूरोचीफ उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल।**

धनबाद (झारखंड) 08 अक्टूबर 2023:- झरिया पाथरडीह थाना क्षेत्र स्थित चासनाला पीच कारखाना के समीप शनिवार के सुबह करेंट के चपेट में आ जाने से एक बछड़े की मौत. मौके पर ही हो गई। वही पास के रहने वाले अर्जुन साव के पुत्र मुन्ना साव बछड़े को छुड़ाना चाहा लेकिन। पीठ में तार सटने से करंट की चपेट में आने से उसकी पीठ झुलस गया है।आनन फानन में स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए चासनाला सी एच सी ले गए ।जहा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पी एम सी एच धनबाद भेज दिया गया है।

# रेल नियमों का उल्लंघन करने वालों से हुई एक लाख की वसूली।

**समाज जागरण, शीतल दत्ता, जिला संवाददाता,**

धनबाद (झारखंड) 8 अक्टूबर 2023 :- धनबाद रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों में शनिवार को टिकट जांच अभियान चलाया गया। बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, महिलाओं के आरक्षित कोच में मिलने वाले पुरुष यात्री एवं बिना बुक कि ए सामान के साथ यात्रा कर रहे 396 यात्रियों को पकड़ा गया।



पकड़े ग ए यात्रियों से एक लाख चालीस हजार रुपये की वसूली की ग ई। अभियान धनबाद से कोडरमा, कोडरमा से पहाड़पुर एवं गोमो से चन्द्रपुरा खंडों में चला। अभियान के दौरान मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/ टिकट चेकिंग सहित सीटीआई, सीआईटी एवं बड़ी संख्या में टीटीई, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौजूद थे। इस दौरान धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (13305), दुमका-रांची-दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस (13319/20), जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस (13152), पटना- रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस(12365), पुरूषोत्तम एक्सप्रेस (12801/ 02), पूर्णिया- हटिया-पूर्णिया एक्सप्रेस (18625/ 26), आसनसोल-वाराणसी- आसनसोल मेमू एक्सप्रेस(13553/ 54) गाड़ियों में चेकिंग की गई '

# बारह अक्टूबर को होने वाले ' जन अधिकार सभा ' के सफलता को माले की बैठक

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक,ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) :- 12 अक्टूबर को होने वाले जन अधिकार सभा की सफलता को लेकर भाकपा माले ने सदर प्रखंड के बेरदोंगा पंचायत के खेरोना गांव में एक बैठक कर लोगों से कार्यक्रम की सफलता के लिए शामिल होने



की राय बनाये साथ ही अपने संघर्षों के रास्ते को मजबूत करने आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने, गरीबों को सरकारी जमीन का पट्टा देने सहित काम करने वाले मजदूरों को वाजिब मजदूरी के साथ रोजगार की गारंटी करने आदि सवालों को लेकर आगामी 12 अक्टूबर को ढकोइयाटांड़ में होने वाली 'जन अधिकार सभा' को सफल करने की अपिल किया गया।

# उपलब्धि : धनबाद बना अवैध कोयले के कारोबार का अड्डा,

*राष्ट्रीय राजमार्ग पर दस दिनों से कागज के इंतजार में खडी.सैकड़ों लोड ट्रकें बनी गवाह!*

**समाज जागरण, शीतल दत्ता , जिला संवाददाता**

धनबाद (झारखंड) 08अक्टूबर 2030: -धनबाद इन दिनों अवैध कोयले के कारोबार का अड्डा बन गया है। तोपचांची थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड पर कोटालअड्डा के समीप रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एवं सड़क किनारे कोयला



लदे 600 ट्रक पिछले दस दिनों से खड़े हैं। कुछ चालकों ने बात करने पर बताया कि कागज का इंतजार किया जा रहा है। बात फैली तो चालकों के बीच अफरातफरी मच गई। ट्रकों को लेकर इधर- उधर भागने लगे। कुछ ट्रक अब भी खड़े हैं। इतने दिनों से 600 ट्रक खड़ी रहने के बाद भी पुलिस-प्रशासन की ओर से मामले की जानकारी नहीं ली गई। कोई कार्रवाई भी नहीं की गई। अंदरखाने जो सूचना मिल रही है, उसके अनुसार कोयला लदे इन ट्रकों के पास चालान नहीं है। चालान नहीं होने के कारण ही इन ट्रकों को जीटी रोड पर गिरिडीह बॉर्डर पर इंट्री नहीं मिली, इसी कारण ट्रक खड़े हैं। खड़े सभी ट्रकों पर यूपी और बिहार के नंबर प्लेट लग हुए थे। वही इस संबंध में जिला खनन अधिकारी से बात करने पर उन्होंने कहा कि सूचना मिली है, कार्रवाई की जाएगी। खनन टास्क फोर्स में और कई अधिकारी है सबका अधिकार है समय-समय पर कार्रवाई करें। हम लोग भी कई बार आभियान चलाकर कागजात की जांच का अभियान चलाया है आगे भी आपके द्वारा जानकारी मिली है कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के सभी ब्लॉकों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन।

*डालसा प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है : न्यायाधीश*

*तीन करोड 34 लाख 74 हजार 730 रूपए की परिसंपत्तियों का किया गया वितरण।*

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल / शीतल दत्ता, जिला संवाददाता।**




धनबाद (झारखंड) 8 अक्टूबर 2023 : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में किया गया । गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट कैंप में लोगों को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है।सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाई जा सके इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी एस एस तिर्की ने कहा कि

दूर - सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनता त्वरित न्याय कैसे प्राप्त करें इस पर लोगों को जागरूक करने के लिए डालसा इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम करता रहा है। लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से धनबाद जिले के सभी गांव तक डालसा द्वारा गठित टीम के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य है ,जिससे कि जिले के दूर-सुदूर इलाकों में रह रहे ग्रामीण जनता तक सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया को पहुंचाया जा सके। वहीं मीडिया से बातचीत करते हुए न्यायाधीश श्रीमती बारला ने कहा कि जिले के सभी 10 प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी , न्यायिक पदाधिकारी द्वारा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया गया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से लोगों को दिया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को विभिन्न ब्लॉकों में अवर न्यायाधीश सत्यभामा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी,एस एस तिर्की, विशाल माझी, सुभाष बाडा , जेनिस मिंज,पूजा पांडे, सुरेश उरांव,अभिनव त्रिपाठी,एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट , सहायक एलएडीसीएस नीरज गोयल, सुमन पाठक , कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी शैलेन्द्र झा,सुमन पाठक, मुस्कान चोपड़ा अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, विभिन्न थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में ऑन स्पोर्ट 36 हजार 970 लाभुकों के बीच 3 करोड 34 लाख 74 हजार 730 रूपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर , लाभुकों को पीएम आवास योजना , वृद्धा पेंशन , दिव्यांग पेंशन ,श्रमिकों को ई- श्रम कार्ड , श्रमिकों को मनरेगा जॉब कार्ड , श्रम विभाग की तरफ से पैंट - शर्ट साड़ी वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, ब्लाइंड स्टिक, सावित्रीबाई फुले योजना, इंदिरा आवास, केसीसी लोन , जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चेक का वितरण किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में बीडीओ संतोष कुमार, बीपीएम रमेश कुमार मंडल , डालसा के पैनल अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा ,संदीप कुमार, जयराम मिश्रा पंचानन सिंह, संतोष कुमार गुप्ता डालसा की टीम अरुण कुमार , सौरभ सरकार , विधिक स्वयंसेवक राजेश सिंह , हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, श्री लाल सोरेन ओम प्रकाश दास ,पंकज वर्मा , सौरभ जयसवाल, लक्ष्मी कुमारी, लक्ष्मी देवी, निमाई प्रमाणिक, शैलेंद्र दास, जय किशोर शर्मा, चंदन कुमार, अजीत दास,अबुल कलाम,उत्तम मंडल, प्राणनाथ,गीता कुमारी, पवन, मानिक दूबे ,एवं जिले के समस्त प्रखंडों के कर्मचारी गण एवं दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों से आए ग्रामीण जनता का योगदान रहा।

# नारायण आईटीआई लुपुंगडीह में स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण व साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाया गया

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 08 अक्टूबर 2023 : नारायण आईटीआई संस्थान लुपुंगडीह नीमडीह में स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण एवं साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाया गया। इस मौके पर उन लोगों तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के लमही गांव में एक कायस्थ परिवार में हुआ था।उनका वास्तविक नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। प्रेमचंद की आरम्भिक शिक्षा फारसी में हुई। प्रेमचंद के माता-पिता के सम्बन्ध में रामविलास शर्मा लिखते हैं कि- "जब वे सात साल के थे, तभी उनकी माता का स्वर्गवास हो गया। जब पन्द्रह वर्ष के हुए तब उनका विवाह कर दिया गया और सोलह वर्ष के होने पर उनके पिता का भी देहान्त हो गया। मुंशी प्रेमचंद अपने शादी के फैसले पर पिता के बारे में लिखते हैं की ह्नपिताजी ने जीवन के अंतिम वर्षों में एक ठोकर खाई और स्वंय तो गिरे ही, साथ में मुझे भी डुबो दिया और मेरी शादी बिना सोचे समझे करा दिया। उन्होंने सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, निर्मला, गबन, कर्मभूमि, गोदान आदि लगभग डेढ़ दर्जन उपन्यास तथा कफन, पूस की रात, पंच परमेश्वर, बड़े घर की बेटी, बूढ़ी काकी, दो बैलों की कथा आदि तीन सौ से अधिक कहानियाँ लिखीं। उनमें से अधिकांश हिन्दी तथा उर्दू दोनों भाषाओं में प्रकाशित हुईं। उन्होंने अपने दौर की सभी प्रमुख उर्दू और हिन्दी पत्रिकाओं जमाना, सरस्वती, माधुरी, मयार्दा, चाँद, सुधा आदि में लिखा।

संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। उन्हें 1970 में इंदिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। इन्दिरा गांधी को पदच्युत करने के लिये उन्होने 'सम्पूर्ण क्रांति' नामक आन्दोलन चलाया। वे समाज-सेवक थे, जिन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है। 1998 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मनित किया गया। जयप्रकाश नारायण का जन्म बिहार के सिताब दियारा में 11 अक्टूबर 1902 में एक चित्रगुप्तवंशी कायस्थ परिवार में हुआ था। बिहार बृज किशोर प्रसाद की पुत्री प्रभावती के साथ इनका विवाह अक्टूबर 1920 में हुआ। वे डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद और सुप्रसिद्ध डॉ॰ अनुग्रह नारायण सिन्हा द्वारा स्थापित बिहार विद्यापीठ में शामिल हो गये। 1929 में जब वे अमेरिका से लौटे, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम तेजी पर था। उनका सम्पर्क गांधी जी के साथ काम कर रहे जवाहर लाल नेहरु से हुआ। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बने। 1932 में गांधी, नेहरु और अन्य महत्त्वपूर्ण कांग्रेसी नेताओं के जेल जाने के बाद, उन्होंने भारत में अलग-अलग हिस्सों में संग्राम का नेतृत्व किया। अन्ततः उन्हें भी मद्रास में सितम्बर 1932 में गिरफ्तार कर लिया गया। वे इंदिरा गांधी की प्रशासनिक नीतियों के विरुद्ध थे। गिरते स्वास्थ्य के बावजूद उन्होंने बिहार में सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन किया। उनके नेतृत्व में पीपुल्स फ्रंट ने गुजरात राज्य का चुनाव जीता। 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की जिसके



अन्तर्गत जे॰ पी॰ सहित ६०० से भी अधिक विरोधी नेताओं को बन्दी बनाया गया और प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गयी। जेल में जे॰ पी॰ की तबीयत और भी खराब हुई। 7 महीने बाद उनको मुक्त कर दिया गया। 1977 में जेपी के प्रयासों से एकजुट विरोध पक्ष ने इंदिरा गांधी को चुनाव में हरा दिया। जयप्रकाश नारायण का निधन उनके निवास स्थान पटना में 8 अक्टूबर 1979 को हृदय की बीमारी और मधुमेह के कारण हुआ। उनके सम्मान में तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने सात दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की थी, उनके सम्मान में कई हजार लोग उनकी शोक यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर वकील निखिल कुमार, अरुण पांडे, शांति राम महतो, पवन महतो, देबकृष्ण महतो, अजय मण्डल, कृष्ण पद महतो, गौरव महतो, सिशुमती दास, निमाई मंडल आदि उपस्थित थे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने ओल चिकी अध्ययन केन्द्र का किया निरीक्षण

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 08 अक्टूबर 2023 : टाटा स्टील फाउंडेशन की और से चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे गांगुडीह, घोड़ानेगी, धातकीडीह समेत अन्य आठ ओलचिकी अध्ययन केन्द्र का रविवार को टाटा स्टील फाउंडेशन के सीनियर एसिस्टेंट रामचंद्र टुडू के नेतृत्व में चार सदस्य के टीम निरीक्षण करने पहुंचे। ओल चिकी अध्ययन केन्द्र मांझी पारगाना महाल के निगरानी में संचालित किया जा रहा है। इन ओलचिकी अध्ययन केन्द्र में आदिवासी संथाल बच्चे समेत सभी आयु के लोग उनकी मातृभाषा ओलचिकी में पढ़ाई करते हैं। ओलचिकी लिपी की पढ़ाई करने के साथ साथ उनकी संस्कृति, रीति रिवाज, भी सिखाया जाता है। रामचंद्र टुडू ने बताया कि सभी ओलचिकी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। अध्ययन केन्द्र में बच्चों को अब तक दी शिक्षा से संबंधित सवाल पूछे गए। उन्होंने बताया कि टाटा स्टील फाउंडेशन का उद्देश्य है कि जगह जगह ओलचिकी अध्ययन केन्द्र संचालित कर आदिवासीयों को उनके ओल चिकी की पढ़ाई कराने के साथ उनके संस्कृति रीति रिवाज को संरक्षण करने के उद्देश्य से लोगों जागरूक करना है। उन्होने बताया कि झारखंड, पं बंगाल व असम में रह रहे सभी आदिवासी लोगों को ओलचिकी लिपी में



शिक्षा प्रदान कर सके इसके लिए टाटा स्टील फाउंडेशन की और से ओल चिकी मिशन 2025 के तहत सभी जगह केन्द्र चलया जा रहा है। बताया कि आदिवासी लोगों का भाषा संस्कृति रीति रिवाज बचे इसी उद्देश्य से टाटा स्टील फाउंडेशन की और से ओलचिकी अध्ययन केन्द्र संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर ओल चिकी शिक्षिका अनामा टुकडे, अंगिका बिरूवा, लेदेम मार्डी, श्यामल मार्डी, नेपाल बसेरा, अर्जुन टुडू, विभूति मार्डी आदि उपस्थित थे।

# कुचाई में जैव विविधता पर मरांगहातु व बारुहातु पंचायत में पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां कुचाई प्रखंड के पंचायत स्तर पर पोंडाकाटा तिलोपदा बंदोलोहर अरुवां व मरांगहातु पंचायत सचिवालय में एवं रोलाहातु रुगुडीह गोमियाडीह छोटासेगोई व बारुहातु पंचायत का बारुहातु पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समितियों के सदस्यों मुखिया उप मुखिया वनपाल बनकर्मी बैंक कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण व क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित प्रकाश जन सेवा संस्था हजारीबाग के प्रशिक्षक प्रमोद कुमार शशि कुमार एस सोरेन एवं मानगोविंद महतो के द्वारा जैव विविधता व इसके महत्व अधिनियम के अंतर्गत निर्मित संस्थागत ढांचे जैव विविधता नियमावली जैव विविधता पंजी की संक्षिप्त विवरणी आवश्यकता इसके महत्व एवं उपयोग जैव विविधता अधिनियम अनुसार व एक्सेस एवं बेनिफिट शेयरिंग रेगुलेशन 2014 पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर जैव विविधता प्रबंधन समितियों के सभी सदस्यों मुखिया वनपाल वनकर्मी बैंक कर्मियों को प्रशिक्षण




देते हुए प्रशिक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि जैव विविधता राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से सभी वर्गो में रहे लोगों को लाभ मिलेगी।उन्होंने कहा कि इस संसार में सभी जीवन को स्थिर बनाए रखने में जैव विविधता का अहम योगदान है।विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी व वनस्पति एक दूसरे की जरूरत पूरी करते हैं।साथ ही एक दूसरे पर निर्भर भी है। इस दौरान मुख्य रूप से बंदोलोहर पंचायत के मुखिया देवचरण बानरा मुखिया रेखा मुखी उरांव मुखिया लुदरी हेंब्रम पूर्व मुखिया मानसिंह मुंडा प्रतिमा देवी लक्ष्मी सोय आदि जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों उपस्थित थे।

## खरसावां में पारंपरिक विधि विधान के साथ मनाया गया करम परब, अपनी संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प

# -झूमर कलाकार रंजीत महतो ने महिला कलाकारों समां बांधा, झूमे हजारों लोग

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां-कुचाई ईकाई के संयुक्त तत्वावधान में खरसावां के तसर मैदान में रविवार को करम परब (करम उत्सव) का आयोजन किया गया.मौके पर पारंपरिक विधिविधान, नेग-नेगाचारी के साथ करम-डाइर (शाखाओं) को



आखड़ा में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी.इधर करम परब पर मांदर की थाम व झूमर की स्वरलहरियों पर लोग झूमे.करम महोत्सव के अवसर पर झुमार सम्राट रंजीत महतो,लिपनी महतो,सुनीता राणा समेत अन्य झूमर कलाकारों ने अपने सुरिले झुमर गीतों पर दर्शकों को झुमाते देखा गया.झुमर कार्यक्रम की शुरूवात आखड़ा वंदना के साथ किया. इसके पश्चात झूमर कलाकारों ने कई कुरमाली झुमर गीत प्रस्तुत कर अतिथियों के साथ साथ आम लोगों को झूमया.कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दशरथ गागराई,भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश माहली,कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटराय किस्कू,मांगीलाल महतो,श्वेता महतो,रामरतन महतो,तिलक महतो,अजय महतो,पंकज महतो, बबलू महतो,महेशवर महतो,सुमित महतो, मिथुन महतो,बहादुर महतो, रमेश महतो,बबलू महतो,महेश महतो, सुशील महतो,रूद्र प्रताप महतो, इन्द्रजीत महतो,दिलीप चांद महतो, दिनेश महतो, खिरोद महतो समेत कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे.

# आदित्यपुर थाना में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक,महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष टीम गठित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**







सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 अक्टूबर 2023: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर थाना में रविवार शाम में दुर्गा पूजा सम्पन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में जानकारी दी गई कि आदित्यपुर थाना क्षेत्र में 22 लाइसेंसी, चार गैर लाइसेंसी दुर्गा पूजा समितियां है. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजन कुमार ने की. बैठक में सर्वप्रथम प्रवीण सेवा संस्थान के लोगों ने पार्किंग की व्यवस्था की मांग उठाई. थाना प्रभारी ने आवास बॉर्ड मैदान और जय प्रकाश उद्यान को चिन्हित किये जाने की जानकारी दी. थाना प्रभारी ने प्रवीण सेवा संस्थान को पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने और वोलेंटियर्स की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया. यहां 15 अक्टूबर को ही पंडाल उद्घाटन हो जाएगा. हर कमेटी को 20-20 वोलेंटियर्स की सूची देनी है. मेला लगाने और झूले आदि लगाने वाले कमेटी को जिला प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है. मुख्य मार्ग पर किसी भी तरह का ठेला खोमचा नहीं लगेगा. पान दुकान चौक का कट बंद नहीं करने की मांग उठी. जिसपर थाना प्रभारी ने कहा कि यह मामला डीसी स्तर से संभव हो सकेगा.

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की पंडालों में फायर सुरक्षा की व्यवस्था जल्द से जल्द ठीक किया जाए. पूजा कमेटियों ने शौचालय, मूत्रालय और नालियों की सफाई की मांग उठाया. महिलाओं की समस्या रखते हुए पार्षद नीतू शर्मा ने रफ ड्राइविंग और मनचलों के द्वारा सड़कों पर उत्पात मचाने की घटना पर अंकुश लगाने की मांग रखी. इसमें मुख्य रूप से निवर्तमान मेयर विनोद श्रीवास्तव, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, रविन्द्र नाथ चौबे, सरयू पासवान, कर्नल आर पी सिंह, नगर निगम के कनीय अभियंता रितेश कुमार, पार्षद नीतू शर्मा, फायर बिग्रेड के एसआई जितेंद्र कुमार, देबू चटर्जी, अजय सिंह, रामचंद्र पासवान, जगदीश नारायण चौबे, शंकर सिंह, सत्य प्रकाश, भूषण सिंह, सुनील श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह, तापस सरकार, विनय चटर्जी, राजकुमारी सिंह, कृष्ण गोपाल पिंटू, बाबू तांती, पुष्पा सिंह, देवानंद सिंह, शम्भू मोदी आदि मौजूद थे.

## राजनगर में पारंपरिक तरीके से धूमधाम के साथ मनाया गया देशकरम महोत्सव ।कार्यक्रम में सभी ने लिया अपनी भाषा संस्कृति के संरक्षण का संकल्प।

**रवि कांत गोप, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड) 08 अक्टूबर 2023 :- राजनगर ब्लॉक मैदान में रविवार को कुड़मी समाज सह देशकरम एकता संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय देश करम महोत्सव 2023 बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम राजनगर के चुका पहाड़ से करम डाल लिए लगभग 200 कन्याओं द्वारा पारंपरिक नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँचे।और पारंपरिक विधिविधान, साथ करम-डाल (शाखाओं) को आखड़ा में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी।वहीं मौके पर कई अतिथियों का आगमन हुआ।सभी अतिथियों का देशकरम एकता संघ के सदस्यों ने गाजे बाजे के साथ स्वागत करते हुए मंच तक पहुँचाया।वहीं मांदर की थाम व झूमर की स्वर पर लोग खूब झूमे ।देशकरम महोत्सव के पर ओडिसा बारीपदा के झुमर सम्राट दीपक महतो के द्वारा एक से बढ़ कर एक झूमर गीत से लोगों को झूमाया। लिपनी महतो, सुनीता राणा समेत




अन्य झूमर कलाकारों ने अपने सुरिले झुमर गीतों पर दर्शकों को झुमाते देखा गया. झुमर कार्यक्रम की शुरूवात आखड़ा वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दल के नेतागण व समाजसेवी उपस्थित हुए।वहीं सभी ने अपनी भाषा संस्कृति को संरक्षित रखने का संकल्प लिया।इस मौके पर अतिथि के रूप में ईचागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक स्व. साधुचारण महतो की पत्नी सारथी महतो,भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश माहली,कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटू महतो,आदिवासी कुड़मी समाज के केंद्रीय प्रवक्ता हरमोहन महतो , पद्मश्री छूटनी महतो,चामी मुर्मु,कार्तिक महतो, खगेन महतो, बास्को बेसरा,पूर्व विधायक अनन्तराम टुडु ,चामी मुर्मु,समेत कई गणमान्य अतिथि गण उपस्थित हुए।मौके पर देशकरम एकता संघ के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत आग वस्त्र देकर किया।वहीं हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के महिला पुरुष उपस्थित होकर देश करम महोत्सव को सफल बनाया।

# पासवान समाज जिला पलामू के द्वारा कार्य समिति की बैठक हुई सम्पन्न।

*स्वर्गीय रामविलास पासवान के दिये हुए पद चिन्हों पर चलें-रामेश्वर राम (छठन)*

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडिब बाजार**

पलामू (झारखंड)08 ऑक्टूबर 2023:-आज दिन रविवार को पसवना समाज पलामू जिला के द्वारा पेंशनर भवन में कार्य समिति के बैंक बुलाई गई एव स्वर्गीय रामविलास पासवान की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। सबसे पहले सभी प्रखंड से आए सदस्यों ने श्री पासवान के प्रतिमा के ऊपर दीप प्रज्वलित



कर एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं इस कार्य समिति की बैठक में संगठन को मजबूती के लिए। सदस्यता अभियानकी समीक्षा,सर्वे कार्य,संगठन पदाधिकारी एवं सदस्यों के मासिक शुल्क पर चर्चा संगठन के आय-व्यय की समीक्षा,इत्यादि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। लोगों के संबोधित करते हुए पासवान समाज जिला अध्यक्ष श्री रामेश्वर राम(उर्फ छठन)ने स्वर्गीय रामविलास पासवान की जीवनी के बारे में बताया कि श्री रामविलास पासवान ने अपने राजनीतिक जीवन में विश्व गिनीज किताबों में अपना नाम दर्ज कराया एवं पासवान समाज को पूरे विश्व में नाम बताया है उन्होंने सभी समाज के आगे बढ़ने का कार्य किया है उनके दिए हुए पद चीन्हों पर हम सभी को चने की जरूरत है इस बैठक में मौजूद पसवना समाज पलामू जिला प्रमण्डल संयुक्त सचिव अनिरूद्ध पसवना,उपाध्यक्ष शिशंकर पसवाना,संरक्षक, भागेश्वर पासवान,जिला अध्यक्ष रामेश्वर राम, उपाध्यक्ष चतर्गुन, राम, सचिव पंकज पासवान,कार्यकारी सचिव बीरेन्द्र पासवान, संयुक्त सचिव शंकर,संगठन सचिव जितेंद्र पासवान,सूबा पासवान, कोषाध्यक्ष,धर्मेन्द्र राम,नौडीहा बाजर प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, हुसैनाबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बिमलेश पासवान, हैदर नगर प्रखण्ड अध्यक्ष सुदर्शन पासवान चैनपुर प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश पासवान, सचिव भारत पासवान,सुदामा पासवान, जय गोबिन्द पासवान, उदय पासवान एव समस्त पासवान समाज रहे उपस्थित।

## आदि महोत्सव हमारे देश की जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने का एक प्रमुख मंच है: श्री अर्जुन मुंडा

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने आज झारखंड के जमशेदपुर में आदि महोत्सव - राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव - का उद्घाटन किया। यह विशाल कार्यक्रम 7 से 16 अक्टूबर 2023 तक जनजातीय मामलों के मंत्रालय के ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीआरआईएफईडी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि आदि महोत्सव हमारे देश की आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने का एक प्रमुख मंच है। उन्होंने महिला आदिवासी कारीगरों द्वारा अपनी कलाकृतियां बनाने के लाइव प्रदर्शन की सराहना की। मंत्री ने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को आदिवासी उत्पादों को प्रस्तुत करके लोकप्रिय बनाने के उनके दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री मुंडा ने आदि महोत्सव को हमारे आदिवासी पूर्वजों, विभिन्न अद्वितीय आदिवासी समुदायों की संस्कृति, उनकी जीवनशैली और स्वयं आदिवासियों के योगदान का उत्सव बताया। यह त्यौहार कारीगरों से मिलने, उनके जीवन के तरीके के बारे में जानने और आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने का अवसर प्रदान करता है। मंत्री ने कहा कि यह आदि महोत्सव 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को पूरा करता है।

आदिवासी उद्यमिता, शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और वाणिज्य का वार्षिक उत्सव, आदि महोत्सव, देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष यह महोत्सव विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और वन धन विकास केंद्र (वीडीवीके) लाभार्थियों सहित 336 आदिवासी कारीगरों और कलाकारों की प्रतिभा को उजागर करेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड के 30 कारीगरों के स्टॉल, लगभग 11 वीडीवीके के स्टॉल और 5 व्यंजन स्टॉल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 15 व्यंजन स्टालों सहित अन्य राज्यों के 68 कारीगरों के स्टालों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया जाएगा। यह कपड़ा, पेंटिंग, आभूषण, धातु, बेंत और बांस और व्यंजन जैसी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाला लाइव प्रदर्शन होगा।